वर्ष 73 ▸ अंक 109 ▸ पृष्ठ 12
रीवा, शुक्रवार 16 जनवरी, 2026
माघ कृष्ण पक्ष 13, विक्रम संवत् 2082
नगर ▸ मूल्य 5 रुपए

# दैनिक जागरण

www.dainikjagranmpcg.com

"सफल होने के लिए - एक कलाकार के पास - साहसी आत्मा होनी चाहिए। वह आत्मा जो हिम्मत करती है और चुनौती देती है।
- केट शोपे

इम्पैक्ट फीचर

## मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 'मध्यप्रदेश रीजनल एआई इम्पैक्ट कॉन्फ्रेंस में रणनीतिक रोड मेप को किया साझा

# अब प्रदेश के विकास और गवर्नेंस में दिखेगा एआई इम्पैक्ट

"मध्यप्रदेश के विजनरी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव नवाचार के लिए माने जाते हैं उन्होंने मप्र के समग्र विकास के लिए अब एआई को भी टूल के रूप में उपयोग करने का रास्ता खोल दिया है, जिसके जरिये जहां युवाओं को तकनीकी तौर पर सशक्त किया जाएगा वहीं इसके सहारे गुड गवर्नेंस और विकास के नये आयाम स्थापित किए जाएंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि राज्य सरकार एआई को नागरिक-केंद्रित, पारदर्शी और कुशल शासन की आधारशिला के रूप में स्थापित करने की दिशा में ठोस कदम उठा रही है। एआई आधारित प्रशासनिक व्यवस्था और प्रबंधन, तकनीक-प्रौद्योगिकी और अकादमिक क्षेत्र में एआई आधारित नवाचार विकसित भारत @ 2047 के लक्ष्य को प्राप्त करने में प्रभावी रूप से सहायक होंगे। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी हर क्षेत्र में भारत को आगे बढ़ाने के लिए कार्य कर रहे हैं। मध्यप्रदेश में भगवान श्रीकृष्ण का अध्ययन केंद्र और शंकराचार्य जी की साधना का केंद्र भी है। राज्य सरकार मानवीय संवेदनाओं के साथ आगे बढ़ रही है। राज्य सरकार सभी विभागों की जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए एआई का उपयोग कर रही है। एआई वर्तमान समय में शासन, उद्योग और समाज के लिए एक परिवर्तनकारी शक्ति है। हमारा राज्य जल्द ही एआई नीति भी लाएगा और एआई के लिए मिशन मोड पर व्यापक रूप से कार्य किया जाएगा। प्रदेश के माइनिंग और हेल्थ सेक्टर में एआई के उपयोग की बड़ी संभावनाएं हैं। मध्यप्रदेश अपार संभावनाओं वाला राज्य है, जिसमें आगे बढ़ने की पर्याप्त क्षमता है। विकसित भारत के लक्ष्य प्राप्ति में हमारी सरकार हर कदम पर प्रधानमंत्री श्री मोदी के विजन के अनुरूप कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव गुरुवार को भोपाल के ताज लेक फ्रंट में 'मध्यप्रदेश रीजनल एआई इम्पैक्ट कांफ्रेंस-2026' का शुभारंभ कर संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने एआई लिटरेसी मिशन के तहत फ्यूचर स्किल्स फॉर एआई पावर्ड भारत के लिए कौशल रथ को झंडी दिखाकर रवाना किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मध्यप्रदेश स्पेस टेक नीति-2026 लांच की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव की उपस्थिति में विभिन्न समझौता ज्ञापनों (एमओयू) का आदान-प्रदान हुआ। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उज्जैन सिंहस्थ-2028 के संचालन के लिए आयोजित उज्जैन महाकुंभ हैकाथॉन और मध्यप्रदेश इनोटेक प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया। अपर मुख्य सचिव विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी श्री संजय दुबे ने 'एआई फॉर पीपल, प्लेनेट एंड प्रोग्रेस-मध्यप्रदेश रोडमैप टू इंपैक्ट' पर राज्य का प्रमुख एआई विजन प्रस्तुत किया। एआई को राष्ट्रीय आंदोलन बनाने के उद्देश्य से एआई लिटरेसी मिशन के अंतर्गत आरंभ युवा एआई फॉर ऑल पर लघु फिल्म का प्रदर्शन किया गया। एम.पी. राज्य इलेक्ट्रॉनिक्स विकास निगम लिमिटेड के महाप्रबंधक श्री आशीष वशिष्ठ ने कॉन्फ्रेंस के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के अंतर्गत एमपीएसईडीसी प्रदेश में एआई इंफ्रॉस्ट्रक्चर स्थापित करने के लिए नोडल एजेंसी है।

## कौशल रथ के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों तक एआई जागरूकता



कॉन्फ्रेंस में राष्ट्रीय एआई साक्षरता कार्यक्रम पर केन्द्रित वीडियो का प्रदर्शन किया गया। इसमें बताया गया कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में भारत सरकार एआई साक्षरता को देश के कार्यबल और नागरिकों के लिए एक मूलभूत जीवन कौशल के रूप में विकसित करने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। भारत सरकार ने प्रत्येक नागरिक को एआई साक्षर बनाने और उन्हें आवश्यक तकनीकी कौशल से सशक्त करने के उद्देश्य से युवा एआई फॉर आल राष्ट्रीय अभियान प्रारंभ किया है। एआई साक्षरता मिशन से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को एक मूलभूत कौशल के रूप में विकसित किया जाएगा। मोबाइल एआई कंप्यूटर लैब (कौशल रथ) के माध्यम से यह पहल सरकारी स्कूलों, कॉलेजों, आईटीआई, शिक्षकों और शासकीय अधिकारियों तक एआई जागरूकता एवं प्रारंभिक प्रशिक्षण पहुँचाकर, विशेष रूप से ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में डिजिटल अंतर को कम करेगी। डिजिटल इंडिया, स्किल इंडिया और एनईपी-2020 के अनुरूप यह मिशन युवाओं को एआई-सक्षम कैरियर के लिए तैयार करने, नैतिक एवं जिम्मेदार एआई उपयोग को बढ़ावा देने और एआई आधारित शासन को सुदृढ़ करने का लक्ष्य रखता है।



## स्पेस टेक नीति : अंतरिक्ष आधारित अनुप्रयोगों को बढ़ावा देने की पहल

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रीजनल एआई इंपैक्ट कॉन्फ्रेंस में प्रदेश की स्पेस टेक नीति लांच की। उन्होंने कहा कि नीति राज्य को भारत के उभरते अंतरिक्ष क्षेत्र में एक अग्रणी और भविष्य-उन्मुख केंद्र के रूप में स्थापित करेगी। नीति के तहत स्पेस टेक स्टार्ट-अप्स, एमएसएमई और उद्योगों को वित्तीय, अवसंरचनात्मक और अनुसंधान सहयोग प्रदान कर कृषि, आपदा प्रबंधन, जल संसाधन एवं शहरी नियोजन जैसे क्षेत्रों में अंतरिक्ष-आधारित अनुप्रयोगों को बढ़ावा दिया जाएगा। यह नीति निवेश, नवाचार और राष्ट्रीय अंतरिक्ष पारिस्थितिकी तंत्र में मध्यप्रदेश की भूमिका को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

### नवाचार और कौशल विकास से जुड़े 7 एमओयू पर हुए हस्ताक्षर

मुख्यमंत्री डॉ. यादव की उपस्थिति में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा 6 समझौता ज्ञापन-यंगोवेटर (आंसर फाउंडेशन), सीईईडब्ल्यू (कॉउंसिल ऑन एनर्जी, एनवायरनमेंट एंड वॉटर), गूगल, नैसकॉम, एआईएसईसीटी और भाषिणी के साथ किए गए। ये समझौते शैक्षणिक संस्थानों में नवाचार एवं रोबोटिक्स को बढ़ावा देने, जलवायु परिवर्तन व सतत विकास से जुड़े क्षेत्रों में एआई आधारित शोध एवं निर्णय सहयोग विकसित करने, शासकीय विभागों में एआई और क्लाउड तकनीक के उपयोग को प्रोत्साहित करने, राज्य में एआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना एवं कौशल विकास को गति देने, राष्ट्रीय एआई मिशन से जुड़कर कंप्यूटर एवं डेटा संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने, ग्रामीण एवं वंचित क्षेत्रों में डिजिटल साक्षरता और एआई जागरूकता बढ़ाने और एआई आधारित शासन को सक्षम करने के उद्देश्य से किए गए हैं। इसके अलावा इंडिया एआई और तकनीकी शिक्षा,कौशल विकास एवं रोजगार विभाग के मध्य एक समझौता ज्ञापन हुआ। उच्च गुणवत्ता वाली एआई शिक्षा तक पहुंच को व्यापक बनाने के लिए इंडिया एआई मिशन देश के टियर-2 एवं टियर-3 शहरों में 570 डेटा एवं एआई लैब्स की स्थापना कर रहा है। तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग, मध्य प्रदेश सरकार के सहयोग से मध्यप्रदेश में 30 डेटा एवं एआई लैब्स स्थापित की जाएंगी।

मुख्यमंत्री जी के आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल्स - कृपया फॉलो करें

## मध्यप्रदेश इनोवेशन एक्सपो का हुआ शुभारंभ

कांफ्रेंस में मध्यप्रदेश इनोवेशन एक्सपो का शुभारंभ किया गया, जिसमें इंडिया एआई पेवेलियन, मध्यप्रदेश पेवेलियन, स्टार्ट-अप शोकेस शामिल रहे। एमपी पेवेलियन में प्रदेश सरकार की एआई आधारित नवाचार पहलें प्रदर्शित की गईं, जिनका उद्देश्य शासन को अधिक सटीक, पारदर्शी और परिणामोन्मुख बनाना है। राजस्व विभाग द्वारा SAARA-DCS ऐप में एआई के उपयोग से फसल छवियों की वास्तविक समय गुणवत्ता जाँच की जा रही है, वहीं मनरेगा के अंतर्गत एआई-चलित जिला प्रदर्शन रिपोर्ट प्रणाली से डेटा-आधारित निर्णय संभव हो रहे हैं। कृषि विभाग की AGRIGIS प्रणाली फसल पूर्वानुमान, फसल स्वास्थ्य निगरानी और बीमा दावा निपटान को सशक्त बना रही है। श्रम विभाग की एआई-सक्षम एलसीएमएस प्रणाली केस प्रबंधन और न्यायिक प्रक्रियाओं को स्वचालित कर रही है, जबकि मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा एआई आधारित स्मार्ट पुलिसिंग के माध्यम से अपराध नियंत्रण, जांच दक्षता और नागरिक सुरक्षा को मजबूती प्रदान की जा रही है। एमपी पेवेलियन ने मध्यप्रदेश को भविष्य-तैयार, डेटा-संचालित और नागरिक-केंद्रित शासन मॉडल के रूप में प्रस्तुत किया। इंडिया पेवेलियन में भारत के एआई इको सिस्टम की क्षमताओं को प्रदर्शित किया गया जहाँ देशभर के एआई स्टार्ट-अप एवं प्रमुख राष्ट्रीय एआई परियोजनाओं की प्रस्तुति दी गई। इस पेवेलियन ने नवाचार, अनुसंधान, स्टार्ट-अप संस्कृति और एआई के व्यावहारिक अनुप्रयोगों के माध्यम से भारत को एक उभरती हुई वैश्विक एआई शक्ति के रूप में प्रस्तुत किया।

## मप्र सरकार : एआई आधारित नवाचार

### राजस्व विभाग

#### डेटा गुणवत्ता एवं फील्ड सत्यापन के लिए एआई

**विवरण:** राजस्व विभाग द्वारा SAARA-DCS ऐप में एआई को एकीकृत किया गया है, जिससे खराब गुणवत्ता वाली फसल छवियों को वास्तविक समय में ब्लॉक किया जा सके। इससे सटीक और विश्वसनीय डेटा संग्रह सुनिश्चित होता है। इस प्रणाली का परीक्षण लगभग 20 लाख छवियों पर किया जा चुका है और इसे रबी 2025-26 से लागू किया जाएगा। यह पहल मैनुअल सत्यापन और विलंब को कम करते हुए शासन में स्केलेबल एवं एज-आधारित AI के उपयोग में मध्यप्रदेश को अग्रणी बनाती है।

### मनरेगा विभाग

#### प्रदर्शन प्रबंधन एवं निर्णय समर्थन हेतु एआई

**विवरण:** एआई चलित मनरेगा प्रणाली लाइव डेटा एवं भारित KPI के माध्यम से स्वचालित जिला प्रदर्शन रिपोर्ट तैयार करती है। इससे प्रगति और अंतराल पर स्पष्ट अंतर्दृष्टि प्राप्त होती है। यह प्रणाली मैनुअल विश्लेषण को वास्तविक समय की बुद्धिमत्ता से प्रतिस्थापित करती है, जिससे प्रशासकों को त्वरित एवं डेटा-आधारित निर्णय लेने में सहायता मिलती है। परिणामस्वरूप पारदर्शिता, जवाबदेही एवं कार्यक्रम की प्रभावशीलता में वृद्धि होती है।

### कृषि विकास विभाग

#### पूर्वानुमान विश्लेषण एवं जोखिम प्रबंधन विवरण

कृषि विभाग की I/ML आधारित AGRIGIS प्रणाली उपग्रह, CCE एवं मौसम डेटा के माध्यम से फसल उत्पादन का पूर्वानुमान लगाती है और वास्तविक समय में फसल स्वास्थ्य की निगरानी करती है। यह प्रणाली पीएमएफबीवाई के अंतर्गत त्वरित एवं पारदर्शी दावा निपटान को सक्षम बनाती है और मैनुअल सर्वेक्षण पर निर्भरता को कम करती है। इससे कृषि शासन अधिक डेटा-आधारित एवं स्केलेबल बनता है।

### श्रम केस प्रबंधन प्रणाली एलसीएमएस में एआई सक्षमीकरण

#### न्यायिक प्रक्रिया स्वचालन के लिए एआई

**विवरण:** श्रम विभाग द्वारा LCMS में एआई को एकीकृत किया गया है, जिससे केस ड्राफ्टिंग, केस सारांश एवं सुनवाई रिकॉर्ड का स्वचालन संभव हो सके। इससे दक्षता एवं सटीकता में सुधार, मैनुअल कार्यभार में कमी, त्वरित केस निपटान और अर्द्ध-न्यायिक प्रक्रियाओं में पारदर्शिता सुनिश्चित होती है। यह पहल समयबद्ध न्याय वितरण को सशक्त बनाती है।



### मप्र पुलिस एससीआरबी

#### स्मार्ट पुलिसिंग एवं अपराध खुफिया हेतु एआई

**विवरण:** मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा स्मार्ट पुलिसिंग को सशक्त बनाने के लिए विभिन्न एआई उपकरण अपनाए गए हैं, जिनमें ई-रक्षक ऐप, क्राइम इन्वेस्टिगेशन चैटबॉट, क्राइम एनालिटिक्स डैशबोर्ड, चेहरा पहचान तकनीक, टेक्स्ट- SQL बॉट्स एवं हीट-मैप विश्लेषण शामिल हैं। इन पहलों से जांच प्रक्रिया, गुमशुदा व्यक्तियों की खोज, वाहन बरामदगी तथा कानून-व्यवस्था प्रबंधन अधिक प्रभावी हुआ है, जिससे नागरिक सुरक्षा सुदृढ़ हुई है।

### मध्यप्रदेश वन विभाग

#### डिजिटल गवर्नेंस एवं स्मार्ट वन प्रबंधन

**विवरण:** वन विभाग द्वारा वन प्रशासन से जुड़ी प्रमुख सेवाओं का डिजिटलीकरण करते हुए एकीकृत ऑनलाइन प्रणालियाँ विकसित की गई हैं। फॉरेस्ट एप्लीकेशंस पोर्टल, ऑनलाइन नीलामी प्रणाली और जीआईएस आधारित अनापत्ति प्रमाण-पत्र (एनओसी) सेवाओं के माध्यम से पारदर्शिता, कार्यकुशलता और जवाबदेही को सुदृढ़ किया गया है। इन पहलों से डेटा-आधारित निर्णय संभव हुए हैं, संसाधनों का न्यायसंगत प्रबंधन सुनिश्चित हुआ है और नागरिकों को त्वरित और सुगम सेवाएँ प्राप्त हो रही हैं। यह पहल राज्य को प्रौद्योगिकी-सक्षम एवं भविष्य-उन्मुख शासन की दिशा में आगे बढ़ाती है।

### विभाग: मप्र राज्य इलेक्ट्रॉनिक्स विकास निगम लिमिटेड

#### डिजिटल गवर्नेंस एवं प्रौद्योगिकी सक्षमीकरण

**विवरण :** मध्यप्रदेश राज्य इलेक्ट्रॉनिक्स विकास निगम लिमिटेड राज्य में डिजिटल परिवर्तन की नोडल एजेंसी के रूप में कार्य कर रहा है। यह संस्था ई-गवर्नेंस, सूचना प्रौद्योगिकी अवसंरचना, डेटा केंद्र, क्लाउड सेवाएँ, साइबर सुरक्षा तथा कृत्रिम बुद्धिमत्ता, इंटरनेट ऑफ थिंग्स (IoT) और एनालिटिक्स जैसी उभरती प्रौद्योगिकियों के क्रियान्वयन का नेतृत्व कर रही है। इन पहलों के माध्यम से सार्वजनिक सेवा वितरण को अधिक पारदर्शी, प्रभावी और नागरिक-केंद्रित बनाया जा रहा है, जिससे विभिन्न विभागों में सुशासन को मजबूती मिल रही है।

## एआई से बनेंगे मास्टर प्लान और स्मार्ट सिटी की योजनाएं

नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा इन-हाउस कई डिजिटल उत्पाद विकसित किए गए हैं। इनमें GIS गरुड़ एक प्रमुख प्रणाली है, जो सैटेलाइट और GPS तकनीक के माध्यम से संपत्तियों का डिजिटल सर्वेक्षण करती है। इससे उन नागरिकों को भी लाभ मिलता है, जो स्वयं सामने आकर अपनी संपत्ति का पंजीकरण नहीं कर पाते। इसके साथ ही, संपत्तियों पर कर अधिरोपण की प्रक्रिया भी अधिक सुगम हो जाती है। स्मार्ट सिटी और मास्टर प्लान की अवधारणा में इस प्रणाली का व्यापक उपयोग किया जा रहा है। ई-नगरपालिका का मूल उद्देश्य यह है कि नागरिकों को मूल सेवाओं के लिए कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। यह एक GwC (Government to Citizen) सेवा है। वर्तमान में इसके अंतर्गत 8 मॉड्यूल और 22 सेवाएँ उपलब्ध हैं, जिन्हें नागरिक-केंद्रित बनाते हुए अधिकतम उपयोग के लिए प्रेरित किया जा रहा है। अमृत रेखा पोर्टल के माध्यम से पाइपलाइन, जल आपूर्ति और सुरक्षित पेयजल से संबंधित सभी जानकारी नागरिकों को उपलब्ध कराई जा रही है। इस पोर्टल के जरिए शासन और नागरिकों के बीच डेटा साझा किया जाता है, जिसके विश्लेषण के आधार पर जल आपूर्ति को और अधिक प्रभावी बनाया जा रहा है। व्हीकल फ्लीट मैनेजमेंट सिस्टम के माध्यम से संसाधनों के बेहतर अनुकूलन (ऑप्टिमाइजेशन) पर कार्य किया जा रहा है, जिससे ईंधन की खपत कम हो, प्रदूषण घटे और सेवाओं की पहुँच अधिक से अधिक नागरिकों तक सुनिश्चित हो सके। यह प्रणाली ऊर्जा दक्षता, प्रदूषण नियंत्रण और ग्रीन टेक्नोलॉजी पर आधारित है। नवाचार को बढ़ावा देते हुए विभाग द्वारा आधार-आधारित बायोमेट्रिक अटेंडेंस सिस्टम भी लॉन्च किया गया है, जिससे कर्मचारियों की कार्यक्षमता में वृद्धि हो और यह प्रक्रिया पूरी तरह स्वचालित हो सके।

मुख्यमंत्री जी का सम्बोधन सुनने के लिए स्कैन करें



कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) के क्षेत्र में नागरिक सेवाओं को और अधिक सशक्त बनाने के लिए चैटबॉट विकसित किया गया है, जिससे सेवाओं की सुलभता और नागरिक संतुष्टि में वृद्धि हो सके।
**अजय कुमार गोयल,** सहायक संचालक, नगरीय प्रशासन (आईटी प्रभार)

हम आज यहाँ Machine Avatars को प्रदर्शित कर रहे हैं, यह एक डिजिटल ह्युमन AI ChatBot है और जिसके माध्यम से आप 5 मिनिट में खुद का ChatBot बना सकते हैं अपने वेबसाइट, मोबाइल एप्स आदि के लिए हमने शासन की योजनाओं के लिए 14 ChatBot निर्मित किये हैं 10 मिनिट में, आप इनके माध्यम से बात करके शासन की योजनाओं की जानकारी, किसी वेबसाइट की जानकारी, शिक्षा, स्वास्थ्य इत्यादि के बारे में जानकारी ले सकते हैं।
**कुनाल तोमर, Machine Avatars**

### मध्यप्रदेश स्टार्ट-अप समिट

## मुख्यमंत्री ने मध्यप्रदेश स्टार्ट-अप समिट में उद्यमियों से किया संवाद




मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि युवाओं के विचारों और सपनों के अनुरूप व्यापार-व्यवसाय को गति देने के लिए राज्य सरकार सहयोग करने को सदैव तत्पर है। प्रदेश की स्टार्ट-अप नीति में सभी आवश्यकताओं और परिस्थितियों के अनुरूप व्यवस्थाएं की गई हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत @ 2047 की संकल्पना को साकार करने के लिए राज्य में सभी व्यवस्थाएं तदनुसार क्रियान्वित की जा रही हैं। प्रदेश के युवा अपनी पहल और नवाचार से देश ही नहीं विदेशों में भी अपना नाम और स्थान बना रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मध्यप्रदेश स्टार्ट-अप शिखर सम्मेलन में यह विचार व्यक्त किए। सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री श्री चैतन्य काश्यप तथा मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन साथ थे। अविष्कार कैपिटल के श्री विनित राय, इंश्योरेंस देखो के अंकित अग्रवाल, आईवीकैप वैंचर्स की सुश्री अंजू गुप्ता, मेडीदेवा टेक्नोलॉजी के डॉ. विशेष कासलीवाल, बेटी इनोवेटिव की संस्थापके सुश्री पूजा दुबे पांडे, आदि ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव को अपने स्टार्ट-अप के संबंध में अवगत कराया।

## एआई कांफ्रेंस में हुए तीन उच्चस्तरीय थीमैटिक सत्र

प्रथम थीमैटिक सत्र 'सभी के लिए तकनीक-आधारित सुशासन' में एआई एवं डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर के माध्यम से समावेशी शासन, अंतिम व्यक्ति तक सेवाओं की पहुँच और डीबीटी, कृषि, भाषा आधारित एआई और नागरिक सेवाओं जैसे उच्च प्रभाव वाले उपयोग मामलों पर चर्चा हुई। साथ ही प्लेटफॉर्म स्तर पर एआई क्रियान्वयन, जिम्मेदार एआई, डेटा गवर्नेंस और क्षमता निर्माण जैसे विषयों पर विचार-विमर्श किया गया।

द्वितीय थीमैटिक सत्र 'आर्थिक विकास एवं सामाजिक हित के लिए एआई' में एआई के माध्यम से आर्थिक वृद्धि, रोजगार सृजन और सामाजिक समावेशन पर केंद्रित था। इसमें एवीजीसी-एक्सआर, गेमिंग, आईटी/आईटीईएस, जीसीसी, ड्रोन जैसे उभरते क्षेत्रों में अवसरों, स्टार्टअप व उद्योग इकोसिस्टम, निवेश, नवाचार और नीति सहयोग पर चर्चा की गई।

तृतीय थीमैटिक सत्र 'रेज़िलिएंस, नवाचार एवं दक्षता' में मध्यप्रदेश को एआई एवं डेटा हब के रूप में विकसित करने के लिए भविष्य-तैयार डिजिटल एवं एआई इन्फ्रास्ट्रक्चर, डेटा सेंटर्स, साइबर सुरक्षा, डेटा संरक्षण, सॉवरेन एआई और पीपीपी आधारित सुरक्षित क्रियान्वयन मॉडल पर मंथन किया गया।



हमारा डिजिटल क्रॉप सर्वे प्रोजेक्ट है। इस प्रोजेक्ट के अंतर्गत हम हर खेत पर जाकर जियो-फेंसिंग (Geo-Fencing) के माध्यम से फोटो की गुणवत्ता सुनिश्चित करते हैं, ताकि कोई भी गलत गिरदावरी न कर सके। फसल सर्वेक्षण के दौरान संबंधित यूज़र को खेत पर जाना होता है और हम यह सुनिश्चित करते हैं कि फोटो और डेटा मल्टीपल चैनलों के माध्यम से सत्यापित (मैच) हों।

"इस नवीन तकनीक के माध्यम से हम यह सुनिश्चित करते हैं कि फसल की हर फोटो सबूत के रूप में उपलब्ध हो, जिससे हम डेटा की गुणवत्ता को प्रभावी रूप से सुनिश्चित कर पाते हैं।
**श्री ब्रजेश नामदेव,** राजस्व निरीक्षक, राजस्व विभाग

D-16147/25

अंडर-19 विश्व कपः अमेरिका को हराकर भारत ने किया विजयी आगाज (पेज : 11)



## मिहिरसेन तरणताल एवं अटल पार्क का महापौर ने लिया जायजा



**जागरण, रीवा।** महापौर अजय मिश्रा बाबा ने गुरुवार को मिहिरसेन तरणताल एवं अटल पार्क का भ्रमण कर जायजा लिया। भ्रमण के दौरान महापौर ने मिहिरसेन तरणताल परिसर में व्यवस्थाओं का समुचित रखरखाव सुनिश्चित करने एवं निर्माणाधीन कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्ता के साथ शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इसके साथ ही आवश्यक सुधार कार्यों को भी शीघ्र पूर्ण करने को कहा। महापौर ने अटल पार्क में नागरिकों की सुविधा एवं सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए लाइटिंग व्यवस्था सुदृढ़ करने, सीसीटीवी कैमरे स्थापित करने तथा पार्क के सौंदर्यीकरण हेतु हरियाली, पाथवे एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं के विकास के निर्देश दिए। भ्रमण के दौरान प्रभारी कार्यपालन यंत्री एचके त्रिपाठी, सिद्धार्थ सिंह एवं सहायक यंत्री एसके गर्ग, अभिनव चतुर्वेदी सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।


शासन द्वारा मान्यता प्राप्त

कामता सोनोग्राफी सेन्टर (अल्ट्रासाउण्ड)

डॉ. रश्मी शुक्ला

M.D. (Radio Diagnosis) G.S.V.M. Medical College Kanpur
Ex. J.R. AIIMS New Delhi
Ex. Consultant Radiologist Alpha Imaging & MRI Kanpur
Ex. Consultant Radiologist Noble Hospital Kanpur

ए-ब्लॉक, समदड़िया सेन्टर प्वाइन्ट, न्यू बस स्टैण्ड, रीवा (म.प्र.) 07662-451599,9399312433


## सीवरेज लाइन डालने वार्ड 37 में खोदी सड़क

### आना-जाना हुआ बंद, पैदल निकल पा रहे लोग



**जागरण, रीवा।** पिछले वर्ष से शहर में चल रहा सीवरेज लाइन का कार्य इस वर्ष भी लगातार जारी है। मंद गति से व एक ही वार्ड में एक से अधिक बार सीवरेज लाइन डाले जाने के कारण लोगों की परेशानी खत्म होने का नाम नहीं ले रही। शहर के वार्ड 37 में एक बार सीवरेज लाइन के लिए सड़क खोदी जा चुकी है, अब सीवरेज लाइन में पाइप डालने के लिए फिर से सड़कका खनन कर दिया गया है। गुरुवार को सड़क की खोदाई का काम चालू रहा, जिससे रास्ता बंद हो गया, लोग सिर्फ पैदल निकल पा रहे थे, जबकि वाहन चालकों को घूमकर निकलना पड़ रहा था।

## शहर के वार्डों में जगह-जगह पड़े कचरे के ढेर

### वार्ड 36, 44 व 27 से नहीं उठाया गया कचरा, मुंह मारते रहे आवारा मवेशी, श्वान




**जागरण, रीवा।** नगर निगम के पास शहर कके वार्डों की संख्या अनुसार ही कचरा वाहन उपलब्ध है, कचरा वाहनों को संबंधित वार्ड में सुबह, दोपहर व शाम को भी कचरा उठाने के निर्देश दिए गए हैं, किन्तु धरातल में शहर के वार्डों में कचरा कागजों पर ही एकत्रित किया जा रहा है, शहर के कई वार्डों में गुरुवार को कचरे के ढेर यथावत देखने को मिले, दोपहर तक तो इन ढेरों को नहीं उठाया गया था। वार्ड 27 रानी तालाब क्षेत्र में वार्ड सहित वार्ड 28 व 37 का भी कचरा डाला जाता है। गुरुवार को यहां कचरा पॉइंट पर अच्छा खासा कचरे का ढेर देखने को मिला, यहां के रहवासियों ने बताया कि कचरा तो नियमित नहीं उठता नालियां भी सफाई के अभाव में बजबजा रही हैं। वहीं वार्ड 36 में दो-तीन स्थानों पर कचरे का ढेर पड़ा रहा, गुढ़ चौराहा स्थित डाइट के सामने कचरे का ढेर लगा रहा, छोटी पुल के समीप कबाड़ी मोहल्ले से भी कचरे का उठाव नहीं करवाया गया। शहर में जगह-जगह लगे रहे कचरे के ढेरों में दिनभर आवारा मवेशी व श्वान मुंह मार कचरे को बिखेरते रहे। वार्ड के रहवासियों ने बताया कि कचरा वाहनों को वार्डों में नियमित आकर कचरा उठाव कार्य करना है, किन्तु वार्ड में एक समय भी कचरा वाहन नहीं आ पाता, जिस कारण कचरा वार्डों में ही पसरा रहता है।

## भगवान महामृत्युंजय को शिव बारात का दिया आमंत्रण



**रीवा।** शिव बरात आयोजन एवं जनकल्याण समिति रीवा द्वारा महाशिवरात्रि पर्व के अवसर स्थानीय पंचमठ आश्रम में 15 फरवरी को आयोजित शिव-पार्वती विवाह एवं विशाल भण्डारा कार्यक्रम का आमंत्रण महामृत्युंजन भगवान किला रीवा में पहुँचकर पूजा-अर्चना के साथ दिया गया। बैण्ड बाजा एवं दुपहिया वाहनों के साथ शिव आह्वान रैली व्यंकट रोड रीवा स्थित रीवा मार्केट से निकाली गई जो कि उपरहटी स्थित किला पहुँची जहां पर महामृत्युन्जय भगवान की पूजा अर्चना के साथ शिव बरात हेतु आमंत्रण पत्र प्रदान किया गया। किला परिसर में उपस्थित आम जनमानस एवं ग्रामीण क्षेत्रों से आये हुए दर्शनार्थियों को भी शिव-पार्वती विवाह एवं विशाल भण्डारा के कार्यक्रम में शामिल होकर भण्डारा प्रसाद ग्रहण करने का आमंत्रण दिया गया। आमंत्रण रैली में समिति के अध्यक्ष मनीष गुप्ता, उपाध्यक्ष कमलेश अग्रवाल, सचिव प्रतीक मिश्रा, डॉ. विनोद श्रीवास्तव,संतोष गुप्ता, सुमित गुप्ता, राजेन्द्र निगम, विनोद गुप्ता सुरेश राय, सुरेश विश्नोई, प्रतीक पाण्डेय, रमाकांत पुरवार, कृष्णा सोनी, मनीष गुप्ता मंटू, निक्की मोदनवाल, राहुल गुप्ता, मोहित मिश्रा, राजेश भल्ला, ओम प्रकाश मिश्रा गुरू, शशि गुप्ता, वंदना गुप्ता, प्रेम मोदनवाल, हरीश मोदनवाल, ईशू अग्रवाल, मोहित अग्रवाल, सुमित अग्रवाल, अतिशय जैन सहित अन्य शिवभक्त शामिल रहे।

## रीवा-मऊगंज जिले में मां के नाम 900 बगिया लगाने का था लक्ष्य, 815 ही लगी

### 20.53 करोड़ की लागत से लगानी थी बगिया

जागरण, रीवा

फलोद्यान को बढ़ावा देने सरकार द्वारा एक बगिया मां के नाम योजना का क्रियान्वयपन किया। योजना के तहत स्वसहायता समूहों के सदस्यों को कम से कम आधा एकड़ में फलदार पौधे लगाना था। योजना के तहत रीवा व मऊगंज जिले में 20.53 करोड़ की लागत से 900 बगिया लगायी जानी थी। विभागीय दावों की माने तो रीवा और मऊगंज जिले में 815 एक बगिया मां के नाम से लगाई गई है जिन पर काम चल रहा है। बता दें कि रीवा में 600 और मऊगंज में 300 बगिया लगायी जानी थी। लक्ष्य के विपरीत रीवा में 542 और मऊगंज में 273 बगिया पर काम चल रहा है।

### कहां कितनी लगी बगिया

| जनपद | लक्ष्य | बगिया | राशि लाख में |
|---|---|---|---|
| त्योंथर | 100 | 88 | 200.29 |
| गंगेव | 100 | 89 | 201.62 |
| रीवा | 100 | 88 | 225.88 |
| सिरमौर | 100 | 100 | 239.17 |
| रायपुर कर्चु | 100 | 91 | 186.75 |
| हनुमना | 100 | 89 | 244.93 |
| नईगढ़ी | 100 | 85 | 267.45 |
| मऊगंज | 100 | 99 | 252.99 |

### कलेक्टर ने बिहरा में देखी हकीकत



कलेक्टर प्रतिभा पाल ने गुरुवार को रीवा जनपद के बिहरा गांव में स्वसहायता समूह की सदस्यों सरस्वती साकेत एवं कमला साकेत के खेत में पहुंचकर फलोद्यान पौधरोपण का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि एक बगिया मां के नाम योजना सीमित संसाधन से आय ले रहे हितग्राहियों के लिए लाभप्रद है।

कलेक्टर ने हितग्राही से संवाद करते हुए फलोद्यान पौधरोपण के संबंध में जानकारी प्राप्त की। माया स्वसहायता समूह की सदस्य सरस्वती साकेत ने बताया कि आधा एकड़ जमीन में 50 आम के पेड़ लगाए गए हैं। जिनमें दशहरी, आम्रपाली तथा सुंदरजा आदि प्रजातियाँ शामिल हैं। उन्होंने बताया कि गेंहू की फसल के बगल में पौधे लगाए गए हैं। इस अवसर पर बताया गया कि बिहरा गांव में स्वसहायता समूह से जुड़ी महिलाएं लखपति दीदी की श्रेणी में हैं जिनकी खेती, किराना एवं सिलाई के कार्य से एक लाख रुपए तक की आमदनी है। भ्रमण के दौरान सीईओ जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर ने बताया कि स्वसहायता समूह के सदस्यों को सीएलएफ से ऋण की भी सुविधा है। एक बगिया माँ के नाम योजना में पौधरोपण के लिए स्थल चयन कर जल की उपलब्धता का आकलन करते हुए फैंसिंग एवं पौधों को क्रय करने के लिए हितग्राही को राशि दी जाती है। इस अवसर पर सीईओ जनपद रीवा पूनम दुबे, जिला पंचायत नरेगा प्रभारी शिवकुमार सोनी सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## ज्योतिष पंचांग सनातन की सबसे प्राचीन विरासतः डॉ सीबी शुक्ल

### हिन्दू धर्म परिषद की विचार गोष्ठी में मंथन विमर्श




**जागरण, रीवा।** ब्रह्माकुमारी कला-संस्कृति प्रभाग के आमंत्रण पर हिन्दू धर्म परिषद के तत्वाधान में शांतिधाम सभागार में प्रकाण्ड ज्योतिषियों और पंडितों के साथ कलम परिवार के रचनाकारों ने मकर संक्रांति सूर्य नववर्ष के स्वागत में आयोजित विचार गोष्ठी में मंथन विमर्श में अपने सारगर्भित विचार रखे। साथ ही कवियों ने अपने काव्य पुष्पों से नववर्ष का स्वागत किया। मुख्य अतिथि के रूप में संजय गांधी अस्पताल के पूर्व संचालक डॉ सी बी शुक्ला ने अपने उद्बोधन में कहा कि हिन्दू धर्म परिषद का आयोजन धर्म-सनातन को पुनर्स्थाथापित करने का सद्प्रयास है जो आने वाले समय की दिशा को निर्धारित करेगा। ज्योतिष पंचाग भारतीय संस्कृति-धर्म-सनातन की सबसे प्राचीन विरासत है जिसकी प्रमाणिकता पर कोई संदेह नहीं है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति एन.पी.पाठक ने कहा कि सारा विश्व भारतीय पंचाग की सत्यता का लोहा मानता है। विशिष्ट अतिथि डॉ विनोद तिवारी ने बताया कि भारतीय संस्कृति के सोलहवें संस्कारों की तिथियाँ पंचाग द्वारा निकाली जाती है। मुख्य वक्ता प्रसिद्ध ज्योतिषी डॉक्टर आरपी जोशी ने बताया कि भारतीय पंचाग में आने वाले सैकड़ो वर्षों की तिथियॉ पूर्व से ही निकाली जा सकती है। पं. अवनीश शर्मा ने बताया धर्म को पंचाग द्वारा स्थापित और निर्धारित करने की अपार शक्ति है। ज्योतिष विद डॉ संदीप शुक्ला ने बताया कि सूर्य नववर्ष की मान्यताओं के पालन के साथ प्रचारित करने का भी दायित्व उठाना होगा। इस अवसर पर डॉक्टर राम सरोज द्विवेदी शांति दूत और मानस मंडल के इंजी.संग्राम सिंह ने रामायण की चौपाइयों के माध्यम से गाकर संक्रांति नववर्ष का महत्व बताया। अतिथियों का स्वागत हिंदू धर्म परिषद के संस्थापक नारायण डिगवानी संरक्षक अवधेश श्रीवास्तव इंजीनियर राजेश श्रीवास्तव और अध्यक्ष उमेश कुशवाहा ने किया, आभार प्रदर्शन शांति धाम की संचालिका बीके लता ने व मंच संचालन कलम परिवार के अध्यक्ष नागेंद्र मिश्रा मणि ने किया। इस अवसर पर बघेली कवि रघुनाथ भ्रमण का उनके साहित्य सेवाओं के निमित्त साल्ट श्रीफल और स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यकारी अध्यक्ष ममता नरेंद्र सिंह ने बधाई देकर विषय प्रवेश कराया। वक्ताओं के विचार मंथन के साथ विन्ध्य काव्य साहित्य परिषद कलम परिवार के रचनाकार सदस्यों में शकुंतला मिश्रा, जाम रीवानी, डॉ. शिवानन्द तिवारी, पीयूष मिश्रा, अवध बिहारी पाण्डेय 'अवध', रामकृष्ण द्विवेदी, अमित द्विवेदी, रश्मी शुक्ला, स्नेहा त्रिपाठी, सुलेखा पटेल, श्वेता तिवारी, आशीष खरे, जावेद सौदागर, हसमत रीवानी, राम सुंदर द्विवेदी, मृत्युंजय मिश्रा, किरण मिश्रा आदि ने अपनी रचनाओं से नव वर्ष का स्वागत किया मिष्ठान वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम के अंत में हिंदू धर्म परिषद एवं उपस्थित अतिथियों द्वारा संरक्षक रिटायर आरटीआई सुरेंद्र कुमार मिश्रा के निधन पर 2 मिनट का मौन रखकर शोक श्रद्धांजलि अर्पित की गयी।

## रीवा मार्केट में निःशुल्क कोचिंग सेन्टर का शुभारंभ



**रीवा।** मकर संक्रांति पर्व के अवसर पर शिव बारात आयोजन एवं जनकल्याण समिति रीवा द्वारा व्यंकट रोड स्थत रीवा मार्केट में कक्षा 01 से 08 तक के गरीब बच्चों के लिए निःशुल्क कोचिंग सेन्टर का शुभारभ डॉ. विनोद श्रीवास्तव एवं समिति के अध्यक्ष मनीष गुप्ता ने किया। निःशुल्क कोचिंग सेन्टर में कक्षा 01 से 08 तक के सभी विषयों तथा हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम से सम्पन्न होने वाली प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारियों के सदर्भ में जानकारी प्रदान की जायेगी। कोचिंग सेन्टर का प्रभारी सूचेन्द्र शुक्ला को बनाया गया है। प्रवेश संबंधी तथा अन्य जानकारी मोबाइल नम्बर 8920393573 पर प्राप्त की जा सकती है। इस अवसर पर समिति के उपाध्यक्ष कमलेश अग्रवाल, सचिव प्रतीक मिश्रा, संतोष गुप्ता, सुमित गुप्ता, राजेन्द्र निगम, प्रतीक पाण्डेय, सूचेन्द्र शुक्ला सर, विनोद गुप्ता सुरेश राय, सुरेश विश्नोई, रमाकांत पुरवार, कृष्णा सोनी, मनीष गुप्ता मंटू, निक्की मोदनवाल, राहुल गुप्ता, मोहित मिश्रा, राजेश भल्ला, ओम प्रकाश मिश्रा गुरू, शशि गुप्ता, वंदना गुप्ता, प्रेम मोदनवाल, हरीश मोदनवाल, ईशू अग्रवाल, मोहित अग्रवाल, सुमित अग्रवाल, सहित बहुत से बच्चे एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## संकल्प से समाधान अभियानः 197 आवेदन पत्र दर्ज

**रीवा।** आमजनता के आवेदन पत्रों का निराकरण करने तथा विकास योजनाओं की पात्रता के अनुसार आवेदन पत्र भरवाने के लिए संकल्प से समाधान अभियान चलाया जा रहा है। जिले भर में यह अभियान 12 जनवरी से 31 मार्च तक चार चरणों में चलाया जा रहा है। अभियान के प्रथम चरण में नगरीय निकायों तथा ग्राम पंचायतों में शिविर लगाकर आमजनता से आवेदन पत्र प्राप्त किए जा रहे हैं। इस संबंध में कलेक्टर प्रतिभा पाल ने बताया कि अब तक संकल्प से समाधान शिविरों में आमजनता से 197 आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं। विकासखण्ड जवा में 135, विकासखण्ड रीवा में 15, नगर निगम रीवा में 14, विकासखण्ड सिरमौर में 11, विकासखण्ड गंगेव में 10, विकासखण्ड त्योंथर में 3 तथा नगर परिषद बैकुण्ठपुर में 9 आवेदन पत्र दर्ज किए गए हैं। इन आवेदन पत्रों का निराकरण भी किया जा रहा है।

## आयुर्वेद कॉलेज में सीपीआर वर्कशॉप का आयोजन

### 'जागरुकता हर घर तक, सुरक्षा हर दिल तक'



**रीवा।** जनसामान्य में जीवनरक्षक तकनीकों के प्रति जागरुकता बढ़ाने के उद्देश्य से फेस संस्था द्वारा गुरुवार को शासकीय आयुर्वेद कॉलेज, रीवा में सी.पी.आर. (कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन) आधारित वर्कशॉप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कॉलेज के प्राचार्य दीपक कुलश्रेष्ठ विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने फेस संस्था के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि सीपीआर जैसी जीवनरक्षक तकनीक का ज्ञान प्रत्येक व्यक्ति के लिए अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि समय पर दी गई सही सहायता किसी की भी जान बचा सकती है। वर्कशॉप में फेस संस्था की मास्टर ट्रेनर डॉ. प्रतिभा चतुर्वेदी द्वारा सीपीआर की महत्ता, आपातकालीन परिस्थितियों में उसकी भूमिका एवं सही विधि की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही उन्होंने सीपीआर का प्रैक्टिकल डेमो भी प्रस्तुत किया, जिससे प्रतिभागियों को वास्तविक स्थिति में सहायता करने की समझ विकसित हुई। कार्यक्रम में फेस संस्था की ओर से डिप्टी मैनेजर/एच.आर. मैनेजर जितेन्द्र गर्ग, एच.आर. एग्जीक्यूटिव प्राची मिश्रा एवं प्रवीण मिश्रा भी उपस्थित रहे। सभी ने संस्था के निरंतर चल रहे सीपीआर जन-जागरूकता अभियान की जानकारी साझा की।

## ब्लॉक स्तरीय खेलों एम.पी.यूथ गेम्स का आयोजन



**रीवा।** खेल और युवा कल्याण विभाग के तात्वाधान में आयोजित खेलों एम.पी.यूथ गेम्स कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में ब्लॉक स्तरीय खेलो का आयोजन 13 से 15 जनवरी के मध्य किया गया, इस अवसर पर विद्यालयों एवं खेल सेन्टरों के बालक/बालिकाओं ने भाग लिया। खेलों एम.पी.यूथ गेम्स में रीवा विकासखण्ड में 19 खेलों का आयोजन में ब्लॉक, स्तर पर किया गया, जिसमें एथलेटिक्स, बैडमिन्टन, बॉक्सिंग, जूडो, खो-खो, तैराकी, वेटलिफ्टिंग, कुश्ती, टेबल-टेनिस, योगासन, टेनिस, शतरंज,बास्केटबॉल, फुटबॉल, कबड्डी, वालीबॉल, क्रिकेट, पारंपरिक खेल पिट्ठू एवं रस्साकसी, थ्रो-बॉल खेल में चयन किये गये है, खिलाड़ी अपना पंजीयन ब्लॉक, स्तर से करेंगे। एम.के.धौलपुरी, संभागीय खेल और युवा कल्याण अधिकारी द्वारा जानकारी देते हुये बताया कि ब्लॉक स्तरीय आयोजन के चयनित खिलाड़ी 17 से 20 जनवरी तक जिला स्तरीय आयोजन में भाग लेंगे, जिसमें विकासखण्ड, रीवा, सिरमौर, रायपुर कर्चु., त्योथर, गंगेव एवं जवा के चयनित खिलाड़ी शामिल होंगे।

## बंद हो आउटसोर्स भर्ती, ठेकेदार कर रहे कर्मियों का शोषण




### नगर निगम श्रमिक कर्मचारी परिषद ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**जागरण, रीवा।** नगर निगम श्रमिक कर्मचारी परिषद एवं भारतीय सफाई मजदूर संघ ने 7 सूत्रीय मांगों को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में कहा गया है कि प्रदेश सरकार द्वारा नगर निगम, नगर पालिका, नगर परिषद, नगर पंचायत एवं समस्त विकित्सालयों के साथ सभी विभागों में दैनिक वेतन भोगी एवं कार्यभारी, अंशकालिक इत्यादि सभी प्रकार की भर्ती पर रोक लगाकर यह कार्य बड़ी कंपनियों एवं ठेकेदारों को सौंपा जा रहा है। ठेकेदारों एवं कंपनियों द्वारा कर्मचारियों की भर्ती आउटसोर्स (ठेका प्रथा) तहत किये जाने के कारण श्रमिकों का शोषण हो रहा है। इससे सफाई कर्मचारियों की स्थिति अत्यंत ही गंभीर है और श्रमिकों एवं कर्मचारियों में भारी आकोश व्याप्त है। ज्ञापन में मांग की गई है कि कर्मचारियों को वर्ष 2005 से बंद पेंशन को पूर्व की तरह बहाल किया जाय। अनुकंपा नियुक्ति का लाभ पूर्व की भांति प्रदान किया जाय। दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों की भर्ती पहले की भांति करते हुए नियमितिकरण का लाभ दिया जाय। ठेकेदारों द्वारा शोषण रोकने हेतु ठेका प्रथा (आउटसोर्स) की भर्ती पर तत्काल रोक लगाई जाय। पूर्व की भांति दैनिक वेतन भोगी (मस्टर) के रूप में पूर्ववत की जाय। ज्ञापन सौंपते वक्त नगर निगम सफाई कामगार अध्यक्ष सीताराम चमकेल, सफाई कामगार अध्यक्ष अमर नाहर, भारतीय मजदूर संघ के अध्यक्ष बुद्ध सिंह करोसिया, सुनील चुटेले, सुनील भोंगरे, हरिशंकर समुद्रे, विनोद बैरिया, अमित समुद्रे, वीरेंद्र करोसिया, सोनू वाल्मिक, आनंद चमकेल, राजू समुद्रे, आशीष भारती, प्रमोद सिगोते, गया प्रसाद, राजेश सिगोते, शिवेंद्र पांडे, संजय गांधी आउटसोर्स के दीपक समुद्रे, विपिन पांडे, एवं संगठन के अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## कचरे से कला निर्माण के विभिन्न तरीकों की दी गई जानकारी

### हाईफीड संस्था ने दिये प्रशिक्षणार्थियों को लाभ अर्जित करने के टिप्स



**जागरण, रीवा।** स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 के तहत नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के संयुक्त तत्वावधान में स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) 2.0 के अंतर्गत स्वच्छता नॉलेज पार्टनर संस्था हिमालयन इंस्टीट्यूट फॉर एनवायरनमेंट, इकोलॉजी एंड डेवलपमेंट (हाईफीड) द्वारा नगर निगम रीवा के मीटिंग हॉल में स्व-सहायता समूह के सदस्यों हेतु वेस्ट टू आर्ट एंड थ्रीआर प्रैक्टिस विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत हाईफीड संस्था के प्रतिनिधि दर्पण चौबे द्वारा की गई। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य कचरे से कला सृजन कर आर्थिक लाभ अर्जित करने के लिए प्रतिभागियों को उपयोगी आइडिया एवं टिप्स प्रदान करना है। तैयार उत्पादों के प्रचार-प्रसार हेतु सोशल मीडिया का प्रभावी उपयोग किया जाना चाहिए तथा गूगल, मीशो, अमेज़न, फ्लिपकार्ट आदि प्लेटफॉर्म पर पंजीयन कर उत्पादों को व्यापक बाजार उपलब्ध कराया जा सकता है। प्रतिभागियों द्वारा अवगत कराया गया कि रीवा में प्रत्येक मंदिर के सामने निर्माल्य कलश रखे गए हैं, जिनमें फूल एवं अन्य वेस्ट सामग्री एकत्रित की जा रही है। जिससे फूलों से अगरबत्ती, धूप एवं खाद बनाया जाता है। हाईफीड संस्था के विषय विशेषज्ञ अंकित द्विवेदी द्वारा कचरे से कला निर्माण के विभिन्न तरीकों की जानकारी दी गई। उन्होंने फूलों से अगरबत्ती निर्माण, सब्जी मंडी के कचरे से खाद बनाना तथा घरेलू अपशिष्ट जैसे प्लास्टिक बोतलें, गत्ता, थर्माकोल, पुराने अखबार, पुरानी चूड़ियाँ, पुराने कपड़े आदि से आकर्षक खिलौने एवं सजावटी सामग्री तैयार करने की प्रक्रिया समझाई। इसके साथ ही पॉलीथीन एवं पाउच कचरे से नई वस्तुओं के निर्माण द्वारा पर्यावरण संरक्षण के उपायों पर भी चर्चा की गई। हाइफीड संस्था के प्रतिनिधि संदीप सोनी द्वारा प्रतिभागियों को थ्री-आर (रिड्यूस, रियूज, रीसाइकिल) की आवश्यकता, इसके लाभ एवं इसके प्रभावी क्रियान्वयन के तरीकों की जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि थ्री-आर प्रैक्टिस के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण में नागरिक किस प्रकार अपना योगदान दे सकते हैं। रिड्यूस में अनावश्यक उपयोग को कम, रियूज के अंतर्गत किन वस्तुओं का पुनः उपयोग संभव है तथा कचरे के रीसाइक्लिंग में महिलाओं की भूमिका क्या हो सकती है। इन सभी विषयों को उदाहरण सहित स्पष्ट किया गया। साथ ही कूड़ा एवं कचरे के अंतर, कचरे के प्रकार, कचरा कम करने, पुनः उपयोग एवं रिसाइक्लिंग की प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर ई-कचरे के निपटान से संबंधित एक लघु फिल्म भी प्रदर्शित की गई। कार्यक्रम में नगर निगम से सिटी मिशन मैनेजर प्रीती रोचलानी, एसबीएम सहायक नोडल अपूर्वा चतुर्वेदी तथा हाईफीड संस्था के प्रतिनिधि संदीप सोनी उपस्थित रहे। प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुल 50 प्रतिभागियों ने सहभागिता की।

## शिकायतकर्ताओं पर भी शासकीय जमीन पर कब्जा करने का आरोप

**जागरण रीवा।** बक्छेरा सीता टोला स्थित मंदिर की जमीन पर अवैध कब्जे का मामला लगातार उलझता जा रहा है। शासकीय जमीन पर कब्जा करने का आरोप जिन पर लगाया गया था उन्होंने भी शिकायतकर्ताओं पर वहीं पर शासकीय जमीन पर कब्जा किए जाने का आरोप लगाते हुए संभागायुक्त से शिकायत की है। बक्छेरासीता टोला निवासी विवेक तिवारी पिता इंद्रपाल तिवारी द्वारा संभागायुक्त से की गई शिकायत में बताया गया है कि बक्छेरा निवासी काशीनाथ तिवारी एवं रजनीश तिवारी द्वारा की गई शिकायत की तहसीलदार द्वारा जांच कराई गई और पटवारी द्वारा की गई नाप के बाद प्रतिवेदन में सपष्ट उल्लेख किया गया है की बाउंड्री निर्माण से कोई रास्ता आभूषण नहीं है। शिकायत में बताया गया है कि काशीनाथ एवं रजनी तिवारी द्वारा स्वयं मंदिर की भूमि में अतिक्रमण किया गया है और कई वर्षों से वहां पर अवैध कब्जा कराया जा रहा है।




# दैनिक जागरण

वर्ष 73 ▸ अंक 109 ▸ पृष्ठ 12
रीवा, शुक्रवार 16 जनवरी, 2026
▸ माघ कृष्ण पक्ष 13, विक्रम संवत् 2082
▸ नगर ▸ मूल्य 5 रुपए
www.dainikjagranmpcg.com


**1.5 करोड़ श्रद्धालुओं ने लगाई डुबकी:** देशभर के कई हिस्सों में गुरुवार को मकर संक्रांति मनाई गई। संक्रांति पर गंगा, यमुना, नर्मदा, क्षिप्रा समेत सभी प्रमुख नदियों के तटों पर करीब 1.50 करोड़ लोगों ने डुबकी लगाई। तस्वीर में प्रयागराज माघ मेले के दौरान डुबकी लगाते श्रद्धालु।

## संक्षिप्त खबरें

### हैदराबादः मंदिर में तोड़फोड़ पथराव, 2 पुलिसकर्मी घायल

**हैदराबाद, जेएनएन।** हैदराबाद के पुरानापुल इलाके में बुधवार रात मंदिर में तोड़फोड़ की घटना सामने आई। मुर्ती को नुकसान पहुंचाया गया। एक बैनर फाड़ने की कोशिश की गई, जिसके बाद इलाके में विरोध प्रदर्शन हुआ। प्रदर्शन दौरान पथराव, वाहन जलाने और पास की एक दरगाह को नुकसान पहुंचाने की घटनाएं हुईं। पुलिस ने दो अलग-अलग केस दर्ज किया है। बुधवार रात करीब 11.30 बजे मंदिर में मूर्तियों के क्षतिग्रस्त होने और बैनर फाड़ने की कोशिश की सूचना मिली। इसके बाद स्थानीय लोग मंदिर के पास जुटने लगे। नारेबाजी के साथ विरोध शुरू हुआ और कुछ ही देर में भीड़ बढ़ गई। विरोध प्रदर्शन के दौरान भीड़ ने पथराव किया। इसमें दो पुलिसकर्मियों को चोटें आईं। इसी दौरान एक दोपहिया वाहन को आग के हवाले कर दिया गया।

### एसआईआरः बंगाल और गोवा में तारीख बढ़ाई

**नई दिल्ली।** भारत निर्वाचन आयोग ने गोवा, लक्षद्वीप, राजस्थान, पुदुचेरी और पश्चिम बंगाल में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत मतदाता सूची में दावा एवं आपत्ति दर्ज करने की अवधि को बढ़ा दिया है। आयोग ने मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को जारी निर्देश में स्पष्ट किया है कि 01 जनवरी 2026 को अर्हता तिथि मानते हुए यह संशोधन प्रक्रिया अब 19 जनवरी 2026 तक चलेगी। आयोग ने पत्र जारी कर यह सूचना दी है। निर्वाचन आयोग ने मुख्य कार्यकारी अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे दावा एवं आपत्ति की बढ़ी हुई अवधि के बारे में व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करें। सभी संबंधित अधिकारियों को निर्धारित समय-सारिणी का कड़ाई से पालन करने का आदेश दिया गया है। मुख्य निर्वाचन अधिकारियों के अनुरोधों और अन्य प्रासंगिक कारकों पर विचार करने के बाद आयोग ने इस विस्तार को मंजूरी दी है।

### संपत्ति विवादः प्रिया ने मांगे तलाक के पेपर

**नई दिल्ली, जेएनएन।** बॉलीवुड एक्ट्रेस करिश्मा कपूर से ज्यादा उनके बच्चे चर्चा में हैं। करिश्मा के बच्चों समायरा और कियान अपने पिता की सम्पत्ति में हिस्सा पाने के लिए कोर्ट में लड़ाई लड़ रहे हैं। करिश्मा के एक्स हस्बैंड संजय कपूर के निधन के बाद ये पारिवारिक लड़ाई कोर्ट के गलियारों तक आ पहुंची है, इस केस में जहां परिवार आमने-सामने है, वहीं हर नए दिन के साथ कहानी में चौंकाने वाले मोड़ सामने आ रहे हैं। संजय की तीसरी पत्नी प्रिया कपूर ने फिल्म एक्ट्रेस करिश्मा कपूर और उनके पूर्व पति संजय कपूर के बीच साल 2016 में हुए तलाक मामले से जुड़े दस्तावेजों की प्रमाणित प्रतियों की कॉपी की मांग को लेकर सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है।

## पश्चिम एशिया में तनाव : अमेरिका ने सैन्य तैयारियों से दबाव बढ़ाया

# ईरान की ओर बढ़ रहा अमेरिकी युद्धपोत एयरक्राफ्ट कैरियर अब्राहम भी रवाना

### फिलहाल मिडिल ईस्ट में कोई अमेरिकी कैरियर तैनात नहीं

**वॉशिंगटन डीसी, जेएनएन।** ईरान में जारी सरकार-विरोधी प्रदर्शनों और बढ़ते क्षेत्रीय तनाव के बीच अमेरिका मध्य-पूर्व के आसपास अपनी सैन्य मौजूदगी बढ़ाने की तैयारी करता दिख रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक अमेरिकी नौसेना का न्यूक्लियर-पावर्ड एयरक्राफ्ट कैरियर यूएसएस अब्राहम लिंकन अपने कैरियर स्ट्राइक ग्रुप के साथ साउथ चाइना सी से मिडिल ईस्ट की ओर रवाना हो चुका है।

यह फैसला ईरान द्वारा अपने एयरस्पेस को अस्थायी रूप से बंद किए जाने के करीब एक घंटे बाद लिया गया। हालांकि, अमेरिकी अधिकारियों ने अब तक इस तैनाती की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। रिपोर्ट में कहा गया है कि यह स्ट्राइक समूह पहले चीन की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए साउथ चाइना सी में तैनात था, लेकिन अब इसकी दिशा बदलती दिख रही है। मिडिल ईस्ट पहुंचने में इसे करीब एक सप्ताह लग सकता है।

सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि यह स्ट्राइक समूह अब सेंटकॉम क्षेत्र की ओर बढ़ रहा है, जिसमें मिडिल ईस्ट, उत्तर-पूर्वी अफ्रीका, सेंट्रल एशिया और दक्षिण एशिया के 21 देश शामिल हैं। फिलहाल मिडिल ईस्ट में कोई अमेरिकी कैरियर स्ट्राइक समूह मौजूद नहीं है।



### मिडिल ईस्ट से कर्मचारियों की आंशिक निकासी

इसी बीच अमेरिका ने मिडिल ईस्ट के कुछ सैन्य अड्डों से कर्मचारियों को निकालना भी शुरू कर दिया है। कतर स्थित अल-उदैद एयर बेस (मिडिल ईस्ट का सबसे बड़ा अमेरिकी बेस) से कुछ कर्मचारियों को हटने को कहा गया है। अमेरिकी अधिकारियों ने इसे 'पोश्चर चेंज' यानी तैनाती में बदलाव बताया है, न कि पूरा इवैक्यूएशन।

### सबसे ताकतवर युद्धपोत

यूएसएस अब्राहम लिंकन हाल ही में 12 जनवरी को साउथ चाइना सी में लाइव फायरिंग अभ्यास भी कर चुका है। यह दुनिया के सबसे बड़े और ताकतवर युद्धपोतों में गिना जाता है।

- यूएसएस अब्राहम लिंकन, अमेरिकी नौसेना के कैरियर स्ट्राइक समूह-3 का हिस्सा है।
- इसमें 1 न्यूक्लियर-पावर्ड एयरक्राफ्ट कैरियर होता है
- 3 से 6 गाइडेड-मिसाइल डिस्ट्रॉयर
- 1 से 2 न्यूक्लियर अटैक सबमरीन
- सपोर्ट शिप्स
- 7,000-8,000 सैनिक और 65-70 फाइटर जेट व हेलीकॉप्टर तैनात रहते हैं।

### ईरान में 19 दिनों से प्रदर्शन, हालात तनावपूर्ण

ईरान में 28 दिसंबर से शुरू हुए सरकार-विरोधी प्रदर्शन अब 19वें दिन में प्रवेश कर चुके हैं। महंगाई, आर्थिक संकट, रियाल की गिरती कीमत, व्यापारियों की हड़ताल और सख्त सरकारी कार्रवाई के चलते हालात बेहद तनावपूर्ण हैं। अलग-अलग स्रोतों के अनुसार अब तक हजारों लोगों की मौत और बड़ी संख्या में गिरफ्तारियां हुई हैं।

### अमेरिकी धमकी के बाद पीछे हटा ईरान

**वॉशिंगटन डीसी/तेहरान, जेएनएन।** अमेरिका ने दावा किया है कि ट्रंप की धमकियों के बाद ईरान प्रदर्शनकारियों को फांसी देने के फैसले से पीछे हट गया है। हालांकि, ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराकची ने कहा कि ईरान की ओर से लोगों को फांसी देने की कोई योजना नहीं है। विदेश मंत्री ने कहा, 'फांसी देने की कोई योजना नहीं है। फांसी का तो सवाल ही नहीं उठता।' वहीं, बुधवार को ट्रंप ने भी बताया कि ईरान में प्रदर्शनकारियों की हत्याएं रुक गई हैं।

**ट्रंप को जान से मारने की धमकीः** ईरान ने सरकारी टीवी चैनल पर राष्ट्रपति ट्रंप को जान से मारने की धमकी जारी की थी। धमकी पर्शियन में थी। इस धमकी में पेंसिल्वेनिया के बटलर में 2024 में ट्रंप पर हुए जानलेवा हमले की फुटेज दिखाई, जिसके साथ संदेश था 'इस बार गोली निशाने से नहीं चूकेगी'। यह ट्रंप के खिलाफ तेहरान की अब तक की सबसे सीधी धमकी है, इससे पहले ट्रंप ने ही बार-बार ईरान सरकार को धमकी दी है कि विरोधी प्रदर्शनकारियों पर अपनी क्रूर कार्रवाई जारी रखती है, तो अमेरिका उस पर हमला करेगा। 2024 में पेंसिल्वेनिया के बटलर में चुनावी रैली के दौरान थॉमस क्रूक्स ने ट्रंप पर गोली चलाई थी।

### हवाई क्षेत्र बंद, भारतीय उड़ानें रद्द

ईरान के हवाई क्षेत्र के बंद होने से एअर इंडिया और इंडिगो ने गुरुवार को कुछ अंतरराष्ट्रीय उड़ानें रद्द कर दीं, जबकि कई सेवाएं प्रभावित हुई हैं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अमेरिका और यूरोप जाने वाली एअर इंडिया की उड़ानें तथा सीआईएस देशों, यूरोप और तुर्किये के लिए इंडिगो की सेवाएं प्रभावित हुई हैं। स्पाइसजेट ने भी परामर्श जारी करते हुए कहा कि ईरान का हवाई क्षेत्र बंद होने के कारण कुछ उड़ानों पर असर पड़ेगा। एक अधिकारी ने बताया कि टाटा समूह की एअर इंडिया ने अमेरिका के लिए कम से कम तीन उड़ानें रद्द कर दी हैं, जबकि यूरोप के लिए उसकी कुछ सेवाओं के संचालन में देरी होगी।

# बीएमसी चुनाव में भाजपा-शिंदे गठबंधन को बहुमत के संकेत

### 3 एग्जिट पोल में 130 से 150 सीटों का अनुमान



**मुंबई, जेएनएन।** महाराष्ट्र के 29 नगर निगमों में गुरुवार को मतदान प्रक्रिया पूरी हो गई। वोटिंग खत्म होने के बाद सामने आए बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) के तीन एग्जिट पोल में भाजपा और एकनाथ शिंदे की शिवसेना गठबंधन को बहुमत मिलता दिख रहा है। एग्जिट पोल के मुताबिक गठबंधन को 130 से 150 सीटें मिलने का अनुमान है, जबकि बीएमसी में बहुमत के लिए 114 सीटों की जरूरत होती है। दूसरी ओर, कांग्रेस गठबंधन को करीब 60 सीटें मिलने की संभावना जताई गई है। वहीं अन्य दलों के खाते में 5 से 7 सीटें आने का अनुमान है। चुनाव के नतीजे शुक्रवार को घोषित किए जाएंगे।

स्टेट इलेक्शन कमिश्नर दिनेश वाघमारे ने बताया कि सभी नगर निगमों में शाम 5.30 बजे मतदान समाप्त हुआ। शुरुआती अनुमान के मुताबिक मतदान प्रतिशत करीब 50 फीसदी रहा है, हालांकि अंतिम आंकड़े बाद में जारी किए जाएंगे।

4 साल देरी से हुए बीएमसी चुनाव

नगर निगम चुनाव हर पांच साल में कराए जाते हैं। बीएमसी का पिछला चुनाव 2017 में हुआ था, लिहाजा अगला चुनाव 2022 में होना था। हालांकि, वार्ड परिसीमन और निर्वाचन प्रक्रिया में बदलाव को लेकर प्रक्रिया चलने के कारण चुनाव टलते रहे।

इस दौरान बीएमसी में वार्डों की संख्या 227 से बढ़ाकर 236 करने का प्रस्ताव भी सामने आया था। नए वार्ड नक्शे और सीटों के पुनर्विन्यास की वजह से पुराने ढांचे पर चुनाव संभव नहीं माना गया। बाद में यह प्रस्ताव पास नहीं हुआ, लेकिन चुनाव टलने का सिलसिला जारी रहा।

### फिल्मी हस्तियों ने भी किया मतदान

बीएमसी चुनाव में मुंबई के कई इलाकों में बॉलीवुड हस्तियों ने भी मतदान किया। सलमान खान, करीना कपूर-सैफ अली खान, बोनी कपूर, मनीष मल्होत्रा, श्रद्धा कपूर, भाग्यश्री समेत कई कलाकार वोट डालने पहुंचे और लोगों से मतदान की अपील भी की।

### 227 सीटों पर मुकाबला, गठबंधनों का गणित

इस बार बीएमसी की कुल 227 सीटों पर चुनाव कराए गए। चुनाव में प्रमुख दलों और गठबंधनों ने अलग-अलग रणनीति के साथ मैदान संभाला।

## व्हाइट हाउस में यूएस, डेनमार्क और ग्रीनलैंड के अफसरों की बैठक

# ग्रीनलैंड के रक्षा मंत्री बोले- हमें अमेरिका का गुलाम नहीं बनना

**वॉशिंगटन डीसी, जेएनएन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को फिर से ग्रीनलैंड को अमेरिका में शामिल करने की इच्छा दोहराई। ट्रंप ने ग्रीनलैंड को गोल्डन डोम नामक बड़े रक्षा प्रोजेक्ट के लिए अहम बताया। यह प्रोजेक्ट इजराइल के आयरन डोम से प्रेरित है। बयान व्हाइट हाउस में अमेरिका, डेनमार्क व ग्रीनलैंड की हाई पॉवर कमेटी बैठक के बाद आया। इस बैठक में कोई बड़ा समझौता नहीं हुआ। बैठक के बाद ग्रीनलैंड की विदेश मंत्री विवियन मोट्ज़फेल्ड ने कहा कि सहयोग को मजबूत करना ठीक है, लेकिन हम अमेरिका के गुलाम होना चाहते हैं।



### संयुक्त वर्किंग ग्रुप पर बनी सहमति

अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो और उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के साथ डेनमार्क के विदेश मंत्री लार्स लोक्के रासमुसेन और ग्रीनलैंड की विदेश मंत्री विवियन मोट्ज़फेल्ट शामिल हुईं। बैठक में कोई बड़ा समझौता नहीं हुआ। हालांकि, बैठक के बाद तीनों पक्षों ने ग्रीनलैंड से जुड़े मुद्दों पर चर्चा के लिए एक संयुक्त वर्किंग ग्रुप बनाने पर सहमति जताई।

### स्वीडन ने ग्रीनलैंड में सैन्यकर्मी भेजे


स्वीडन के पीएम उल्फ क्रिस्टर्सन ने बुधवार को कहा कि डेनमार्क के कहने पर स्वीडिश आर्म्सर्ड फोर्स के कई अधिकारियों को एक सैन्य अभ्यास में शामिल होने के लिए ग्रीनलैंड भेजा गया है। इसके अलावा फ्रांस और जर्मनी दोनों ने कहा है कि वे ग्रीनलैंड में सैन्यकर्मी भेजेंगे।

# शहडोलः मासूम से रेप-हत्या के दोषी को फांसी

**जागरण, शहडोल।** तीन साल पहले दुष्कर्म के बाद तीन साल की मासूम की हत्या के मामले को जिले की विशेष पॉक्सो कोर्ट ने रेयरेस्ट ऑफ रेयर बताते हुए ऐतिहासिक फैसला सुनाया है। रेप और हत्या के मुख्य आरोपी भानू उर्फ रामनारायण ढीमर को बुढ़ार की विशेष कोर्ट ने फांसी की सजा सुनाई है। आरोपी की पत्नी और दोस्त को भी चार-चार साल के कारावास की सजा सुनाई है।

जस्टिस सुशील कुमार अग्रवाल ने गुरुवार को टिप्पणी में केस की तुलना निर्भया केस से करते हुए कहा, ऐसे अपराधियों को समाज में रहने का कोई अधिकार नहीं है। मानवता को शर्मसार करने वाली यह घटना खैरहा थाना क्षेत्र में एक मार्च 2023 हुई थी। पीड़ित की मां बेटी को घर में सुलाकर मोहल्ले में शादी में गई थी। घर में उस समय उसके पति का दोस्त भानू उर्फ रामनारायण ढीमर मौजूद था। इसके बाद रात 11 बजे जब मां लौटी, तो बेटी जमीन पर बेहोश हालत में मिली। मासूम के चेहरे, गाल और गले पर चोट के गहरे निशान थे। इसके बाद मां ने आरोपी से पूछा तो वह शराब के नशे में था। उसने कहा कि बच्ची रो रही थी, इसलिए उसने थप्पड़ मार दिए। जब महिला ने पुलिस में रिपोर्ट करने की बात कही तो आरोपी ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी।

### कोर्ट बोला- निर्भया केस की दिलाई याद



**पत्नी और दोस्त को भी चार-चार साल की सजाः** कोर्ट ने मुख्य आरोपी भानू ढीमर को धारा 302 भादवि में आजीवन कारावास, धारा 201 भादवि में तीन साल का सश्रम कारावास और पॉक्सो एक्ट की धारा 5 (एम)/6 के तहत फांसी की सजा सुनाई। वहीं घटना के दौरान मौके पर मौजूद आरोपी राजकुमार ढीमर और आरोपी की पत्नी पिंकी ढीमर को केस को छिपाने का दोषी पाते हुए चार-चार साल के सश्रम कारावास की सजा दी गई।

### ऐसे खुला राज

आरोपी की धमकियों से डरी बच्ची की मां ने तो चुप्पी साध ली। मगर बच्ची की हालत बिगड़ने पर उसे पहले बुढार अस्पताल और फिर मेडिकल कॉलेज शहडोल रेफर किया गया। 7 मार्च 2023 को मासूम की मौत हो गई। पीएम रिपोर्ट में रेप की पुष्टि होने पर पॉक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया। मामले में सबसे अहम गवाह मेडिकल कॉलेज के फॉरेंसिक एक्सपर्ट प्रो. पवन वानखेड़े रहे। उन्होंने बताया कि मासूम की मौत के बाद जब पीएम हुआ, तो रेप का सच सामने आया। दूसरे पक्ष के वकील ने दलील दी कि किसी अन्य वस्तु या अंग से भी चोट पहुंच सकती है,लेकिन प्रोफेसर ने साक्ष्यों व तर्कों के साथ यह साबित किया कि मासूम के साथ रेप हुआ है। उनके इस बयान को कोर्ट ने गंभीरता से लिया और इसी आधार पर मुख्य आरोपी को पॉक्सो एक्ट के तहत मौत की सजा सुनाई। जज ने कहा,जब मासूम के साथ रेप किया जा रहा था, तो उसका दर्द अकल्पनीय रहा होगा। उसके जननांग ठीक से विकसित भी नहीं हुए थे।

## वायु प्रदूषण | सरकार के आंकड़ों में प्रदूषण से होने वाली मौतों में बढ़ोतरी का खुलासा

# दिल्ली में श्वसन रोगों से 2024 में 9,211 की मौत

**नई दिल्ली, जेएनएन।** राजधानी दिल्ली में वायु प्रदूषण और स्वास्थ्य जोखिमों के बीच चिंताजनक आंकड़े सामने आए हैं। दिल्ली सरकार के ताजा डेटा के मुताबिक वर्ष 2024 में श्वसन तंत्र से जुड़ी बीमारियों के कारण 9,211 लोगों की मौत दर्ज की गई। यह संख्या 2023 में 8,801 थी, यानी एक साल में 410 मौतों का इजाफा हुआ है। रिपोर्ट में कहा गया है कि श्वसन रोगों में दमा, निमोनिया, फेफड़ों का कैंसर और टीबी जैसी बीमारियां शामिल हैं, जिनमें सांस लेने में गंभीर दिक्कतें होती हैं और कई मामलों में जान तक चली जाती है।

सरकारी डेटा के अनुसार 2024 में दिल्ली में कुल मौतों का आंकड़ा भी बढ़कर 1.39 लाख हो गया। इसके मुकाबले 2023 में 1.32 लाख मौतें दर्ज हुई थीं। यानी कुल मौतों में भी लगभग 7 हजार की वृद्धि दर्ज की गई है। यह बढ़ोतरी राजधानी के स्वास्थ्य ढांचे, पर्यावरणीय स्थितियों और जीवनशैली से जुड़ी चुनौतियों की ओर इशारा करती है।

### भयावह : मौतों की सबसे बड़ी वजह बनीं हृदय और रक्त संचार संबंधी बीमारियां

2024 के आंकड़ों में मौतों का सबसे बड़ा कारण सर्कुलेटरी सिस्टम (हृदय व रक्त संचार तंत्र) से जुड़ी बीमारियां रहीं। इस श्रेणी में 21,262 मौतें दर्ज की गईं। इसके बाद दूसरा बड़ा कारण संक्रामक और परजीवी रोग रहे, जिनसे 16,060 मौतें हुईं। वहीं मानसिक और व्यवहार संबंधी विकारों से 2024 में 62 मौतें दर्ज की गईं। विशेषज्ञों के अनुसार सांस और दिल की बीमारियां अक्सर प्रदूषण, धूम्रपान, जीवनशैली, तनाव और कमजोर प्रतिरोधक क्षमता के कारण बढ़ती हैं। दिल्ली जैसे महानगर में सर्दियों के दौरान स्मॉग, धूल और गाड़ियों के धुएं की वजह से श्वसन संबंधी दिक्कतें तेजी से बढ़ती हैं।



### हर दिन 381 लोगों की मौत

दिल्ली सरकार के आंकड़ों में यह भी सामने आया है कि राजधानी की डेथ रेट (मृत्यु दर) में बढ़ोतरी दर्ज की गई। 2024 में मृत्यु दर 6.37 प्रति 1,000 जनसंख्या रही, जबकि 2023 में यह 6.16 थी। यानी एक साल में मौतों की दर में स्पष्ट वृद्धि हुई है। 2024 में दिल्ली में औसतन रोजाना 381 मौतें हुईं, जबकि 2023 में यह औसत 363 मौतें प्रति दिन था।

### कुल मौतों में पुरुषों की संख्या ज्यादा

*2024 के दौरान दर्ज कुल मौतों में लिंग-आधारित आंकड़े भी जारी किए गए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक*

**85, 391** मौतें पुरुषों की

**54, 051** मौतें महिलाओं की

**38** मौतें अन्य जेंडर श्रेणी में दर्ज हुईं

### जन्म दर घटी, 2024 में 3.06 लाख जन्म दर्ज

मौतों के आंकड़े बढ़े हैं, वहीं राजधानी में जन्म के मामलों में कमी दर्ज हुई है। 2024 में दिल्ली में 3,06,459 जन्म रजिस्टर किए गए, जबकि 2023 में यह आंकड़ा 3,15,087 था। यानी एक साल में 8,628 कम जन्म दर्ज हुए।

# कश्मीर में एलओसी के पास फिर दिखे संदिग्ध पाक ड्रोन

### 5 दिन में तीसरी घटना, सेना ने की जवाबी कार्रवाई

**श्रीनगर, जेएनएन।** जम्मू-कश्मीर के जम्मू सेक्टर में गुरुवार शाम को पाकिस्तान से लगी सीमा और लाइन ऑफ कंट्रोल (एलओसी) के पास दो संदिग्ध पाकिस्तानी ड्रोन देखे गए। सेना के सूत्रों के मुताबिक, यह ड्रोन नियमित निगरानी के दौरान मंडराते हुए नजर आए। सेना ने ड्रोन से निपटने के लिए जवाबी कार्रवाई की है। पिछले पांच दिनों में ड्रोन दिखने की यह तीसरी घटना है। इससे पहले, 13 जनवरी को जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में दो बार संदिग्ध पाकिस्तानी ड्रोन देखे गए थे। इसके बाद सेना ने फायरिंग की थी। फायरिंग के बाद ड्रोन पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) की ओर लौट गए थे। वहीं 11 जनवरी को नौशेरा सेक्टर, धरमसाल सेक्टर, रियासी, सांबा और पुंछ के मंकोट सेक्टर में एक साथ कुल पांच ड्रोन स्पॉट किए गए थे। लगातार हो रही ऐसी घटनाओं को देखते हुए एलओसी पर निगरानी और चौकसी और बढ़ा दी गई है। सुरक्षा एजेंसियों को आशंका है कि पाकिस्तान की ओर से ड्रोन के जरिए घुसपैठ या हथियार-नशीले पदार्थ गिराने की कोशिश की जा सकती है। रिपोर्ट के मुताबिक 11 जनवरी को राजौरी में नौशेरा सेक्टर में तैनात जवानों ने शाम करीब 6.35 बजे गनिया-कलसियां गांव के ऊपर ड्रोन देखा। इसके बाद मीडियम और लाइट मशीन गन से फायरिंग की। राजौरी के तेरियाथ के खब्बर गांव में शाम 6.35 बजे एक और ड्रोन देखा गया। यह ड्रोन कलाकोट के धर्मसाल गांव की तरफ से आया और आगे भरख की ओर बढ़ गया।

संस्थापक ▸ गुरुदेव गुप्त

संपादकीय

## जानलेवा मांझे के उपयोग पर सख्ती बरते प्रशासन

*मकर संक्रांति के दिन आसमान पूरी तरह से पतंगों से ढक जाता है। इस त्योहार के नजदीक आते ही पतंगों की ब्रिकी तेज हो जाती है। हालांकि, पतंगबाजी का उल्लास कभी-कभी दुखद हादसों में भी बदल जाता है, खास तौर से तब, जब पतंग में चीनी मांझे का प्रयोग किया जाता है। बीते कई दिनों से चीनी मांझे को लेकर कई घटनाएं सुर्खियों में रहीं। प्रदेश में ही संक्रांति के अवसर पर मांझे से कटने की 20 से घटनाएं हुई हैं। इस तरह के कई हादसे होने के बावजूद प्रशासन शिथिल बना हुआ है। कहने के लिए इस मांझे का प्रयोग प्रतिबंधित है। शहरों में और दुकानों में इसको लेकर 'सर्च अभियान' भी चलाया जाता है, पर यह समझ से परे है कि इस तरह की 'निगरानी' के बावजूद लोगों तक यह जानलेवा मांझा कैसे पहुंच रहा है? साफ है, कहीं न कहीं दुकानदारों में प्रशासनिक कार्रवाई का डर नहीं है और ऐसा तभी होता है, जब प्रशासन अपना काम ईमानदारी से नहीं करता। चीनी मांझा हत्यारा मांझा बन चुका है। जहर वाली यह डोर आसमान से नहीं, बल्कि बेखौफ लापरवाही से नीचे उतर रही है। हाईकोर्ट का प्रतिबंध, पुलिस की छापेमारी- सब मानो कागजी ढोंग हैं। बाजारों में यह कातिल धागा खुलेआम बिक रहा है और लोग बेधड़क इसे पतंग में लगाकर उड़ा रहे हैं, क्योंकि उनमें सजा का डर मिट गया है। क्या व्यवस्था इतनी नाकारा है कि हर साल दर्जनों जिंदगियां लील जाएं, फिर भी कोई सख्त रोक न लगे? अब निर्णायक कार्रवाई का वक्त है।*

*वक्त की यही जरूरत है कि उन दुकानदारों पर सख्त कार्रवाई की जाए, जो ऐसे मांझे रखते हैं। उन पर हजारों-लाखों रुपये का जुर्माना और दुकान का लाइसेंस कम से कम पांच वर्षों के लिए निरस्त करना जरूरी है, तब कोई दुकानदार चीनी मांझे को बेचने का दुस्साहस नहीं कर सकेगा। इस तरह की कारगर रणनीति ही चीनी मांझे को बाजार से बाहर कर सकती है। जब हम जानते हैं कि यह मांझा जानलेवा है, तब इससे दूरी बरतना ही उचित है। इसके लिए प्रशासन को अपना पूरा जोर लगा देना चाहिए। घातक मांझा बेचने वालों को जेल, इस्तेमाल करने वालों पर लाखों का जुर्माना, दोपहिया वाहनों पर सतर्कता, हर मोहल्ले में जागरूकता अभियान, ये सभी काम जरूरी हैं और इन पर अमल होना ही चाहिए। उल्लास के नाम पर मौत का जश्न नहीं चलेगा। इस मांझे का प्रयोग खतरनाक है। प्रशासन जागो, अन्यथा यह जहर कई और जिंदगियों को छीन लेगा। चीनी मांझा अब केवल पतंगबाजी से जुड़ा विषय नहीं रह गया है, बल्कि यह कानून, जिम्मेदारी और सामाजिक संवेदनशीलता की परीक्षा बन चुका है।*

*प्रतिबंध के बावजूद हादसों की पुनरावृत्ति यह साबित करती है कि यह समस्या कानूनी उपायों की अनुपस्थिति के साथ आम लोगों की अवहेलना से उत्पन्न होती है। यह निर्विवाद तथ्य है कि चीनी मांझे पर कांच व रसायनों का लेप किया जाता है, जो तेज रफ्तार में दौड़ते दोपहिया वाहन चालकों के गले काट देता है। पशु-पक्षियों के लिए यह और भी क्रूर साबित होता है। उनके पंख कटने और तड़प-तड़पकर मर जाने की घटनाएं आम हैं।*

*राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) और विभिन्न उच्च न्यायालयों ने इस मांझे पर सख्त रोक लगाई है। बावजूद इसके, यह चोरी-छिपे बाजार में पहुंच जाता है। लोग जानते हैं कि यह प्रतिबंधित है, फिर भी 'ज्यादा धारदार डोर' बनाने के लालच में इसका इस्तेमाल करते हैं। इस संदर्भ में बच्चों की भूमिका और स्थिति पर विशेष ध्यान देना आवश्यक है। केवल दंडात्मक कार्रवाई पर्याप्त नहीं है। प्रशासन और अभिभावकों की यह सामूहिक जिम्मेदारी है कि बच्चों को इसके खतरों के बारे में जानकारी दी जाए। हालांकि, परंपरा का अर्थ यह नहीं है कि किसी त्योहार को दूसरों के जीवन के लिए खतरा बना दिया जाए। पतंगबाजी का आनंद सूती या सुरक्षित मांझे से भी लिया जा सकता है, जो उपलब्ध है और जिसके खतरे भी नहीं हैं।*

प्रसंगवश

## गली-मोहल्लों में सुरक्षा सुनिश्चित करे सरकार

*देश में आवारा कुत्तों के काटने के बढ़ते मामले गंभीर संकट बन चुके हैं। केंद्रीय पशुपालन और डेयरी मंत्रालय की तरफ से पिछले वर्ष जारी आंकड़ों पर गौर करें, तो देश में जनवरी 2024 से लेकर दिसंबर तक कुत्ते के काटने के सैंतीस लाख से अधिक मामले सामने आए। इनमें पांच लाख से ज्यादा मामले पंद्रह साल से कम उम्र के बच्चों के थे।*

*खासकर बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों के लिए गली-मोहल्लों में सड़क पर चलना खतरे से खाली नहीं है। पिछले कई वर्षों से यह मसला सत्ता के गलियारों से लेकर सड़क तक उठता रहा है, लेकिन इसका कोई स्थायी समाधान नहीं निकल पाया है। हालांकि, केंद्र और राज्य सरकारों के स्तर पर आवारा कुत्तों की आबादी को नियंत्रित करने के लिए कई कार्यक्रम शुरू किए गए हैं, लेकिन नतीजा 'ढाक के तीन पात' जैसा ही है।*

*यही वजह है कि मंगलवार को सर्वोच्च न्यायालय को यह कहना पड़ा कि कुत्ते के काटने की घटनाओं में राज्यों को भारी मुआवजा देने के निर्देश दिए जाएंगे, क्योंकि पिछले पांच वर्षों में आवारा पशुओं से संबंधित नियमों के क्रियान्वयन के लिए कोई कदम नहीं उठाए गए। साथ ही यह भी कहा कि कुत्तों को सड़क पर भोजन खिलाने वालों को भी जिम्मेदार और जवाबदेह ठहराया जाएगा। शीर्ष अदालत की इस टिप्पणी को इसलिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है, क्योंकि इस संकट से निपटने के लिए न तो राज्य सरकारों की ओर से प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं और न ही कुत्तों को सड़क पर भोजन परोसने पर रोक लग पाई है। केंद्रीय पशुपालन और डेयरी मंत्रालय की तरफ से पिछले वर्ष जारी आंकड़ों पर गौर करें, तो देश में जनवरी 2024 से लेकर दिसंबर तक कुत्ते के काटने के सैंतीस लाख से अधिक मामले सामने आए। इनमें पांच लाख से ज्यादा मामले पंद्रह साल से कम उम्र के बच्चों के थे। जबकि कुत्ते के काटने से करीब सैंतीस लोगों की मौत हो गई, जिनमें ज्यादातर मामले रेबीज संक्रमण के थे। इन आंकड़ों से स्थिति की गंभीरता का अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता है।*

*इस समस्या से निजात पाने का सरल एवं प्रभावी उपाय आवारा कुत्तों की आबादी को नियंत्रित करना माना जाता है। इसके लिए विभिन्न राज्यों में टीकाकरण के जरिए कुत्तों का बंध्याकरण करने का कार्यक्रम शुरू किया गया था, लेकिन प्रशासनिक स्तर पर लापरवाही और इच्छाशक्ति के अभाव में यह मुहिम कागजों में ही दम तोड़ती नजर आ रही है। यही वजह है कि शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में आवारा कुत्तों की संख्या बढ़ रही है और इंसानों को काटने की घटनाओं में भी लगातार बढ़ोतरी हो रही है।*

*शीर्ष अदालत ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पिछले दिनों आक्रामक आवारा कुत्तों को सड़क से हटाकर आश्रय स्थलों में रखने का निर्देश दिया था। साथ ही गली-मोहल्लों में कुत्तों को सड़क पर भोजन नहीं परोसने की हिदायत भी दी थी। मगर पशु प्रेमियों को यह फैसला रास नहीं आया और यह मामला फिर से सर्वोच्च न्यायालय पहुंच गया।*

*इसमें दोराय नहीं है कि आवारा कुत्तों को सुरक्षित और खुला वातावरण मिलना चाहिए, लेकिन इस बात को भी समझना जरूरी है कि मानव सुरक्षा से समझौता नहीं किया जा सकता। शीर्ष अदालत ने भी यह सवाल उठाया है कि अगर पशु प्रेमियों को आवारा कुत्तों से लगाव है, तो वे उन्हें अपने घर क्यों नहीं ले जाते? दरअसल, कुत्तों को सड़क पर भोजन परोसे जाने से वे वहीं आसपास घूमते रहते हैं और स्थानीय लोगों को काटते और डराते हैं। ऐसे में इस बात पर गंभीरता से विचार करने की जरूरत है कि सरकार और समाज के सामूहिक प्रयासों से ही इस समस्या से निपटने का मार्ग प्रशस्त हो सकता है।*



## किसी का प्यार मुझ पर शाप कैसे हो...



***अगर मैंने किसी के होंठ के पटल कभी चूमे***
***अगर मैंने किसी के नैन के बादल कभी चूमे***
***महज इससे किसी का प्यार मुझको पाप कैसे हो?***
***महज इससे किसी का स्वर्ग मुझको शाप कैसे हो?***
***तुम्हारा मन अगर सींचूँ, गुलाबी तन अगर सींचूँ,***
***अगर किसी के होठों पर झुक जायँ नैनों के बादल***
***न हो यह वासना तो जिन्दगी की माप कैसे हो?***
***किसी के रूप का सम्मान मुझ पर पाप कैसे हो?***
***नसों का रेशमी तूफान मुझ पर शाप कैसे हो?***
***जहां पर हर कदम पर स्वर्ग की पगडण्डियाँ घूमीं***
***महज इससे किसी का प्यार मुझ पर पाप कैसे हो?***
***महज इससे किसी का स्वर्ग मुझ पर शाप कैसे हो?***

न जाने कैसा भ्रम का पर्दा डाल रखा है लोगों ने... मानो अपनी आँखें खुद ही बन्द कर रखी हैं हम सबने सच्चाई से... यह कैसी भ्रांति है कि संसार से भागो तब ही ईश्वर मिलेगा... नारी से दूर रहो... तब ही ईश्वर मिलेगा... जंगलों में चले जाओ... लंगोटी लगाओ या भगवा पहनो... तभी ईश्वर मिलेगा... ब्रह्मचारी हो जाओ... धूनी जलाओ... भभूती लगाओ... तब ही ईश्वर मिलेगा...

प्रकृति के नैसर्गिक नियमों के विपरीत आचरण से संसार को रचने वाले रचयिता की रचना की उपेक्षा करके... उस जगतपति को कैसे पाओगे...? हिन्दू समाज को भ्रांति की डोर से जकड़ दिया है... कुछ ऐसे लोगों ने जो पलायनवादी हैं... जो अपने-अपने निजी कारणों से मानवों के सभ्य सुसंस्कृत समाज को त्याग के... जंगलों में... गुफाओं में... पहाड़ों या वनों में जा पड़े हैं... और... अपने-अपने जीवन को प्रेम के रस से विहीन कर... उस अक्षय प्रेम के अमृत कोष को ढूंढ़ने का प्रयास करते हैं... जिसे हम 'ईश्वर' कहते हैं...

प्रेम को हम कुछ गलत ढंग से देखते हैं... अगर सच कहूँ तो हम में से ज्यादातर लोग प्रेम को समझते ही नहीं हैं... प्रेम शारीरिक बंधन नहीं... प्रेम वासना भी नहीं है... अपितु प्रेम आराधना है... प्रेम मनुष्य को ईश्वर ने जो जीवन दिया है... उस ईश्वर प्रदत्त जीवन का... सबसे कोमल सबसे पवित्र भाव है...

मजनूँ... लैला-लैला लैला पुकारता... दीवाना होकर बगदाद की गलियों में रातों-दिन घूमता था... उस पागल प्रेमी की दीवानगी देखने बगदाद की गलियों में भीड़ लग जाती थी... मजनूँ की दीवानगी और लैला से उसके प्रेम के किस्से वहाँ के बादशाह के दरबार तक पहुंचे... बादशाह ने एक दिन मजनूँ को दरबार में बुलवाया... और मजनूँ ने बोला... फालतू की ज़िद मत कर... देख यहाँ दस बेहद कमसिन और खूबसूरत हसीन लड़कियाँ तेरे सामने हैं... तू इन में कोई लड़की अपने लिए चुन ले... साथ ले जाकर मजे में रह परन्तु यह दीवानापन छोड़ दे...




मजनूँ बोला... अरेSS बादशाह...! भले ही मेरी लैला सांवली थी... पर उस जैसी सुन्दरता की तो बात छोड़... इनमें से कोई भी उसके पांव की धूल के बराबर भी नहीं... क्योंकि लैला की सुन्दरता को देखने के लिए मजनूँ की आँखें और उसे प्रेम करने के लिए मजनूँ का दिल चाहिये... मुझे तो लैला और सिर्फ लैला ही चाहिये...

मेरे भाई...! मेरी नजरों में भी ठीक इसी तरह... ईश्वर को पाने के लिए... उसे देखने समझने और उससे प्रेम करने के लिए... किसी मजनूँ जैसे प्रेमी की सी तड़प चाहिये... लगन चाहिये... किसी सच्चे प्रेमी का दिल और मोहब्बत करने वाली नज़रें चाहिये...

यह क्या करते हैं वह लोग जो ईश्वर को पाने के लिए घर-बार छोड़कर अकेले... जंगलों में... पहाड़ों में... गुफाओं और बीहड़ों में चले जाते हैं...? क्या ईश्वर किसी की निजी सम्पत्ति है... जो कहीं खो गई है और जिसे कोई खोज लेगा... तो वापस वह सम्पदा उसे मिल जायेगी और उसे खोजने वाला व्यक्ति वापस उस सम्पत्ति का स्वामी बन जायेगा...?

नहीं कदापि नहीं... मैं ऐसे साधकों से... ऐसे ईश्वर के जिज्ञासुओं से... एक प्रश्न पूछना चाहता हूँ कि क्या परमात्मा कोई ऐसा बहता हुआ जल का गुप्त स्रोत है... जिसे तुम जंगलों... पहाड़ों... कंदराओं और बीहड़ों में... अकेले खोजते हो... घर-बार... समाज-संसार... पत्नी और बच्चों आदि सबको छोड़कर... और फिर... उसी ईश्वर रूपी जल स्रोत से एक कमन्डल जल भरकर... उसके छींटे सामाजिक चेतना के लिए... मानव समूह पर छींटना चाहते हो...? जैसे कि तुम्हें प्राप्त ईश्वर रूपी सम्पदा से बाकी उस समाज को जो कि तुम्हारी दृष्टि में हीन... पतित और कंगाल है... मानव समाज को एक--एक तुम्हारे द्वारा खोजा गया ईश्वर मालामाल बना देगा...?

अरेSS ईश्वर तो सबका है... सब उसके हैं... सब उसी से उत्पन्न हुए हैं... तब फिर...? अपने जीवन के प्रेम रस को सुखाकर... ईश्वर की बनाई गई सर्वश्रेष्ठ कृति 'मानव' को त्यागकर... तुम अकेले जंगलों में रहकर... दुनियाँ संसार से कटकर... ईश्वर की खोज... किसलिए...? किसके लिए...? और... क्यों करते हो...? क्या तुम ईश्वर को पहले अपने कब्जे में करके फिर उसे दूसरों को बांटना चाहते हो...?

यह कैसा हठ है...? यह कैसा त्याग है...? जो प्रकृति के विरुद्ध है... धार्मिक मान्यताओं का आधार आध्यात्मिक होना चाहिये... न कि धार्मिक मान्यतायें रूढ़वादिता से भरी हुई और तर्कहीन चाहिये...? हिन्दुओं में मान्यता है कि ''ब्रह्मचारी'' ही सर्वश्रेष्ठ मानव है... वही तपस्वी है... वही त्यागी है... उसी को ईश्वर को सबसे प्रथम पाने का पहला अधिकार है...

यह सरासर गलत मान्यता है... जिसका कोई भी तर्क सम्मत वैज्ञानिक अथवा अध्यात्मिक आधार नहीं है... अगर नारी का संग इतना बुरा है... यदि नारी के संग करने से ईश्वर नहीं मिलता... तो फिर... जो महानुभाव ''ब्रह्मचारी'' बन बैठे हैं... ईश्वर की तलाश में... क्या उनके माता-पिता भी... ब्रह्मचारी थे...? या कि उनके माता-पिता ने अपने संग से... अपनी संतान को जन्म देकर... कोई गुनाह... कोई गल्ती... कोई अपराध किया है...?

जिस हिन्दू धर्म ने नारी को साक्षात ईश्वर स्वरूपा माना है... जिस धर्म में काली-दुर्गा-सरस्वती-लक्ष्मी जैसे वरदायनी नारी रूपों में ईश्वरत्व के दर्शन किये हैं... जिसने गायत्री व सावित्री में परमात्मा को देखा है... जिस हिन्दू धर्म ने... सीता और राधा को भगवान की शक्ति मानकर पूजा है...

क्या वही हिन्दू धर्म... नारी का त्याग कर... नारी को अस्पर्शा और बह्म की प्राप्ति में बाधक कैसे मान सकता है... फिर यह 'ब्रह्मचारी' बनकर... सर्वश्रेष्ठ मानव होने और ब्रह्मचर्य से ईश्वर प्राप्ति का दम्भ कैसा...? क्यों... और किस प्रयोजन से...?

मैं पूछना चाहता हूँ कि... ईश्वर के जितने भी साकार रूपों की हम पूजा करते हैं... और... जिन रूपों में हम ईश्वर को पाने के लिए 'ब्रह्मचारी' होना चाहते हैं... जिस ईश्वर की प्राप्ति के लिए हम नारी को घर-बार को... समाज को... छोड़ना चाहते हैं... क्या हम हिन्दुओं का वही ईश्वर अपने साकार रूप में स्वयं भी ब्रह्मचारी है...?

नहीं... नहीं... नहीं...! हमारी हिन्दू मान्यताओं के अनुसार... भगवान ब्रह्मा जिन्होंने यह सृष्टि बनाई... जीव और जीवन की रचना की... स्वयं वह 'ब्रह्मा' भी अपनी अर्धांगिनी देवी सरस्वती के साथ ब्रह्मलोक में वास करते हैं... भगवान श्री हरि विष्णु जो इस सारे संसार का लालन-पालन करते हैं... देवी लक्ष्मी उनकी पत्नी हैं... लक्ष्मी के अलावा भू-देवी और तुलसी भी नारायण की पत्नीस्वरूपा ही हैं... और वह भी क्षीरसागर के अपने विष्णुलोक में शेष शैय्या पर सुख से रहते हैं... उनकी भार्या लक्ष्मी देवी सदा उनकी चरण सेवा करती हैं...

नारी का संग और सेवा ने हमारे ईश्वर के इन साकार रूपों को भी स्वीकारा है... सृष्टि की निरंतरता को... मृत्यु और जन्म के क्रम को सतत् बनाये रखने वाले... देवाधिदेव महादेव भगवान शंकर पहले सती के साथ रमते थे... और... सती की मृत्यु के बाद उन्होंने पार्वती के साथ विवाह रचाया... कार्तिकेय और विघ्नविनाशक गणेश जैसे प्रतापी देवपुत्रों को उन्होंने जन्म दिया तब फिर यह साधू-सन्यासियों का वेश धारण करने वाले हिन्दू जन... आखिर अपने घर-परिवार... नारी और संतानों का त्याग कर के पाना क्या चाहते हैं...?

यह कैसी रूढ़िवादिता... यह कैसा अन्धविश्वास... यह कैसी शिक्षा... यह कैसा उलट ज्ञान... कि यदि तुम ज्ञानी हो... ईश्वर के अनुरागी हो तो... समाज को भटकता छोड़कर... अपनी भार्या और संतानों को असहाय छोड़कर... या फिर... माता-पिता को वेदना देते हुए... अपनी कुल परम्परा का अन्त करते हुए... ''ब्रह्मचारी'' बन बैठो...! या सन्यासी होकर जंगलों... पर्वतों... गुफाओं में सारी उम्र के लिए जा बैठो...

मैं पूछना चाहता हूँ कि... क्या प्रेम रस का छककर पान करने वाला ''तुलसीदास'' जैसा मानव... रामचरित मानस लिखने वाला महान रामभक्त नहीं बना...? क्या प्रेम में दीवाना होकर... अपने नेत्र तक गवां देने वाला 'सूरदास' कृष्ण का दीवाना नहीं हुआ...? क्या मीरा को नारी होते हुए भी कृष्ण नहीं मिले...? क्या गुरुनानक देव साहब... गुरु गोविन्द सिंह... गुरु तेग बहादुर विवाहित नहीं थे...? क्या कबीरदास ने विवाहित जीवन जीते हुए... संसार को वैराग्य... भक्ति और रूढ़िवादिता को तोड़ने का ऐसा ज्ञान नहीं दिया... जिसकी आज भी दुनिया में दूसरी मिसाल नहीं है...? तब फिर यह अपने से और अपनों से भागकर ईश्वर की खोज कैसी...?

***तुम्हारा मन अगर सींचूँ***
***गुलाबी तन अगर सींचूँ तरल मलयज झकोरों से!***
***तुम्हारा चित्र अगर खींचूँ, प्यार के रंगीन डोरों से,***
***कली सा तन, किरन सा मन, शिथिल सतरंगिया आंचल***
***महज इससे किसी का प्यार मुझ पर पाप कैसे हो?***
***महज इससे किसी का स्वर्ग मुझ पर शाप कैसे हो...?***

(श्री मदनमोहन के लेखों, पुस्तकों, कविताओं की वेबसाइट)
https://adhyatmsanatandharma.com

महिला जेल प्रबंधन

### क्या महिलाओं को पुरुषों के समान ही दण्ड प्रक्रिया के अधीन रखा जाना चाहिए?

## महिला कैदियों हेतु संवेदनशील सजा पर विचार हो

के पी सिंह



महिला कैदियों पर अपनी रिपोर्ट (1987) में, बन्दिनियों की दयनीय स्थिति पर टिप्पणी करते हुए, न्यायमूर्ति वीआर कृष्ण अय्यर ने कहा था कि सामाजिक मूल्य जड़वत हो गए हैं और सत्ता के अंग अहंकारी रूप से पुरुषोचित हैं, महिलाओं के लिए एक अलग 'भावपूर्ण दण्डशास्त्र' और 'सुधारात्मक दृष्टिकोण' अपनाने की जरूरत है।

राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो द्वारा संकलित आंकड़ों के अनुसार, 31 दिसम्बर, 2023 तक देश की विभिन्न जेलों में 21,510 महिला कैदी और 1492 शिशु बन्दी थे। छह वर्ष से कम आयु के बच्चों को अपनी माताओं के साथ जेल में रहने की अनुमति है, यदि उनकी देखभाल के लिए बाहर कोई उपयुक्त व्यवस्था उपलब्ध न हो। शिशुओं के साथ उनकी 1318 माताओं में से 1049 विचाराधीन कैदी थी और शेष 249 महिलाएं दोष-सिद्ध महिलाएं थीं। देश की जेलों में महिला कैदियों की संख्या 4 प्रतिशत है। उनकी कैद मानवाधिकारों से जुड़ी अनेक चिन्ताएं उत्पन्न करती है, विशेषतया उनके बच्चों के सम्बन्ध में। महिला अपराधियों का कारावास न्याय-शास्त्र की दुविधा की ओर भी इशारा करता है कि क्या महिलाओं को पुरुषों के समान ही दण्ड प्रक्रिया और सुधारात्मक मानकों के अधीन रखा जाए।

महिलाओं का अपराध क्षणिक आवेश की परिणति होता है। महिला सौंदर्य, रचनात्मकता, देखभाल और प्रेम, इच्छा, समृद्धि और सृजन की प्रतिमूर्ति होती है और अपराध-प्रवृत्ति उसके स्वभाव में नहीं है। महिलाओं द्वारा अपराध करने के पीछे के कारणों और उद्देश्यों के विश्लेषण से पता चलता है कि वे ऐसा मुख्य रूप से जीवन की आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु करती हैं, जब उनके पास अपने बच्चों और परिवार की आर्थिक जरूरतों को पूरा करने के लिए कोई और विकल्प नहीं बचता है। कभी-कभी, महिलाएं लैंगिक रूप से असंवेदनशील सामाजिक व्यवस्था और नारीत्व को ठेस पहुंचाने वाले मानदण्डों के विरुद्ध अपना आक्रोश व्यक्त करने के लिए भी कानून तोड़ने पर मजबूर होती हैं। अक्सर, महिला अपराधी अपने रिश्तेदारों के साथ मिलकर कथित पारिवारिक सम्मान की रक्षा और विरोधियों से बदला लेने के लिए अपराधों में संलिप्त हो जाया करती हैं। लगभग हर स्थिति में, महिला अपराधी परिस्थितियों की शिकार होती हैं। उन्हें अपने दोषपूर्ण पालन-पोषण और प्रतिकूल पारिवारिक वातावरण की कीमत चुकानी पड़ती है।

80 प्रतिशत से अधिक महिला जेल बन्दिनियां विचाराधीन कैदी हैं। यह विडंबना है कि महिला अपराधियों के साथ पुरुष अपराधियों के समान ही व्यवहार किया जाता है। यह जोगिन्दर कुमार (1994) मामले में सर्वोच्च न्यायालय के फैसले की भावना के विपरीत है, जिसमें यह व्यवस्था दी गई थी कि गिरफ्तारियां जरूरत के आधार पर होनी चाहिए। महिला अपराधियों की गिरफ्तारी इस दृष्टि से तार्किक नहीं है क्योंकि उनकी आपराधिक प्रवृत्ति आमतौर पर क्षणिक होती है और आमतौर पर बदले की भावना से प्रेरित नहीं होती। जघन्य अपराधों को छोड़कर, विचाराधीन कैदियों को हिरासत में रखना अनावश्यक है। कोई कारण नहीं है कि महिलाओं को अदालतों द्वारा जमानत पर रिहा न किया जा सके, भले ही उन्हें पुलिस द्वारा बिना सोचे-समझे गिरफ्तार कर लिया गया हो। लिंग-संवेदनशील सजा-नीति के अभाव में, महिला दोषियों को भी पुरुषों के समान ही दण्डात्मक उपायों का सामना करना पड़ रहा है। महिलाओं को असाधारण मामलों में ही कैद किया जाना चाहिए, वह भी उनके घरों के पास की जेलों में। महिलाओं द्वारा किए गए अपराधों के 77 प्रतिशत पीड़ित उनके परिवार के सदस्य, रिश्तेदार या अन्य परिचित व्यक्ति होते हैं, परिणामस्वरूप, महिला कैदियों को आमतौर पर उनके प्रियजनों द्वारा त्याग दिया जाता है। अकेलापन उन्हें मानसिक अवसाद में धकेल देता है। उनकी दैनिक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए कैंटीन की बहुत सीमित सुविधाएं उपलब्ध होती हैं। 'सैनिटरी नैपकिन' और चिकित्सा सुविधाओं की व्यवस्था असन्तोषजनक है। उन्हें काम के अवसर शायद ही उपलब्ध हों और अकेलापन उनकी नियति बन जाता है। जेल में बन्द अधिकांश महिलाओं के पास धन का अभाव होता है, जो उनकी दैनिक जरूरतों को पूरा करने के लिए आवश्यक होता है। पर्याप्त बाल देखभाल सुविधाओं के अभाव में महिला कैदियों के बच्चों को भी उनकी माताओं के साथ प्रतिदिन 16-18 घंटे तक बन्द रखा जाता है, जबकि किशोर न्याय अधिनियम 2015 के अन्तर्गत 'देखभाल और संरक्षण की आवश्यकता वाले बच्चों' के रूप में उनका आदर्श निवास सरकारी बाल-गृह होने चाहिए।

जीवन दर्शन

## शिल्पकार स्वयं हैं, परिस्थितियों का बहाना न बनाएं

यदि अर्थ पहले से तय होता, तो मनुष्य केवल एक मशीन होता। अर्थहीनता ही उसे यह साहस देती है कि वह अपने कर्मों, संघर्षों और प्रतिबद्धताओं के माध्यम से स्वयं अर्थ रचे।

क्या हो सकता था-इस पर पछतावा करना ऊर्जा की बर्बादी है, क्योंकि मनुष्य का सत्य अतीत की संभावनाओं में नहीं, बल्कि उसके किए गए कर्मों में बसता है। मनुष्य स्वतंत्रता को विरासत में नहीं पाता, बल्कि वह स्वतंत्रता के खुले आकाश में जन्म लेता है और वहीं पलता-बढ़ता है। यह स्वतंत्रता कोई उत्सव नहीं, कोई आरामदेह उपहार नहीं, बल्कि एक अपरिहार्य अवस्था है-ऐसी अवस्था, जिससे पलायन असंभव है।



जैसे ही मनुष्य इस संसार में प्रवेश करता है, उसी क्षण से वह अपने हर निर्णय, कर्म और मौन की पूरी जिम्मेदारी अपने कंधों पर उठा लेता है। वह यह नहीं कह सकता कि परिस्थितियों ने उसे बाध्य किया, वह जो करता है, वही बनता है, क्योंकि उसका लक्ष्य जन्म से निर्धारित नहीं होता; वह अपने कर्मों के माध्यम से उसे गढ़ता है। उसका हर चुनाव निजी नहीं रहता, बल्कि वह मानवता के लिए भी एक उद्घोष बन जाता है कि मनुष्य कैसा हो सकता है और उसे कैसा होना चाहिए। यही स्वतंत्रता मनुष्य को भयभीत करती है और इसीलिए वह चाहता है कि कोई नियम, कोई ईश्वर, कोई व्यवस्था उसके निर्णयों का बोझ उठा ले, पर सत्य यह है कि ऐसा कोई सहारा नहीं है।

जब मनुष्य यह स्वीकार कर लेता है कि उसके पास कोई बहाना नहीं, कोई ऊंची सत्ता नहीं, जिसे दोष दिया जा सके, तब वह अपने नग्न अस्तित्व के सामने खड़ा होता है और वहीं से चिंता जन्म लेती है। यह उस गरिमा की घोषणा है, जो केवल जागरूक मनुष्य को प्राप्त होती है। अक्सर वह कहता है, 'मैं तो ऐसा ही हूं' या 'परिस्थितियां ऐसी थीं', अथवा 'समाज ने मुझे ऐसा बना दिया।' लेकिन यह खुद से ही छलावा है, क्योंकि हर क्षण उसके पास चुनने की शक्ति है, और उस शक्ति से इन्कार करना भी एक चुनाव है।

जीवन अपने आप में अर्थहीन है और यही उसकी सबसे बड़ी संभावना है। यदि अर्थ पहले से तय होता, तो मनुष्य केवल एक मशीन होता, निर्देशों पर चलने वाली वस्तु। पर अर्थहीनता ही उसे यह साहस देती है कि वह अपने कर्मों, अपने संघर्षों और अपनी प्रतिबद्धताओं के माध्यम से स्वयं अर्थ रचे। मनुष्य अकेला है, पर यह अकेलापन निराशा नहीं, बल्कि यह सृजन का स्थल है। इसी अकेलेपन में वह स्वयं को रचता है, स्वयं को ऊंचा उठाता है। यही उसकी गरिमा है कि बिना किसी गारंटी, बिना किसी अंतिम सत्य के, फिर भी वह अर्थ चुनने का साहस करता है। जीवन का अर्थ दिया नहीं जाता, बल्कि जीवन का अर्थ बनाया जाता है। और यह जिम्मेदारी किसी और की नहीं, केवल हमारी है। मनुष्य स्वतंत्रता के साथ नहीं, बल्कि स्वतंत्रता की जिम्मेदारी के साथ जन्म लेता है। हर निर्णय, हर मौन, हर कदम उसका खुद का चुनाव है। परिस्थितियां बहाना हो सकती हैं, पर कारण नहीं। अर्थ हमें खोजने नहीं, रचने होते हैं। अकेलापन अभिशाप नहीं, बल्कि आत्म-सृजन का अवसर है। जो हम चुनते हैं, वही बनते हैं।

**-जीन-पॉल सार्त्र**

॥ गीता ज्ञान ॥



**श्लोक**

•/ · •/ · h·
` §a ‚ –
´ · a ØÆ • /


**भावार्थ**

इस मनुष्य लोक में कर्मों के फल को चाहने वाले लोग देवताओं का पूजन किया करते हैं, क्योंकि उनको कर्मों से उत्पन्न होने वाली सिद्धि शीघ्र मिल जाती है।

# सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा के लिए बनाए गए 5 केन्द्र, 2265 छात्र होंगे शामिल

### 1.30 बजे तक छात्रों को मिलेगा प्रवेश, 5 बजे तक चलेगी परीक्षा

**जागरण, रीवा।** सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा का आयोजन आगामी 18 जनवरी को किया जाना है, इसके लिए रीवा में पांच परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। जिसमें 2265 छात्रों के परीक्षा में बैठने की व्यवस्था की गई है। परीक्षा के लिए सेन्ट्रल एकेडमी के प्राचार्य डॉ.डीके पाठक को सिटी-क्वार्डिनेटर नियुक्त किया गया है। गुरुवार को परीक्षा के आयोजन के संबंध में बैठक सिटी क्वार्डिनेटर द्वारा ली गई और महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश सहित परीक्षा के संबंध में जानकारी दी गई। एक और बैठक का आयोजन परीक्षा के एक दिन पूर्व 17 जनवरी को किया जाएगा। इस संबंध में सिटी क्वार्डिनेटर डॉ.डीके पाठक ने बताया कि शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के अधीन विशेष परीक्षाओं के आयोजन के लिए गठित इकाई राष्ट्रीय परीक्षा एजेन्सी द्वारा आगामी 18 जनवरी को देश के विभिन्न प्रांतो में स्थित 33 सैनिक स्कूल व 69 नये सैनिक स्कूल के लिए कक्षा 6वीं व 9वीं में प्रवेश हेतु देश के 450 विभिन्न केन्द्रों में पेन व पेपर मोड से प्रवेश परीक्षा आयोजित की जायेगी। इस परीक्षा हेतु प्रदेश के अन्य शहरों के साथ रीवा में भी परीक्षा केन्द्र बनाए गऐ है। रीवा में 5 परीक्षा केन्द्र निर्धारित किये गये है। जिनमें सेन्ट्रल एकेडमी में


फाइल फोटो

472, ज्योति स्कूल में 576, सेक्रेड हार्ट कान्वेन्ट स्कूल में 480 तथा बाल भारती स्कूल में 480 व डीपॉल स्कूल में 257 छात्रों के बैठने की व्यवस्था की गई है। कुल 2265 परीक्षार्थी सम्मिलित होगें। परीक्षा के सफल संचालन हेतु सम्पूर्ण आवश्यक तैयारी कर ली गई है। सिटी-क्वार्डिनेटर के अनुसार सभी परीक्षा केन्द्रों के केन्द्राध्यक्षों व प्रेक्षकों के साथ बैठक कर महत्वपूर्ण आवश्यक निर्देश दे दिये गये है। परीक्षा का समय दोपहर 2 बजे से 4.30 बजे तक (कक्षा छठवी) व दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक (कक्षा नवमी) के लिए निर्धारित किया गया है।

**इसका करना होगा पालन :** परीक्षार्थियों का प्रवेश परीक्षा केन्द्रों में दोपहर 12 बजे से प्रारम्भ कर दिया जायेगा। प्रवेश हेतु समय प्रत्येक परीक्षार्थी के प्रवेश पत्र में समय अंकित किया गया है। परीक्षार्थियों को प्रवेश पत्र में अंकित प्रवेश समय का पालन करना आवश्यक होगा, क्योंकि परीक्षा कक्ष में जाने के पहले उसे विभिन्न प्रक्रियाओं से गुजरना पड़ेगा, प्रत्येक परीक्षार्थी को अपने साथ काला या नीला वॉल प्वाइन्ट पेन, पारदर्शी बाटल में पानी व फोटोग्राफ युक्त प्रवेश-पत्र जिसमें निर्धारित स्थान पर बाये हॉथ के अँगूठे का निशान व पालक का हस्ताक्षर होना आवश्यक है। छात्र अपना हस्ताक्षर प्रवेश-पत्र में परीक्षा कक्ष में परवीक्षक के उपस्थित में करेंगे।

### यह सामान रहेगा प्रतिबंधित

परीक्षार्थियों के लिए किसी भी प्रकार की घड़ी, मोबाइल फोन या अन्य इलेक्ट्रिानिक डिवाइस, स्टेशनरी मटेरियल-किताब, पेपर, लॉगटेबिल, व्हाइटनर आदि, व्यक्तिगत आयटम-पर्स, टोपी, चश्मा जैकिट, खाने-पीने की सामग्री, नुकीले औजार इत्यादि पूरी तरह से प्रतिबंधित है। यह स्पष्ट किया गया है कि इस परीक्षा में कोई त्र्णात्मक मूल्यांकन नहीं किया जायेगा। सिटी-क्वार्डिनेटर ने समस्त परीक्षार्थियों से विशेष अपील किया है कि आप परीक्षा केन्द्रों पर दोपहर 1.30 बजे के पहले आवश्यक रूप से प्रवेश कर जायें, क्योंकि 1.30 बजे के बाद पूरी तरह से प्रवेश प्रतिबन्धित कर दिया जायेगा। सिटी-क्वार्डिनेटर की अध्यक्षता में 17 जनवरी-26 को सुबह 11 बजे समस्त केन्द्राध्यक्षों की उपस्थित में महत्वपूर्ण बिन्दुओं व आवश्यक दिशा निर्देश हेतु एक आवश्यक बैठक सेन्ट्रल एकेडमी में आयोजित की गई। जिसमें परीक्षा से सम्बधित आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

## राष्ट्रीय प्रतियोगिता में दो खिलाड़ियों का हुआ चयन



**रीवा।** कबड्डी खिलाड़ी अंकिता सिंह व कौशिकी सिंह का चयन तेलंगाना में आयोजित राष्ट्रीय कबड्डी प्रतियोगिता के लिए किया गया है। बताया गया कि प्रदेश स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में रीवा जिला कबड्डी संघ से अंकिता सिंह व कौशिकी सिंह ने शानदार प्रदर्शन किया। जिसके बाद उनका चयन राष्ट्रीय कबड्डी प्रतियोगिता के लिए किसग या है। उनकी इस सफलता पर कबड्डी संघ के संरक्षक एमपी सिंह, मोहनलाल शर्मा, विजय सिंह, स्वदीप सिंह, अंर्तराष्ट्रीय खिलाड़ी दर्शना वाकड़े, दिलीप सिंह, रितिका शर्मा, विजय प्रताप सिंह, जयराम सिंह, पुष्पेन्द्र शर्मा, संचालक शारीरिक शिक्षा विभाग डॉ.रामभूषण मिश्रा, खेल अधिकारी एमके धौलपुरी, वरिष्ठ क्रीड़ा अधिकारी डॉ.हबीब खान, डॉ.राजेश भारती, डॉ.रावेन्द्र सिंह, डॉ.गायत्री शुक्ला सहित अन्य ने शुभकामनाएं दी हैं।

## रेलवे को दी गई दो व्हीलचेयर



**रीवा।** रेलवे स्टेशन में दिव्यांगों के उपयोग हेतु समाजवादी पार्टी के प्रदेश महासचिव अजय शुक्ला एवं प्रकाश तिवारी शहर अध्यक्ष के संयोजकत्व में रीवा स्टेशन प्रबंधक सतेंद्र सिंह बघेल को व्हीलचेयर की भेंट दी है। यह पुन्य कार्य रमेश तिवारी द्वारा अपनी स्व. माता गौरी देवी तिवारी की स्मृति में वृद्ध एवं दिव्यांगों के लिए दी गई। इस अवसर पर रेलवे इंजीनियर मनीष अवस्थी, अशोक गुप्ता, श्रीकांत चतुर्वेदी, जिला अध्यक्ष उमेश पटेल, शहर महासचिव वेद प्रकाश पांडेय, अनु मिश्रा, लवकेश तिवारी सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का हुआ आयोजन




**रीवा।** विंध्य विहार कॉलोनी स्थित लिटिल बैम्बिनोज स्कूल में स्वास्थ्य विभाग (राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम) के अंतर्गत गुरुवार को बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य स्कूली बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य की जांच कर प्रारंभिक स्तर पर स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की पहचान करना तथा समय पर उपचार सुनिश्चित करना रहा। शिविर का आयोजन सीएमएचओ डॉ.यत्नेश त्रिपाठी के निर्देशन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर विद्यालय की डायरेक्टर डॉ.गायत्री शुक्ला ने बच्चों, अभिभावकों एवं शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वस्थ बचपन ही स्वस्थ भविष्य की नींव होता है। बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण जिला अस्पताल रीवा के डॉ.सुनील अवस्थी एवं डॉ.नीलम शुक्ला ने

## छात्रों ने प्रदर्शित किए मॉडल, मिला पुरस्कार



### जिला स्तरीय विज्ञान मेला का आयोजन




**जागरण, रीवा।** आयुक्त राज्य शिक्षा केंद्र के निर्देशानुसार शासकीय हायर सेकेंडरी मार्तंड क्रमांक 3 में जिला स्तरीय विज्ञान मेला का आयोजन किया गया। जिसमें विज्ञान, गणित, पर्यावरण एवं सामाजिक विज्ञान विषय के मॉडल प्रदर्शनी लगाई गई। इनका अवलोकन डीपीसी राजेश तिवारी एवं बीईओ आरएल दीपांकर द्वारा किया गया। विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी में जिले के सभी विकासखंड के प्रतिभागी विद्यार्थी अपने प्रेरणादायक मॉडल के साथ शामिल हुए। जिला स्तरीय विज्ञान मेला में विद्यार्थियों को पुरस्कार एवं भोजन की व्यवस्था जिला शिक्षा केंद्र द्वारा की गई। विज्ञान मेला में एपीसी केसरी प्रसाद तिवारी, सोमनाथ वर्मा जिला शिक्षा केंद्र रीवा, नोडल अधिकारी दीपेंद्र सिंह बीआरसीसी रीवा, बीडी त्रिपाठी, नवनीत चौबे, आरएन मिश्रा, प्रभाकर सिंह, प्रमोद सिंह, रामकृष्ण द्विवेदी, अनुज पटेल, विशाल शुक्ला, एमके सोनी, अंजू पांडेय, प्रमोद सिंह, प्रदुमन द्विवेदी सहित रीवा जिले के नौ विकास खंड के चयनित विद्यार्थी शिक्षकों के साथ शामिल हुए।

## सीबीएसई, आईसीएसई सहित अन्य बोर्ड की मान्यता के लिए आवेदन शुरू

**रीवा।** लोक शिक्षण संचालनालय मप्र द्वारा सीबीएसई बोर्ड, आईसीएसई सहित अन्य बोर्ड के मान्यता को लेकर नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। इससे संबंधित आदेश गुरूवार को संचालक लोक शिक्षण मप्र केके द्विवेदी द्वारा जारी किए गए हैं। जारी आदेश में बताया गया कि है कि सीबीएसई, आईसीएसई एवं अन्य बोर्ड द्वारा संचालित अशासकीय विद्यालयों की वर्ष 2027-28 से मान्यता नवीनीकरण/नवीन मान्यता प्रदान करने तथा उक्त कार्यवाही के साथ-साथा शासन से अनापत्ति की जाने के संबंधी कार्यवाही हेतु गुरूवार को पोर्टल खोल दिया गया है। मान्यता नवीनीकरण/नवीन मान्यता/ अपग्रेडेशन हेतु एमपी ऑनलाइन पर सभी प्रविष्टियों से पूरी तरह भरे हुए आवेदन पत्र अपलोड करने की अंतिम तिथि 15 फरवरी 2026 रहेगी। विलंब शुल्क 20 हजार रुपए के साथ आवेदन करने की अंतिम तिथि 10 मार्च 2026 तक रहेगी। संभागीय संयुक्त संचालक द्वारा दल गठित कर छानबीन करने के उपरांत नवीन मान्यता प्रकरणो/नवीनीकरण प्रकरणों/ अपग्रेडेशन किए जाने के संबंध में निर्णय लेने की अंतिम तारीख 25 मार्च 2026 रहेगी। इसी प्रकार जिन संस्थाओं के आवेदन संभागीय संयुक्त संचालक स्तर पर निरस्त हुए उनके द्वारा आयुक्त लोक शिक्षण का ऑनलाइनन अपील की अवधि 25 अप्रैल 2026 तक रहेगी। वहीं ऑनलाइन प्रकरणों का निराकरण आयुक्त लोक शिक्षण द्वारा 25 मई 2026 तक किया जाएगा।

## रीवा ने पहली पारी में ग्वालियर से ली 21 रनों की लीड

### मैच बेहद रोमांचक मोड़ पर, स्व.हीरालाल गायकवाड़ (अंडर-18)अंतर संभागीय क्रिकेट प्रतियोगिता



**जागरण, रीवा।** डिवीजनल क्रिकेट एसोसिएशन के आयोजकत्व में मध्यप्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन की स्व. हीरालाल गायकवाड़ अंडर-18 अंतर संभागीय क्रिकेट प्रतियोगिता के दूसरे राउंड के अंतर्गत रीवा के एमपीसीए क्रिकेट मैदान में मेजबान रीवा एवं ग्वालियर की टीमों के बीच खेले जा रहे 4 दिवसीय मैच के तीसरे दिन के खेल में रीवा ने पहली पारी में 21 रनों की महत्वपूर्ण लीड लेने में सफलता प्राप्त की है। पर यह मैच एक रोमांचक अंत की ओर जाता दिख रहा है। इस मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुये रीवा की टीम ने कप्तान हर्षित यादव के शतक एवं मानव मिश्रा के अर्धशतक की सहायता 321 रन बनाये थे, जिसके जवाब में ग्वालियर के बल्लेबाजों ने भी जुझारू बल्लेबाजी की पर उनकी पहली पारी 300 रना ही बना सकी व रीवा को पहली पारी में 21 रनों की महत्वपूर्ण लीड प्राप्त हुयी। ग्वालियर की ओर से शुभ शर्मा ने 65 रन व प्रथम राजपूत ने 63 रन बनाये। इसके बाद रीवा ने अपनी दूसरी पारी की लड़खड़ाती शुरूआत की व तीसरे दिन के खेल के समाप्त होने के समय तक रीवा ने अपनी दूसरी पारी में 3 विकेट खोकर 55 रन बना लिये हैं। राजशेखर द्विवेदी 20 रन पर नाबाद हैं। यह मैच बेहद रोमांचक दौर में पहुँच चुका है जहाँ से कोई नतीजा सामने आ सकता है। रीवा के शेष बचे बल्लेबाज ज्यादा से ज्यादा रन बनाने अथवा समय निकालने का प्रयास करेंगे वही 21 रनों के मामूली अंतर से पिछड़ने वाली ग्वालियर टीम के गेंदबाज रीवा के शेष विकेट जल्दी आउट कर मैच जीतने की कोशिश करेंगे।

### 10 विकेट से हारी उज्जैन की टीम

महाराजा पब्लिक स्कूल के मैदान में खेले जा रहे अन्य मुकाबले में चंबल की टीम ने अपने शानदार प्रदर्शन से उज्जैन को 10 विकेटों के विशाल अंतर के साथ पराजित कर बोनस अंक के साथ जीत दर्ज की। इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुये उज्जैन की टीम ने पहली पारी में 193 रनों का स्कोर बनाया था, जिसके जवाब में चंबल की टीम ने अथर्व शर्मा के 105 रन एवं विशाल प्रजापति के 57 रनों की मदद से पहली पारी में 331 रनों का स्कोर बनाने में सफलता प्राप्त की तथा पहली पारी में 138 रनों की लीड ली। पहली पारी में 138 रनों से पिछड़ने के बाद उज्जैन की दूसरी पारी तीसरे दिन के खेल में 153 रनों पर सिमट गयी। उज्जैन की ओर से मीत शर्मा ने 60 रन बनाये। चंबल के रामप्रताप सिंह एवं निश्चय सिकरवार ने 3-3 विकेट लिये। अब चंबल के सामने जीत के लिये दूसरी पारी मात्र 16 रनों का लक्ष्य था जिसे उन्होंने बिना विकेट खोए बना लिया व 10 विकेटों से शानदार जीत दर्ज की। इस मैच के अंपायर इन्दौर के रोहन श्रीवास्तव एवं पार्थ तोमर रहे, जबकि स्कोरर सिंगरौली के बेरू किरण कुमार थे। मैच के आब्जर्वर इन्दौर के देवेन्द्र परमार थे। मैच के समाप्त होने के पश्चात रीवा डिवीजनल क्रिकेट एसोसिएशन के सह-सचिव देवेश शुक्ला के आतिथ्य में मैच में 105 रनों की पारी खेलने वाले अथर्व शर्मा एवं 9 विकेट लेने वाले रामप्रताप सिंह को संयुक्त रूप से मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार प्रदान किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ खिलाड़ी महेन्द्र सिंह एवं धीरेन्द्र शुक्ला भी उपस्थित रहे।



## सुपर स्पेशलिटी अस्पताल रीवा की बड़ी छलांग

# गर्भवती व दिव्यांग महिला की सिकुड़ चुकी थी मिट्रल वाल्व, चिकित्सकों ने बीएमवी से बचाई जान



### हृदय रोग विभाग को मिली एक और बड़ी उपलब्धि

जागरण, रीवा

सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल लगातार हृदय रोगों के जटिलतम प्रोसीजर में नई सफलताएं हासिल कर रहा है। हाल ही में कार्डियोलॉजी विभाग की टीम ने दो अत्यंत चुनौतीपूर्ण मामलों में सफल बैलून मिट्रल वाल्वुलोप्लास्टी (बीएमवी) प्रक्रिया करके मरीजों का उपचार किया गया। यह विंध्य क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि मानी जा रही है। बताया गया कि 32 वर्षीय एक गर्भवती महिला डॉ.एसके त्रिपाठी के पास सुपर स्पेशलिटी अस्पताल की ओपीडी में पहुंची। जिन्हें न्यूनतम शारीरिक गतिविधि में भी सांस फूल रही थी और लेटने पर भी सोना मुश्किल हो रहा था। इकोकार्डियोग्राफी से जानकारी हुई कि मरीज का मिट्रल वाल्व पूरी तरह सिकुड़ चुका था, चिकित्सकों ने बताया कि गर्भावस्था जारी रखने में मरीज के जीवन को गंभीर खतरा हो सकता है। महिला की पिछली दो प्रेग्नेंसी पहले ही असफल हो चुकी थीं, इसलिए यह गर्भावस्था उनके लिए अत्यंत बहुमूल्य थी। ओपन हार्ट सर्जरी का विकल्प जोखिमपूर्ण होने के कारण टीम ने बैलून मिट्रल वाल्वुलोप्लास्टी (बीएमवी) का निर्णय लिया। हाई रिस्क कंसेंट लेकर डॉ.एसके त्रिपाठी और डॉ.सुरेंद्र तिवारी ने यह प्रक्रिया अत्यंत सफलतापूर्वक संपन्न की। अब महिला पूर्ण रूप से स्वस्थ हैं और अपनी गर्भावस्था सुरक्षित रूप से जारी रख पाएंगी। यह रीवा में इस प्रकार का पहला मामला रहा।

### पोलियो पीड़ित महिला की सफल हुई बीएमवी

अस्पताल में ही एक अन्य महिला मरीज का उपचार किया गया। बताया गया कि मरीज को बचपन में पोलियोमाइलाइटिस की बीमारी के कारण एक पैर पतला और कमजोर हो गया था, पाया गया कि महिला में भी मिटल वाल्व पूरी तरह से सिकुड़ चुका है। महिला की बीमारी के चलते यह प्रक्रिया चुनौती पूर्ण था। फिर भी डॉ.व्हीडी त्रिपाठी के कुशल मार्गदर्शन में डॉ.सुरेंद्र तिवारी, डॉ.एसके त्रिपाठी की टीम ने चुनौती स्वीकार की और (बीएमवी) सफलतापूर्वक पूरी की गई। मरीज अब पूरी तरह स्वस्थ हैं।

### टीम में यह रहे शामिल

टीम में विभागध्यक्ष डॉ.व्हीडी त्रिपाठी के नेतृत्व में डॉ.सुरेन्द्र तिवारी, डॉ.एसके त्रिपाठी सहित कैथ लैब तकनीशियन जय नारायण मिश्रा, सत्यम शर्मा, मनीष तिवारी, सुमन साहू, सुधांशु तिवारी, विजय, सोनाली, निकित तथा नर्सिंग स्टाफ मनीषा, शांति, सतेंद्र, किशोर, निधी, प्रीती, ललिता ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। इन सफलताओं पर डीन डॉ. सुनील अग्रवाल और अधीक्षक डॉ.अक्षय श्रीवास्तव ने पूरी कार्डियोलॉजी टीम को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि रीवा का सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल अब जटिलतम हृदय प्रक्रियाओं में क्षेत्रीय स्तर पर अग्रणी बन चुका है, जिससे विंध्य क्षेत्र के मरीजों को बड़े शहरों की यात्रा से मुक्ति मिल रही है।

# साईं मंदिर के पास लगा नगर निगम का संकल्प से समाधान अभियान शिविर



**जागरण, रीवा।** नगर निगम द्वारा गुरुवार को संकल्प से समाधान अभियान के तहत साईं मंदिर के पास शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में पहुंचे हितग्राहियों को पात्रतानुसार जनहित की योजनाओं का लाभ दिया गया। गौरतलब है कि मध्यप्रदेश शासन सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय भोपाल के निर्देश पर शासन की विभिन्न जन योजनाओं एवं सेवाओं में हितग्राहियों को लाभ प्रदाय करने हेतु 'संकल्प से समाधान अभियान' का आयोजन 31 मार्च तक किया जा रहा है। नगर निगम द्वारा हितग्राही मूलक योजनाओं के सफल क्रियान्वयन हेतु कैम्प का आयोजन जोनवार किया जा रहा है। जोनवार शिविर के आयोजन का दायित्व कार्यपालन यंत्री को सौंपा गया है। इस क्रम में गुरुवार को जोन क्र. 03 हेतु आरटीओ ऑफिस के पास संकल्प से समाधान अभियान अंतर्गत नगर निगम द्वारा शिविर का आयोजन किया जावेगा। शिविर का जोनवार निरंतर आयोजन चार चरणों में किया जाना है। इन शिविरों के माध्यम से आमजनता के आवेदनों पर कार्यवाही करते हुए पात्र हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं का लाभ प्रदान किया जावेगा। नगर निगम द्वारा अपील की गई है कि नगरवासी शिविर में पधारकर शासन की योजनाओं का लाभ उठाएं।

## अकार्यशील 95 सहकारी समितियों को परिसमापन का नोटिस

**रीवा।** रीवा एवं मऊगंज जिले में अकार्यशील 95 सहकारी समितियों को परिसमापन का नोटिस जारी किया गया है। समितियों के वित्तीय पत्रक का अवलोकन किया गया जिसमें पाया गया कि समितियों द्वारा तीन वर्ष से अधिक समय से कोई कार्य नहीं किया गया है। जिस पर उपायुक्त सहकारिता ने समितियों को मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम 1960 की धारा 69 (3) के तहत परिसमापन का नोटिस जारी किया है। समितियों को परिसमापन में लाने के पूर्व समिति के पदाधिकारी को समिति के संचालन के लिए 26 जनवरी तक कार्यालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखने को कहा गया है। अन्यथा की स्थिति में समितियों के परिसमापन की कार्यवाही की जाएगी। उपायुक्त सहकारिता ने 43 दुग्ध सहकारी समितियों, 5 बीज उत्पादक वर्ग की सहकारी समितियों, 13 मत्स्य सहकारी समितियों, 12 बहुउद्देशीय सहकारी समितियों, 8 उपभोकत भंडार सहकारी समितियों और 14 अन्य वर्ग की सहकारी समितियों को अकार्यशील रहने पर परिसमापन का नोटिस जारी किया है।

# छः साल से पिला रहे वार्ड के लोगों को गटर का पानी

### जांच करने पर निकली फूटी पेयजल पाइपलाइन



**जागरण, रीवा।** पीएचई द्वारा शहर के वार्ड क्रमांक 12 उर्रहट के रहवासी पिछले पांच-छः साल से गटर का पानी पी रहे हैं। नलों में प्रदाय हो रहे बदबूदार पानी की वार्डवासियों द्वारा कई बार शिकायत करने के बाद भी जिम्मेदारों ने इस समस्या का समाधान खोजने की व्यवस्था नहीं की। दो दिन पूर्व यहां जब पेयजल पाइपलाइन की जांच करने खोदाई की गई तो पता चला कि पेयजल पाइपलाइन फूटी है और उसमें गटर का पानी भी समाहित हो रहा है, यही पानी अब तक नलों के माध्यम से लोगों के घरों तक पहुंच रहा था। लाइन की मरम्मत करने वालों ने बताया कि फूटी पाइपलाइन को काटकर जोड़ दिया गया है, जिससे अब गटर का पानी उसमें नहीं मिल रहा, यानी छः साल से लोगों की शिकायत के बाद भी संबंधित विभाग के अधिकारी, कर्मचारियों ने लोगों की शिकायत को गंभीरता से नहीं लिया, जबकि वार्डवासी प्रतिमाह पेयजल का प्रतिमाह भुगतान भी करते रहे इससे तो यही प्रतीत होता है कि उपभोक्ताओं की शिकायतों को विभाग द्वारा गंभीरता से नहीं लिया जाता, जिसके चलते वार्ड 12 की भांति अन्य वार्ड के लोग भी गटर का पानी पीने को मजबूर हैं।

## संपत्तिकर वसूली में नगर निगम का सख्त एक्शन

# कुर्की कार्रवाई से हड़कंप, 9 बड़े बकायादारों ने मौके पर चुकाया टैक्स



**जागरण, रीवा।** संपत्तिकर की वसूली के लिए निगमायक्त द्वारा बनाई गई बड़े बकायादारों के यहां कुर्की की कार्यवाही की योजना बड़े काम आ रही है। जिनका भी संपत्तिकर या जलकर बकाया है उनमें हड़कंप की स्थिति है, वे धड़ाधड़ टैक्स जमा कर कुर्की कार्यवाही की जिल्लत से निजात पा रहे हैं। नगर निगम की टीम जब बकायादार के प्रतिष्ठान या घर में पहुंचती है तो सभी बड़े बकायादार मौके पर टैक्स चुका रहे हैं। गुरुवार को जोन क्रमांक 04 में 09 स्थानों पर नगर निगम की टीम कुर्की की कार्यवाही हेतु पहुंची, जहां सभी बकायादारों द्वारा मौके पर राशि जमा करा दी गई। शहर के विकास कार्यों को गति देने और राजस्व व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने की दिशा में निगमायुक्त के निर्देश पर नगर निगम रीवा की राजस्व टीम द्वारा बड़े संपत्तिकर बकायादारों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करते हुए कुर्की अभियान निरंतर जारी है। अंतिम सूचना के बावजूद बकाया राशि जमा न करने वाले बड़े करदाताओं के विरुद्ध निगम द्वारा मैदानी स्तर पर प्रभावी कार्रवाई की गई। वसूली अभियान को तेज करते हुए जोन क्रमांक-04 में 09 स्थानों पर नगर निगम की टीम कुर्की की कार्रवाई हेतु पहुँची, जहां कार्रवाई के दौरान सभी 09 बड़े बकायादारों द्वारा मौके पर ही बकाया संपत्तिकर राशि नगर निगम कोष में जमा कराई गई। इस दौरान नगर निगम उपायुक्त, सहायक आयुक्त, राजस्व अधिकारी, राजस्व निरीक्षक, अतिक्रमण प्रभारी एवं उपराजस्व निरीक्षक उपस्थित रहे।

### आगे भी जारी रहेगी कुर्की की कार्यवाही


नगर निगम द्वारा बार-बार सूचना दिए जाने के बावजूद बकाया राशि जमा न होने पर मध्यप्रदेश नगर पालिक निगम अधिनियम, 1956 के प्रावधानों के तहत अंतिम सूचना पत्र जारी किए गए थे। निर्धारित समय-सीमा समाप्त होने के बाद भी भुगतान न करने पर कुर्की की कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। नगर निगम द्वारा स्पष्ट किया गया है कि बड़े बकायादारों के विरुद्ध इस प्रकार की कुर्की की कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी। उन्होंने बताया कि मध्यप्रदेश नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 173 के अंतर्गत देयक एवं धारा 174 के अंतर्गत मांग-पत्र तथा अंतिम सूचना पत्र के माध्यम से संबंधित करदाताओं को बार-बार सूचित किया जाता रहा है। इसके बावजूद जिन संबंधित व्यक्तियों द्वारा निर्धारित राशि नही जमा किया जा रहा है उनकी संपत्तियां कुर्क की जा रही हैं।

### इन बकायादारों ने जमा कराई राशि

जोन क्रमांक 04 में कुर्की की कार्यवाही से बचने के लिए जिन बकायादारों ने मौके पर राशि जमा की है उनमें मिथिलेश प्रसाद तिवारी बकाया राशि 118752 रु, ठाकुरदास बकाया राशि 115488 रु, दिलीप कुमार बकाया राशि 55122 रु, आनंदराम बकाया राशि 90378 रु, सत्यप्रकाश बकाया राशि 44335 रु, महेश गुप्ता बकाया राशि 57158 रु, नरेन्द्र सिंह बकाया राशि 64724 रु, उदयभान सिंह बकाया राशि 68927 रु, रघुराई यादव बकाया राशि 62919 रु. शामिल है।



# पितृपुरुष गुरुदेव गुप्त के 107वें जन्मदिवस पर जागरण परिवार ने किया स्मरण



**विशेष संवाददाता, भोपाल।** पत्रकारिता के पितृपुरुष एवं दैनिक जागरण के संस्थापक स्वर्गीय गुरुदेव गुप्त को उनके 107वें जन्मदिन पर उन्हें याद किया गया। मंगलवार को राजधानी के स्व. गुरुदेव गुप्त चौराहे पर आयोजित गरिमामय आयोजन में उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल सहित विशिष्टजनों ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अपनी पुष्पाजंलि अर्पित की। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने बाबू जी के साथ अपने संस्मरण बताते हुए उन्हें पत्रकारिता का पितृपुरुष बताया। खेल, युवा एवं सहकारिता मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने भी स्व. गुप्त को पुष्पांजलि अर्पित की। इस मौके पर दैनिक जागरण रीवा के संपादक मदनमोहन गुप्त, दैनिक जागरण भोपाल के स्थानीय संपादक एवं जागरण वेलफेयर सोसायटी के चेयरमैन हरिमोहन गुप्त, दैनिक जागरण भोपाल के संपादक राजीव मोहन गुप्त, दैनिक जागरण के मैनेजिंग डायरेक्टर आशुतोष मोहन गुप्त, जागरण वेलफेयर सोसाइटी के ज्वाइंट सेक्रेटरी अभिषेक मोहन गुप्त और दैनिक जागरण के सीईओ अंशुमान मोहन गुप्त सहित जागरण परिवार के सदस्य मौजूद रहे।





# सड़क पर धड़ल्ले से दौड़ रही कंडम बसें बड़ी दुर्घटनाओं को दे रहीं आमंत्रण

### सवारियों से अधिक भरा रहता है लगेज ओवरलोड बन रहा दुर्घटना का कारण



**जागरण, रीवा।** इंदौर से रीवा आ रही बस मां भवानी ट्रेवल्स में गत दिवस आग लगने से पूरी बस स्वाहा हो गई। समय रहते सड़क पर जा रहे ट्रक चालक व बस स्टाफ की तत्परता से यात्रियों को सुरक्षित निकाल लिया गया अन्यथा बड़ी घटना घट सकती थी। जानकारों की मानें तो लंबी दूरी तक चलने वाली इन बसों में सवारियों से अधिक लगेज भरा रहता है। जिसके चलते बस ओवरलोड हो जाती है और ओवरलोड वाहनों के टायर बस चलने के दौरान गर्म हो जाते हैं, यदि ध्यान न दिया गया तो इसके आग भी लग सकती है, संभवतः उक्त घटना का कारण भी ओवरलोड ही बताया जा रहा है। जिसमें पचास सवारियां भरी होनेके साथ ही काफी लगेज भी भरा हुआ था।

इसी प्रकार शहर में कंडम बसों की भी भरमार है। 2011 में भी इंदौर चलने वाली बस में आग लगाए जाने की घटना के बाद से परिवहन विभाग द्वारा बसों के फिटनेस के साथ जहां तक बस संचालित की जा रही है वहां का और बीच में पड़ने वाले स्टेशनों की किराया सूची चस्पा करने के निर्देश प्रदान किए थे। इसी दौरान आपातकालीन द्वार, बसों में फर्स्ट एड बॉक्स रखा जाना अनिवार्य किया गया था। किन्तु कुछ समय तक उक्त निर्देशों का पालन हुआ बाद में पुरानी स्थिति बहाल हो गई जो अभी भी यथावत है। वर्तमान में जो बसें संचालित हो रही हैं, किसी में भी किराया सूची चस्पा नहीं है, फर्स्टएड बॉक्स नहीं हैं। फिटनेस को लेकर भी बस संचालक गंभीर नहीं हैं। नियमानुसार सवारियों को ढोने वाली इन बसों की परिवहन विभाग, यातायात विभाग द्वारा समय-समय पर जांच भी की जाना है, किन्तु शहर सहित समीपस्थ क्षेत्रों में चलने वाली बसों को देखकर तो यही प्रतीत होता है इन बसों की लंबे से जांच तक नहीं हुई।

## कमिश्नर 20 जनवरी को गूगल मीट से करेंगे समीक्षा

**रीवा।** कमिश्नर बीएस जामोद समाधान ऑनलाइन में लंबित आवेदन पत्रों के निराकरण की 20 जनवरी को समीक्षा करेंगे। समीक्षा बैठक गूगल मीट के माध्यम से दोपहर एक बजे आरंभ होगी। बैठक में समाधान ऑनलाइन के एजेण्डा बिन्दुओं में लंबित सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण बिन्दुवार तथा जिलेवार समीक्षा की जाएगी। कलेक्टर तथा जिला स्तरीय अधिकारी गूगल मीट के माध्यम से इसमें शामिल होंगे। एजेण्डा बिन्दुओं से संबंधित संभागीय अधिकारी कमिश्नर कार्यालय के वीडियो कान्फ्रेंसिंग कक्ष से बैठक में शामिल होंगे।

## रीवा जिले में अब तक 4 लाख 12 हजार टन धान की हुई खरीद

**रीवा।** जिले में 96 खरीदी केन्द्रों में पंजीकृत किसानों से समर्थन मूल्य पर धान का उपार्जन किया जा रहा है। जिले में 15 जनवरी तक 64289 किसानों से 4 लाख 12 हजार 897 टन धान का उपार्जन किया जा चुका है। इस संबंध में जिला आपूर्ति अधिकारी कमलेश ताण्डेकर ने बताया कि कुल खरीदे गए धान में से 3 लाख 52 हजार 725 टन धान का परिवहन करके सुरक्षित भण्डारण कराया जा चुका है। कुल खरीदी में से 4 लाख 8 हजार 420 टन धान परिवहन के लिए तैयार है। अब तक गोदाम स्तरीय खरीदी केन्द्रों में 95 प्रतिशत तथा समिति स्तरीय खरीदी केन्द्रों में खरीदी गई धान के 89 प्रतिशत के स्वीकृति पत्र जारी किए जा चुके हैं। किसानों को 978 करोड़ 16 लाख का भुगतान मंजूर किया गया है तथा 699 करोड़ 16 लाख रुपए का किसानों के बैंक खाते में भुगतान किया जा चुका है। धान का उपार्जन 20 जनवरी तक किया जाएगा।

## मोहल्ला टोली गठन व सप्ताह सत्संग कराने लिया गया निर्णय




**रीवा।** विश्व हिंदू परिषद की जन जागरण बैठक पुष्पराज नगर में गुरुवार को जिला विभाग मंत्री विश्वनाथ खारौल बाबा के निवास में विश्व हिंदू परिषद के जिला संगठन मंत्री अवधेश सिंह के विशेष उपस्थिति व मार्गदर्शन में हुई। बैठक की अध्यक्षता गौ रक्षा परिषद के केंद्रीय मंत्री लालबहादुर सिंह एडवोकेट ने की। बैठक को सम्बोधित करते हुए विश्व हिंदू परिषद के जिला संगठन मंत्री श्री सिंह ने संगठन की सामाजिक, सांस्कृतिक और सेवा-आधारित पहलों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। उन्होंने आगे कहा कि नगर, प्रखंड व खंडों तक समिति बना कर अच्छे कार्यकर्ताओं को जोड़ना है व हर प्रखंडों में हर सप्ताह सत्संग कार्यक्रम निरंतर कर लोगों के बीच जन जागरण का संदेश फैलाएं। बैठक में त्रिवेणी जायसवाल, नन्द लाल ताम्रकार, दीपू बड़वानी, सुमित माजवानी, रुचेंद्र लखन यादव, आयुष गुप्ता, सुशील शर्मा, आलोक सिंह नारायण कुशवाहा, कोदूलाल विश्वकर्मा, केदारबाबू गुप्ता, विजय कुशवाहा, मनोहर ठारवानी, रमेश गुप्ता, नितिन गुप्ता, विपिन कुशवाहा, धीरू, गुड्डू वाजपयी, मुन्ना कुशवाहा सहित हिंदू कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




# कप्तान अवधेश प्रताप सिंह स्मृति अंतर्राज्यीय क्रिकेट टूर्नामेंट 18 से

## विधायक विक्रम सिंह के साथ आयोजन समिति की हुई बैठक





**जागरण, सतना।** रामपुर बाघेलान कप्तान अवधेश प्रताप सिंह स्मृति अंर्तराज्यीय क्रिकेट टूर्नामेंट 18 जनवरी से हनुमानगंज के लाल चन्द्रकांत सिंह स्टेडियम में खेला जायेगा। क्रिकेट के इस महाकुंभ में देश एवं प्रदेश की जानी-मानी टीमें शामिल होंगी जिसमें लखनऊ, प्रयागराज, भोपाल, इंदौर, नोएडा, जयपुर, हैदराबाद, जबलपुर, रीवा, सतना, सीधी, मेजबान रामपुर बाघेलान के खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। बताया गया है कि कि यह एक ईनामी टूर्नामेंट है जिसमें विजेता टीम को एक लाख रूपये नगद और ट्राफी एवं उपविजेता टीम को पचास हजार रूपये नगद एवं ट्राफी प्रदान की जायेगी। इस टूर्नामेंट का आयोजन विगत कई वर्षो से हो रहा है जिसका यह 50 वां संस्करण है जिसमें रामपुर बाघेलान के खेल प्रेमी और आयोजन समिति के सदस्य इसको भव्य रूप देनें की तैयारी कर चुके है। सभी खेल प्रेमियों से 18 जनवरी दिन रविवार सुबह 10 बजे से लाल चन्द्रकांत सिंह स्टेडियम पहुंच कर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करनो का आग्रह किया गया है। आयोजन समिति की बैठक में मुख्य रूप से विधायक विक्रम सिंह, अशोक सिंह, विश्वविजय सिंह, पवन गौतम, पुष्पेन्द्र सिंह, सिद्धार्थ सिंह, रामपाल सिंह, कमलेश कचेर, विद्याधर तिवारी, आशीष सिंह अम्बू, अखिलेश सिंह अजीत सिंह, प्रदीप सिंह, शिवमोहन सिंह, कुबेर ताम्रकार, गंगा सिंह सहित आयोजन समिति के सदस्य मौजूद रहे।

### घनश्याम दास कुशवाहा ने लिया देहदान का संकल्प



**सतना।** कुलगढ़ी उचेहरा निवासी घनश्याम प्रसाद कुशवाहा ने संत मोतीराम आश्रम के महंत स्वामी रिम्यादास जी की प्रेरणा से प्रेरित होकर 14 जनवरी मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर गुरुजी से आशीर्वाद प्राप्त कर जीवनकाल पश्चात देहदान का संकल्प लिया। कुशवाहा के देहदान का संकल्प लेने पर स्वामी ने समाज को प्रेरणा देते हुए कहा निश्चित ही देहदान से समाज को अच्छे चिकित्सक मिलेंगे।

# जमीनी विवाद में ग्राम कृष्णगढ़ में खूनी संघर्ष, दो घायल

**जागरण, पवई।** थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कृष्णगढ़ में जमीनी विवाद को लेकर एक ही परिवार के बीच विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। पहले महिला के साथ मारपीट और गाली-गलौज का मामला दर्ज हुआ, वहीं अगले ही दिन विवाद बढ़कर खूनी संघर्ष में बदल गया। घटना में गोली लगने से एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि दूसरे को सिर में चोट आई है। दोनों घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल कटनी रेफर किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम कृष्णगढ़ निवासी सबीना अख्तर पति स्वर्गीय अकरम खान का अपने देवर अफजल खान उर्फ रानू से जमीनी विवाद चल रहा था। पति की मृत्यु के बाद सबीना को कथित रूप से लगातार परेशान किया जा रहा था, जिससे वह कुछ समय से अपने मायके ग्राम ककरेहटी में रह रही थी। 14 जनवरी को सबीना अख्तर अपने बच्चों के साथ अपने भाई मोहम्मद रईस के साथ कृष्णगढ़ स्थित अपने घर पहुंची थी। इसी दौरान अफजल खान द्वारा यह कहते हुए अपमानित किया गया ।


## पश्चिम मध्य रेल

**विज्ञापन**

इस कार्यालय के पत्र कमांक पमरे/का. जबल/ईजी/947/Re-Employment/भाग-।। दिनांक 07/01/2026 के संदर्भ में कैरेज वैगन विभाग में कनिष्ठ अभियंता, लेवल-6 के रिक्त पदों के विरुद्ध इच्छुक सेवानिवृत्त कर्मचारी/दिनांक 31/01/2026 तक सेवानिवृत्त होने वाले अराजपत्रित रेल कर्मचारियों से संविदा के आधार पर कार्य कराने जाने (पुनःनियोजन) का निर्णय लिया गया हैं, जिसके तहत आवेदन आमंत्रित किये गये हैं। 65 वर्ष की आयु तक पुनः नियोजन का प्रावधान हैं। इस संबंध में विस्तृत अधिसूचना एवं जानकारी पश्चिम मध्य रेल की वेबसाइट (www.wcr.indianrailways.gov.in) पर भी उपलब्ध हैं।

(हस्ता.)
कृते मंडल रेल प्रबंधक (का.),
पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर



## कार्यालय नगर परिषद मऊगंज जिला मऊगंज (म.प्र.)

क्रमांक/3128/e-tendering/NP/2025 cmomahuganj @mpurban.gov.in मऊगंज दिनांक 13.01.2026

**ई निविदा सूचना प्रथम आमंत्रण**

निम्नलिखित कार्य हेतु केंद्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाइन निविदाएँ आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in/ पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्र. जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_UAD 475663_1 दिनांक 14.01.2026 | नगर परिषद मऊगंज अंतर्गत बिरसा मुंडा सामुदायिक भवन निर्माण कार्य | 1. 45 दिवस 2. 1999517/- | 1.2000/- 2,15000/- | 14.02.2026 |
| 2 | 2026_UAD 475664_1 दिनांक 14.01.2026 | नगर परिषद मऊगंज अंतर्गत स्मार्ट फिश पार्लर निर्माण कार्य | 1. 30 दिवस 2. 368097/- | 1.2000/- 2.3680/- | 01.02.2026 |

नोटः- निविदा से सम्बंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाइन https://mptenders.gov.in/ की वेबसाइट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर परिषद मऊगंज जिला मऊगंज ( म.प्र. )


# पुरानी रंजिश में युवक की पत्थर से कुचलकर हत्या, आरोपी गिरफ्तार



**जागरण, कटनी।** जिले के कैमोर थाना क्षेत्र के अंतर्गत नन्हवारा कला में पुरानी रंजिश के चलते एक सनसनीखेज हत्याकांड सामने आया है। बीती रात एक युवक की पत्थर से सिर कुचलकर बेरहमी से हत्या कर दी गई। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए त्वरित कार्रवाई की और आरोपी को नामजद कर लिया है। मृतक की पहचान आलोक गुप्ता उम्र 31 वर्ष के रूप में हुई है जो वार्ड क्रमांक 11 खरखरी छैघरा थाना विजयराघवगढ़ का निवासी था। जानकारी के अनुसार आरोपी सोनू कोल पिता सुभाष कोल निवासी वार्ड क्रमांक 1 नन्हवारा कला का आलोक के साथ पुरानी रंजिश चल रही थी। इसी विवाद ने हिंसक रूप ले लिया जिसमें सोनू कोल ने आलोक के सिर पर पत्थर पटककर उसकी हत्या कर दी। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी ने शव को नन्हवारा कला बड़ी खदान के पास झाड़ियों में छिपा दिया। झाड़ियों में शव मिलने की सूचना मिलते ही कैमोर पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लिया। एएसपी डॉ.संतोष डेहरिया ने मामले की पुष्टि करते हुए मीडिया को बताया कि आरोपी सोनू कोल के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। प्रारंभिक जांच में हत्या का मुख्य कारण पुरानी रंजिश बताया जा रहा है। पुलिस ने घटनास्थल से साक्ष्य एकत्रित कर मामले की विस्तृत जांच शुरू कर दी है।

# शरणागति ही वैष्णव परंपरा का मूल सार : स्वामी रामकृष्णाचार्य



**सतना।** रामानुज वैष्णव मंडल सतना द्वारा नगर एवं आसपास के क्षेत्रों में स्वामी रामकृष्णाचार्य महाराज का जगह.जगह भव्य एवं श्रद्धापूर्ण स्वागत किया गया। गुरु महाराज के आगमन पर जहाँ.जहाँ से उनका मार्ग गुजराए वहाँ भक्तों ने पुष्पवर्षा कर जयकारों के साथ गुरु का स्वागत एवं वंदन किया। श्री रामानुज वैष्णव मंडल के रामचरण गुप्ता' ने जानकारी देते हुए बताया कि सदन भरहुत नगर कश्यप मैरिज हाल बड़ी सेमरिया बिरसिंहपुर जैतवारा कोठी मझगवांए मैहर उचेहरा रामपुर बघेलान अमरपाटन एवं रामनगर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और चरण सेवा कर पुण्य लाभ प्राप्त किया।


## पश्चिम मध्य रेल

यॉत्रिक शाखा ओपन टेंडर
सिंगल पैकेट सिस्टम
टेन्डर नोटिस संख्या जबल. यॉत्रिक-टेन्डर-01-2026 दिनांक 13/01/2026

निम्नलिखित कार्य के लिये ई-निविदा भारत संघ के राष्ट्रपति के पक्ष में वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर (कोचिंग), मंडल रेल प्रबंधक (यॉत्रिक), पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर के द्वारा आमंत्रित की जाती है।, **निविदा सूचना क्रमांक-** JBP-M-Tender -01-2026 dated 13/01/2026, **कार्य का नाम लोकेशन सहित** - सिक लाइन कोचिंग डिपो, रीवा में सुविधाओं (प्लंबिंग और बढ़ईगीरी), बफर, स्क्रू कपलिंग की सफाई, वारंटी क्लेम के रूप में कंप्यूटर कार्य, सीएमएम फीडिंग, पत्र लेखन, सामग्री हैंडलिंग (गैर-सुरक्षा वस्तुएं) आदि के कार्यो के लिए मानवशक्ति का आउटसोर्सिंग।, **कार्य का अनुमानित मूल्य रूपये में-** रू.4584823.40/-, **बयाना राशी रूपये में-**रू.91700.00/-, **समापन अवधि-** 365 दिन, **निविदा भरने की अंतिम तिथि एवं समय-** 04/02/2026 upto 11:00 Hrs., निविदा **खुलने की तिथि एवं समय-** 04/02/2026 upto 11:30 Hrs., उपरोक्त ई-निविदा की संपूर्ण जानकारी वेब साईट **"https://ireps.gov.in"** पर उपलब्ध है एवं इसकी पूरी जानकारी मंडल रेल प्रबंधक (यॉत्रिक) कार्यालय, पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर चस्पा की गई है। ई-निविदा के अलावा उपरोक्त कार्य के लिये कोई भी निविदा स्वीकार नहीं की जावेगी।

(हस्ता.)
कृते मंडल रेल प्रबंधक(यॉत्रिक)
पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर



## उत्तर मध्य रेलवे

**ई-प्रापण निविदा सूचना संख्याः** 12/2025-26 **दिनांकः** 14.01.2026

**ई-प्रापण निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरि मंडल सामग्री प्रबंधक, उत्तर मध्य रेलवे, झाँसी द्वारा निम्नलिखित मद के लिये ई-प्रापण निविदा आमंत्रित की जाती हैः-

| क्रम सं. | निविदा संख्या | विवरण | मात्रा | निविदा खुलने की दिनांक |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 92257349 | सप्लाई, इरेक्शन,इन्स्टालेशन एंड कमिशनिंग ऑफ ईओटी क्रैन। | 02 नग | 06.02.2026 |
| 2. | 92256715 | मैन ट्रांसफोरमर। | 01 नग | 10.02.2026 |
| 3. | 92256883 | सप्लाई इन्स्टालेशन एंड कमिशनिंग ऑफ एलेक्ट्रिकली ओपेरेटेड विंड स्क्रीन वाइपर असेंबली। | 40.00 सेट | 13.02.2026 |
| 4. | 92257350 | सप्लाई ऑफ फ्लेक्सि कोइल बोगी फ्रेम। | 05 नग | 19.02.2026 |

**नोटः** उपरोक्त सभी ई-प्रापण निविदा का पूरा विवरण **IREPS** वेबसाईट **https://www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाओं में किसी भी बदलाव/शुद्धि-पत्र के लिए कृपया इस वेबसाईट को नियमित रूप से देखें। समाचार-पत्र मे कोई अलग से शुद्धि-पत्र/परिवर्तन प्रकाशित नहीं किया जाएगा। **92/26 (A)**

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in



## उत्तर मध्य रेलवे

**ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मण्डल रेल प्रबंधक /कार्य/ झाँसी निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई- टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते है।

ई- निविदा सूचना संख्या : झाँसी-इन्जी0-मुख्यालय- 2026-03

**कार्य का नाम :** वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी - झाँसी / ईस्ट - प्रोबीजन ऑफ़ स्विमिंग पूल इन सीनियर इंस्टीट्यूट झाँसी।

अनुमानित लागत रू.: 18423718.65 | अमानत राशि : 242100.00

स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथि : 12 माह

ई- निविदा सूचना संख्या : झाँसी-इन्जी0-मुख्यालय- 2026-09

**कार्य का नाम : पार्ट (ए)** - प्रोवीजन ऑफ़ 5.4 किमी. आरसीसी बाउंडी वाल एट परीछा एंड चिरगांव स्टेशन यार्ड टू प्रिवेंट एन्क्रोचमेंट इन झाँसी परोना सेक्शन अंडर एडीईएन/एचक्यू- I/ झाँसी ।
**पार्ट (बी)-** प्रोबीजन ऑफ़ 3.0 किमी. आरसीसी बाउंड्री वाल एट मोठ स्टेशन यार्ड टू प्रिवेंट एन्क्रोचमेंट इन झाँसी-परोना सेक्शन अंडर एडीईएन /एचक्यू - I / झाँसी ।

अनुमानित लागत रू.: 61240287.81 | अमानत राशि : 456200.00

स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथि : 12 माह

**निविदा बन्द होने की तिथि : 09/02/2026 at 15:00 hrs., •** निविदा दिनांक 09/02/2026 को 15:00 बजे तक आन लाईन जमा कर सकेंगे। पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेब साइट **www.ireps.gov.in** पर देखें। **95/26 (D)**

North central railways | @ CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in


# बस ने बाइक को पीछे से मारी टक्कर, दो महिलाओं की मौत, बच्चा और युवक घायल

**छतरपुर।** मातगुवां थाना क्षेत्र के बिजावर रोड पर बुधवार दोपहर करीब ढाई बजे एक भीषण सड़क हादसा हुआ। तेज रफ्तार डीडीएम कंपनी की बस ने बाइक सवारों को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी, जिसमें दो महिलाओं की मौत हो गई जबकि एक युवक और एक छोटा बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतकों में ममता अहिरवार एवं चिरैया पत्नी ननुआ अहिरवार, उम्र 65 वर्ष शामिल हैं, जिनकी मौके पर ही मौत हो गई। घायलों में धनीराम पिता ननुआ अहिरवार उम्र 25 वर्ष निवासी बगौता और 5 वर्षीय गोलू पिता गनपत अहिरवार शामिल हैं। दोनों का इलाज जिला अस्पताल छतरपुर में चल रहा है, जहां गोलू की हालत गंभीर बताई जा रही है। हादसे के बाद परिजन जिला अस्पताल के गेट पर पहुंचे और रो-रोकर अपना दर्द बयां करते नजर आए। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर बस को जब्त कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार बस की तेज रफ्तार और लापरवाही इस दर्दनाक हादसे का मुख्य कारण मानी जा रही है।

# अमरकंटक-जबलपुर नेशनल हाईवे पर काले हिरण की मौत

**डिंडोरी।** मध्यप्रदेश के डिंडौरी जिले में अमरकंटक-जबलपुर नेशनल हाईवे पर स्थित कारोपानी कृष्ण मृग (काला हिरण) संरक्षित क्षेत्र में वन्यजीवों की सुरक्षा एक बार फिर सवालों के घेरे में आ गई है। गुरुवार को कारोपानी के समीप तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने सड़क पार कर रही विशेष संरक्षित प्रजाति की मादा काले हिरण को कुचल दिया, जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।घटना के बाद क्षेत्र में वन्यजीव प्रेमियों और स्थानीय नागरिकों में भारी आक्रोश देखने को मिला। लोगों का कहना है कि यह कोई पहली घटना नहीं है। कारोपानी संरक्षित क्षेत्र में लगातार सड़क हादसों में काले हिरणों की मौत हो रही है, लेकिन इसके बावजूद अब तक शासन-प्रशासन और संबंधित विभागों द्वारा कोई ठोस सुरक्षा व्यवस्था नहीं की गई है।गौरतलब है कि कारोपानी क्षेत्र को कृष्ण मृग संरक्षित क्षेत्र घोषित किया गया है, जहां बड़ी संख्या में दुर्लभ एवं विलुप्तप्राय काले हिरण निवास करते हैं। इसके बावजूद नेशनल हाईवे पर न तो गति सीमा के संकेतक लगाए गए हैं, न ही स्पीड ब्रेकर, चेतावनी बोर्ड या अन्य प्रभावी रफ्तार नियंत्रण उपाय किए गए हैं।


## नाम सुधार सूचना

मै विश्वजीत सोनी (VISHWJEET SONI), पिता श्री बंसीलाल सोनी (BANSHILAL SONI), निवासी वार्ड 21, लक्ष्मीबाई मार्ग, तहसील हुजूर, जिला रीवा, आधार संख्या : 785541347671 शपथपूर्वक कथन करता हूँ कि मेरी पुत्री निष्ठा सोनी (NISTHA SONI) की कक्षा 10वीं की सीबीएसई मार्कशीट में मेरे नाम की अंग्रेजी बर्तनी में त्रुटि हुई है जो VISHWAJEET SONI अंकित हो गया है जो गलत है जबकि मेरा सही एवं वास्तविक नाम विश्वजीत सोनी (VISHWJEET SONI) है, जो मेरे आधार कार्ड एवं अन्य अभिलेखों में अंकित है। अतः मेरी पुत्री निष्ठा सोनी (NISTHA SONI) के 10वीं कक्षा की मार्कशीट में मेरा नाम सही रूप से विश्वजीत सोनी (VISHWJEET SONI) ही दर्ज किया जाए एवं पढ़ा, लिखा व जाना जाए।

RN- 83716 विश्वजीत सोनी



## उत्तर मध्य रेलवे

**ई-निविदा सूचना सं.-JHS-N-W-07-26** **दिनांक : 13.01.2026**

**ई-निविदा सूचना**

वरिष्ठ मंडल सिगनल व दूरसंचार अभियंता उत्तर मध्य रेल झांसी भारत के राष्ट्रपति के लिए व उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते है।

**ई-निविदा सूचना संख्याः** JHS-N-W-07-26, **कार्य का नामः** प्रोविजन ऑफ़ S&T वर्क इन कनेक्शन विथ कंस्ट्रक्शन ऑफ़ लिमिटेड हाइट सब वे इन लियू ऑफ़ LC 04 nos. (389, 397, 400, 426) एंड 02 nos. (448 & 461) लेवल क्रासिंगस।

**कार्य लागत लगभग :** ₹ 52,05,360.86 | **धरोहर राशि :** ₹ 1,04,100/-

**निविदा प्रपत्र का मूल्यः** Nil | **निविदा खुलने की तिथिः** 09.02.2026 Time 15:00

**स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन अवधि :** 12 माह।

• निविदा दिनांक **09.02.2026** को **15:00** बजे तक ऑन लाईन जमा कर सकेंगे। • पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेब साइट **www.ireps.gov.in** **(NORTH CENTRAL RLY/JHANSI DIVISION-S AND T)** पर देखें। **93/26 (MG)**

North central railways | @ CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in



## उत्तर मध्य रेलवे

**पत्र सं. : No. JHS/Commercial/e-Auction/2025/165** **दिनांक : 09.01.2026**

**ई-नीलामी सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य)-झांसी द्वारा निम्न दी गयी श्रेणियों के अनुसार ई-नीलामी आमंत्रित की जाती हैः-

**श्रेणी : पे & यूज़** | **केटलोग संख्या : JHS-SAN-26-01**

**एसेट्स डिटेल्स :** झाँसी मंडल के रेलवे स्टेशन पर पे एंड यूज़ & डीलक्स टॉयलेट का संचालन एवं रखरखाव का ठेका | 1. NSG-3 : CKTD • **ADDITIONAL FACILITY** 1. AVMs for hot and cold beverages. 2. Mini clock Room. 3. Provision for shoe polishing. 4. Supply of News paper and Magazines at printed rates.

**ई-नीलामी प्रारम्भ होने की तिथि व समय : दिनांक 20.01.2026 को समय - 10:00 से**

**ई-नीलामी समाप्त होने की तिथि व समय : दिनांक 20.01.2026 को समय - 10:30 तक**

**नोट -** उक्त ठेकों के आवंटन हेतु नीलामी केवल ऑनलाइन वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के **e-auction module** के माध्यम से की जाएगी। लॉट अनुसार विवरण उपर्युक्त केटलॉग संख्या के अंतर्गत उपलब्ध है। **77/26 (C)**

@CPRONCR North central railways cproncrly CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in



## उत्तर मध्य रेलवे

**ई-निविदा सूचना सं0: JHS-N-W-03-26** **दिनांकः 13.01.2026**

**ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना**

वरिष्ठ मंडल सिग्नल व दूरसंचार अभियंता उत्तर मध्य रेल झांसी भारत के राष्ट्रपति के लिए व उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते है।

| ई-निविदा सूचना संख्या | कार्य लागत लगभग | धरोहर राशि |
|---|---|---|
| JHS-N-W-03-26 | Rs. 83442021.04 | Rs. 567200/- |

**कार्य का नामः** रिलायबिलिटी इम्प्रूवमेंट बय प्रोविजन ऑफ़ ड्यूल डिटेक्शन ऑफ़ ट्रैक सर्किट विथ एक्सल काउंटर एट MRA & RRU स्टेशनस अंडर Sr DSTE/ML/JHS.

**निविदा प्रपत्र का मूल्यः** Nil | **निविदा खुलने की तिथिः** 05.02.2026, Time 15:00

**स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन अवधिः** 12 माह

• निविदा दिनाँक **05.02.2026** को **15:00 बजे** तक ऑन लाईन जमा कर सकेंगे। • पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेब साइट www.ireps.gov.in **(NORTH CENTRAL RLY / JHANSI DIVISION-S AND T)** पर देखें। **80/26 (ADM)**

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @ CPRONCR


## सूचना

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. किसी तृतीय पार्टी के उत्पादकों वस्तुओं या सेवाओं का समर्थन नहीं करती है और न ही किसी तृतीय पार्टी के विज्ञापनों में छपी किसी जानकारी की सच्चाई या विश्वसनीयता की पुष्टि करती है। जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. पाठकों को प्रेरित करती है कि वे ऐसे किसी भी विज्ञापनदाता के साथ कोई भी लेन-देन करने की कार्रवाई से पहले उचित व जरूरी समझे जाने वाली जांच पड़ताल कर लेवे।

### फर्जी दस्तावेज से की वारदात; तीन आरोपी गिरफ्तार, 15 हजार नकदी जब्त

**मंडला।** मंडला जिले में ट्रैक्टर लोन दिलाने के नाम पर किए गए सुनियोजित धोखाधड़ी का पुलिस ने खुलासा किया है। इस मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर ?15 हजार नकद जब्त किया है। आरोपियों ने फर्जी दस्तावेज और नकली बैंक रसीद का इस्तेमाल कर एक किसान से लाखों रुपए की ठगी की।


## लोन

लोन फाईनेंस सर्विस रीवा संभाग में विशेष लोन व्यवस्था मुद्रा लोन, आधार कार्ड, मार्कशीट, पर्सनल, कृषि लोन और सभी प्रकार के लोन 2% ब्याज 50% छूट ( एजेंट आमंत्रित ) संपर्क - 8962086944


# एकेएस के मैकेनिकल इंजीनियर का अदाणी समूह की कंपनी में चयन



**सतना।** भारत का औद्योगिक विस्तार आज जिन संस्थानों के कंधों पर टिका हैए उनमें शिक्षा और उद्योग की साझेदारी निर्णायक भूमिका निभा रही है। इसी व्यापक परिदृश्य में एकेएस विश्वविद्यालय सतना के बी टेक मैकेनिकल इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम के एक विद्यार्थी का चयन अदाणी समूह की प्रमुख सीमेंट इकाईकृमें ट्रेनी इंजीनियर पद पर हुआ है। यह नियुक्ति गुजरात के सांगहीपुरम स्थित अत्याधुनिक सीमेंट संयंत्र में हुई हैए जो अपनी विशाल उत्पादन क्षमताए तकनीकी परिपक्वता और सख्त औद्योगिक मानकों के लिए जाना जाता है। संघी सीमेंट लिमिटेड आज केवल सीमेंट उत्पादन की कंपनी नहींए बल्कि आधुनिक औद्योगिक प्रबंधन का उदाहरण है।


## कार्यालय प्राचार्य, आदर्श उ.मा.वि. सिविल लाइन्स, रीवा (म.प्र.)

(माध्यमिक शिक्षा मण्डल मध्य प्रदेश, भोपाल द्वारा संचालित)
E-mail address-mhssrewa@gmail.comPhone-(07662)-314157

आ.वि./प्रवेश/सूचना/848/2026 रीवा, दिनांक : 15/01/2026

**मॉडल हा.से. स्कूल सिविल लाइन्स, रीवा में कक्षा 9वीं हेतु प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ**

माध्यमिक शिक्षा मण्डल म.प्र. भोपाल द्वारा संचालित प्रदेश का प्रतिष्ठित विद्यालय मॉडल स्कूल सिविल लाइन्स रीवा में सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 9वीं हिंदी एवं अंग्रेजी माध्यम में प्रवेश फार्म MP Online के माध्यम से भरे जानें है। आयोजित प्रवेश परीक्षा के परिणाम अलग-अलग (हिन्दी/अंग्रेजी माध्यम) की मेरिट के आधार पर कक्षा 9वीं में प्रवेश दिया जावेगा।

**MP Online से फार्म भरने हेतु आवश्यक दस्तावेज एवं तिथियाँ**

1. प्रवेश परीक्षा के पंजीयन की प्रारंभिक तिथि - 16.01.2026
2. प्रवेश परीक्षा के पंजीयन की अंतिम तिथि - 22.03.2026
3. प्रवेश परीक्षा दिनांक 29.03.2026 को समय प्रातः 10.00am से 12.00am तक विद्यालय में ही आयोजित की जायेगी।
4. प्रवेश फार्म भरने हेतु MP Online की लिंक-https://osms.mponline.gov.in/ mhss-rewa एवं मॉडल स्कूल की वेवसाइट-modelhssrewa.org.in
5. प्रवेश पंजीयन फार्म भरने हेतु निम्न दस्तावेज आवश्यक है :-
(1) कक्षा 7 वीं उत्तीर्ण अंकसूची
(2) छात्र/छात्रा का नवीनतम फोटो जिसमें दिनांक भी अंकित हो।
(3) समग्र आई.डी
6. प्रवेश पंजीयन फार्म का शुल्क रु. 250.00 एवं रू 25 पोटल चार्ज कुल राशि रु. 250+25 रु. 275.00 Online ही जमा की जा सकेगी।
7. प्रवेश परीक्षा में पूछें जाने वाले प्रश्न कक्षा 8वीं स्तर के होंगे जो कि विषय-हिन्दी, गणित, अंग्रेजी, विज्ञान एवं सामान्य ज्ञान से संबन्धित होंगे।

**नोटः-** कक्षा 8 वीं की वार्षिक परीक्षा में 45% या 45% से अधिक अंक से उत्तीर्ण होना अनिवार्य रहेगा।

**प्राचार्य**
आदर्श उ.मा.वि. सिविल लाइन्स, रीवा (म.प्र.)



## कार्यालय कलेक्टर, जिला-मऊगंज (म.प्र.)

**निविदा आमंत्रण सूचना**

कार्यालय कलेक्टर, जिला-मऊगंज (म.प्र.) की वर्ष 2026-27 के लिए निम्नलिखित सामग्री क्रय एवं सेवाओं हेतु निविदा दिनांक 02-02-2026 सायं 04:00 तक आमंत्रित की जाती। इच्छुक निविदाकार कार्यालय कलेक्टर जिला मऊगंज के स्टोर शाखा से संपर्क कर विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकतें है। निविदा फॉर्म के निर्धारित मूल्य प्रति मद रू- 500/- (पांच सौ रूपए मात्र) है। निविदा दिनांक 02.02.2026 समय सायं 04:00 बजे तक स्वीकार की जाएगी।

| मद क्र | विवरण | धरोहर राशि |
|---|---|---|
| 1 | निर्वाचन कार्य के दौरान लगने वाली विभिन्न सामग्री, लेखन सामग्री, वाहन व्यवस्था एवं वीडियोग्राफी, फोटोग्राफी तथा अन्य अभिलेखों की फोटोकॉपी आदि। | रु-20,000.00 |
| 2 | कार्यालयीन उपयोग हेतु लेखन सामग्री, अन्य विविध सामग्री आदि। | रु-10,000.00 |
| 3 | कम्प्यूटर उपकरण, फोटोकॉपी मशीन, प्रिंटर आदि। | रु-10,000.00 |
| 4 | कार्यालयीन मीटिंग एवं संत्कार व्यवस्था हेतु चाय/पानी, नास्ता एवं भोजन आदि। | रु-5,000.00 |
| 5 | कार्यालयीन उपयोग हेतु आवश्यकतानुसार वाहनो के अधिग्रहण वाबत्। | रु-10,000.00 |
| 6 | कार्यालयीन उपयोग हेतु फ्लैक्स/बैनर आदि। | रु-5,000.00 |

**नोटः-**

1. निविदा पंजीकृत डाक द्वारा या स्वयं उपस्थित होकर दिनांक 19.01.2026 से 02.02.2026 सायं 04:00 बजे तक कार्यालय कलेक्टर, जिला-मऊगंज के स्टोर शाखा में जमा की जा सकती है।
2. तकनीकी निविदायें कार्यालय कलेक्टर, जिला-मऊगंज के निविदा समिति की उपस्थित में निविदाकार के समक्ष दिनांक 04-02-2026 को समय दोपहर 12.00 बजे खोली जावेगी।
3. तकनीकी निविदा से संबंधित दावा आपत्ति दिनांक 05.02.2026 को 03:00 बजे तक ली जा सकेगी।
4. तकनीकी निविदा पात्र भागीदारों की वित्तीय निविदा दिनांक 06.02.2026 को समय दोपहर 12 बजे खोली जावेगी।
5. किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में कलेक्टर, जिला-मऊगंज का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।

**संयुक्त कलेक्टर**
**( जिला मऊगंज, ( म.प्र. )**


## कार्यालय नगर परिषद डभौरा जिला-रीवा (म0प्र0)

*E-mail ID-* cmodabhora@mpurban.gov.in

क्रमांक/20 /संविलियन/न0परि0/2026 डभौरा,दिनांक 15.01.2026

### सार्वजनिक सूचना

मध्यप्रदेश शासन,नगरीय विकास एवं आवास विभाग के आदेश क्रमांक एफ 6 /5 / 0002/ 2024/18-3 भोपाल दिनांक 13.01.2026 के द्वारा नवगठित नगर परिषद डभौरा में पंचायत कालीन कर्मियों के संविलियन के प्रशासक संकल्प एवं जिला चयन समिति की कार्यवाही विवरण के संबंध में निर्णय लेने से पूर्व माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर में दायर याचिका क्रमांक WP 8227/2024 व अन्य में पारित निर्णय के आलोक में सभी हित बद्ध पक्षकारों को पुनःसुनवाई का अवसर प्रदान किया गया है। उक्त सुनवाई दिनांक 22.01.2026,दिन-गुरूवार एवं दिनांक 23.01.2026 दिन-शुक्रवार को समय-पूर्वान्ह 11.00 बजे से अपर सचिव,मध्यप्रदेश शासन नगरीय विकास एवं आवास विभाग के समक्ष,मंत्रालय वल्लभ भवन क्रमांक 02 के द्वितीय तल की ए-विंग स्थित कक्ष क्रमांक ए-201 में नियत की गई है। अतः संलग्न सूची अनुसार सभी हितबद्ध पक्षकार नियत समय व दिनांक पर सुनवाई हेतु उपस्थित होना सुनिश्चित करें। अनुपस्थित रहने की स्थिति में शासन द्वारा एकपक्षीय निर्णय लिया जावेगा।

1.जिला चयन समिति के सदस्य :-

| क्र. | नाम एवं पदनाम | सुनवाई का दिनांक | समय एवं स्थान |
|---|---|---|---|
| 1. | श्री आर.पी.सोनी,तत्कालीन संभागीय संयुक्त संचालक,नगरीय प्रशासन एवं विकास रीवा संभाग रीवा | 22.01.2026 | मंत्रालय वल्लभ भवन क्रमांक 02 के द्वितीय तल की ए-विंग स्थित कक्ष क्रमांक ए-201 समय - पूर्वान्ह 11.00 बजे |
| 2. | श्री संजय सिंह,तत्कालीन मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर परिषद नईगढी | 22.01.2026 | |
| 3. | श्री के.एन.सिंह,तत्कालीन मुख्य नगर पालिका अधिकारी,नगर परिषद डभौरा | 22.01.2026 | |

.2. छानबीन समिति के सदस्य :-

| क्र. | नाम पदनाम व छानबीन समिति में दायित्व | सुनवाई का दिनांक | समय व स्थान |
|---|---|---|---|
| 1 | श्री एन.एल.साकेत तत्कालीन लेखापाल (संविदा) अध्यक्ष-छानबीन समिति | 22.01.2026 | मंत्रालय वल्लभ भवन क्रमांक 02 के द्वितीय तल की ए-विंग स्थित कक्ष क्रमांक ए-201 समय - पूर्वान्ह 11.00 बजे |
| 2 | श्री सतीश कुमार द्विवेदी तत्कालीन रोजगार सहायक ग्राम पंचायत-डभौरा | 22.01.2026 | |
| 3 | श्री अंकुश सिंह बघेल तत्कालीन ग्राम रोजगार सहायक ग्रामपंचायत कोटा | 22.01.2026 | |
| 4 | श्रीमती सुशीला दीक्षित तत्कालीन सचिव,ग्राम पंचायत-अकौरिया | 22.01.2026 | |
| 5 | श्री रामराज सेन,तत्कालीन सचिव ग्राम पंचायत-गेंदुहरा | 22.01.2026 | |
| 6 | श्री मुनेन्द्र कुमार पाण्डेय तत्कालीन सचिव ग्राम पंचायत डभौरा | 22.01.2026 | |

3. प्रशासकः-

| क्र. | प्रशासक का नाम व पद | सुनवाई का दिनांक | समय व स्थान |
|---|---|---|---|
| 1. | श्री चन्द्रमणि सोनी-तहसीलदार तत्कालीन प्रशासक नगर परिषद डभौरा | 22.01.2026 | मंत्रालय वल्लभ भवन क्रमांक 02 के द्वितीय तल की ए-विंग स्थित कक्ष क्रमांक ए-201 समय - पूर्वान्ह 11.00 बजे |

4.संविलित कर्मचारीः-

| क्र. | कर्मचारी का नाम व ग्राम पंचायत में पद | ग्राम पंचायत में पद | संविलित पद | सुनवाई दिनांक | समय एवं स्थल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री मुनेन्द्र कुमार पाण्डेय पिता श्री मोतीलाल पाण्डेय | सचिव | सहायक ग्रेड-1 | 22.01.2026 | मंत्रालय वल्लभ भवन क्रमांक 02 के द्वितीय तल की ए-विंग स्थित कक्ष क्रमांक ए-201 समय- पूर्वान्ह 11.00 बजे दिन |
| 2 | श्री सतीश कुमार द्विवेदी पिता श्री सुरेश कुमार द्विवेदी | ग्राम रोजगार सहायक | सहायक राजस्व निरीक्षक | 22.01.2026 | |
| 3 | श्रीमती प्रवीण द्विवेदी पिता श्री एस. एन.द्विवेदी | पर्यवेक्षक अधिकारी | राजस्व उपनिरीक्षक | 22.01.2026 | |
| 4 | श्री राकेश कुमार द्विवेदी पिता पिता श्री सुरेश कुमार द्विवेदी | स्वच्छताग्राही | फॉयरमैन | 22.01.2026 | |
| 5 | श्री देवेन्द्र शर्मा पिता श्री निवास शर्मा | राजस्व | सहायक राजस्व निरीक्षक | 22.01.2026 | |
| 6 | श्री विपिन तिवारी पिता श्री कमलेश तिवारी | समयपाल | सहायक ग्रेड-3 | 22.01.2026 | |
| 7 | श्री प्रसन्न कुमार पाण्डेय पिता श्री सुरेन्द्र कुमार | राजस्व | सहायक ग्रेड-3 | 22.01.2026 | |
| 8 | श्री कृष्णमणि शुक्ला पिता श्री गुरूप्रसाद शुक्ला | राजस्व | फॉयरमैन | 22.01.2026 | |
| 9 | श्री अनुकृत सिंह पिता श्री अमर सिंह | राजस्व | सहायक राजस्व निरीक्षक | 22.01.2026 | |
| 10 | रेनू गौतम पति श्री रितेश गौतम | भृत्य | भृत्य | 22.01.2026 | |
| 11 | श्री सुनील कुमार त्रिपाठी पिता श्री राजेन्द्र प्रसाद | - | सहायक ग्रेड-2 | 22.01.2026 | |
| 12 | श्री ए.के. मैत्रेय पिता श्री आर.पी. मैत्रेय | - | सहायक ग्रेड-3 | 22.01.2026 | |
| 13 | श्री मनोज कुमार द्विवेदी पिता श्री कुंज बिहारी | भृत्य | भृत्य | 22.01.2026 | |
| 14 | श्री कुशल आदिवासी पिता श्री देवतादीन | भृत्य | चौकीदार | 22.01.2026 | |
| 15 | श्री शिवेश कुमार साकेत पिता श्री एन.एल.साकेत | भृत्य | भृत्य | 22.01.2026 | |
| 16 | श्री राजकुमार चौरसिया पिता श्री मोतीलाल चौरसिया | ड्राईवर | ड्राईवर | 22.01.2026 | |
| 17 | श्री दिनेश कुमार साकेत पिता श्री भुवनेश्वर साकेत | ड्राईवर | ड्राईवर | 22.01.2026 | |
| 18 | श्री कमलेश कुमार साकेत पिता श्री बसंतलाल | ड्राईवर | सहायक राजस्व निरीक्षक | 22.01.2026 | |
| 19 | श्रीमती मुन्नी देवी | - | अकुशल कलेक्टर दर | 22.01.2026 | |
| 20 | श्री छोटेलाल मेहतर | - | अकुशल कलेक्टर दर | 22.01.2026 | |
| 21 | श्री सुन्दरलाल मेहतर | - | अकुशल कलेक्टर दर | 23.01.2026 | |
| 22 | श्री अम्ब्रीष शर्मा पिता श्री श्याम सुन्दर शर्मा | - | स्वच्छता पर्यवेक्षक | 23.01.2026 | |
| 23 | श्री सत्यम सिंह पिता श्री अनिल सिंह | राजस्व कार्य | सहायक ग्रेड-3 | 23.01.2026 | |
| 24 | श्री तरूण कुमार चौरसिया पिता श्री प्रेमलाल | राजस्व कार्य | सहायक ग्रेड-3 | 23.01.2026 | |
| 25 | श्री अंकुश सिंह बघेल पिता श्री महेन्द्र सिंह | - | स्वच्छता उपनिरीक्षक | 23.01.2026 | |
| 26 | श्री गौरव चौरसिया पिता श्री दीपक चौरसिया | राजस्व | सहायक राजस्व निरीक्षक | 23.01.2026 | |
| 27 | श्री नवीन कुमार द्विवेदी पिता श्री रामचरित द्विवेदी | लिपिकीय | चौकीदार | 23.01.2026 | |
| 28 | नेहा सिंह पति श्री संजय | लिपिकीय | सहायक ग्रेड-2 | 23.01.2026 | |
| 29 | श्री आशीष सोनी पिता श्री रामेश्वर सोनी | टेक्नकिल कार्य | - | 23.01.2026 | |
| 30 | श्री योगेश तिवारी पिता श्री परशुराम तिवारी | राजस्व कार्य | सहायक ग्रेड-3 | 23.01.2026 | |
| 31 | श्री शिवेन्द्र कुमार तिवारी | लिपिकीय | सहायक ग्रेड-3 | 23.01.2026 | |
| 32 | श्री प्रमोद कुमार विश्वकर्मा पिता श्री शिवमूरत विश्वकर्मा | कैशियर | रोकपाल-कैशियर | 23.01.2026 | |
| 33 | श्री राहुल सिंह पिता श्री विजय बहादुर सिंह | टेक्नीशिन | सहायक राजस्व निरीक्षक | 23.01.2026 | |
| 34 | श्री विकास सिंह पिता श्री के.डी. सिंह | राजस्व | राजस्व उपनिरीक्षक | 23.01.2026 | |
| 35 | श्री विवेक पाण्डेय पिता श्री ब्रिजेन्द्र पाण्डेय | मोहर्रिर | इलेक्ट्रीशियन | 23.01.2026 | |
| 36 | श्री हेमराज गौतम पिता श्री राजेन्द्र गौतम | पम्प ऑपरेटर | भृत्य | 23.01.2026 | |
| 37 | श्री विनीत सिंह पिता श्री रामभरोशे सिंह | हैण्पम्प मैकेनिक | प्लम्बर/फिटर | 23.01.2026 | |
| 38 | श्री मुकेश कुमार नापित पिता श्री रामराज नापित | भृत्य | फॉयरमैन | 23.01.2026 | |
| 39 | श्री भोलाप्रसाद कोल पिता रामदास | - | माली | 23.01.2026 | |
| 40 | श्री गुलजारी कंहार पिता श्री साधू कंहार | - | सफाई संरक्षक | 23.01.2026 | |
| 41 | श्री बृजबिहारी पिता श्री लल्लू प्रसाद | - | सफाई संरक्षक | 23.01.2026 | |
| 42 | श्री संतोष कुमार चर्मकार पिता श्री रामबहोरी | चौकीदार | सुरक्षा गॉर्ड | 23.01.2026 | |
| 43 | श्री माधवराय दीक्षित पिता श्री रमेश राय दीक्षित | राजस्व कार्य | सहायक ग्रेड-2 | 23.01.2026 | |
| 44 | श्री शाहरूक कुरैशी पिता मो.युनुष | टेक्नीकल कार्य | सहायक ग्रेड-3 | 23.01.2026 | |
| 45 | श्री पंकज सिंह श्री राघोभान सिंह | राजस्व कार्य | सहायक राजस्व निरीक्षक | 23.01.2026 | |
| 46 | श्री अंशक प्रताप सिंह श्री जयराज सिंह | राजस्व कार्य | फॉयरमैन | 23.01.2026 | |
| 47 | श्री अभिमन्यू शुक्ला श्री राममित्र शुक्ला | राजस्व कार्य | फॉयरमैन | 23.01.2026 | |
| 48 | मो.आमिर कुरैसी पिता श्री युनुष | लिपिकीय | सहायक ग्रेड-3 | 23.01.2026 | |
| 49 | श्री आकाश कुशवाहा श्री राजेश कुशवाहा | लिपिकीय | ड्राईवर | 23.01.2026 | |
| 50 | श्री राकेश कुशवाहा श्री पंचूलाल कुशवाहा | लिपिकीय | ड्राईवर | 23.01.2026 | |

(ज्ञानेन्द्र मिश्रा)
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद डभौरा
जिला-रीवा (म.प्र.)

## संक्षिप्त खबरें

### एमपीपीएससी कराएगा मेडिकल ऑफिसर परीक्षा

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** मप्र लोक सेवा आयोग (एमपीपीएससी) 27 जनवरी से मेडिकल ऑफिसर के साक्षात्कार प्रारंभ करने जा रहा है। इसके माध्यम से एक हजार 832 पद भरे जाएंगे। आयोग इसे अप्रैल माह में पूर्ण कर लेगा। श्रेणीवार मेडिकल ऑफिसर के पद विभाजित किए गए हैं इसमें एसी -225, एसटी 642, ओबीसी 380, ईडब्ल्यूएस 201 और सामान्य में 384 पद हैं। उक्त पदों के लिए साक्षात्कार के लिए तीन हजार 925 अभ्यर्थियों को आमंत्रित किया गया है। आयोग के इतिहास में एक साथ इतने पदों पर भर्ती प्रक्रिया पूर्व में कभी भी नहीं कराई गई है। आयोग ने वर्ष 2025 में बड़ी संख्या में चिकित्सा विभाग की भर्ती प्रकिया संपन्न कराई है। इसमें शिशु रोग विशेषज्ञ 106 पद, स्त्री रोग विशेषज्ञ 101 पद, अस्थि रोग विशेषज्ञ 24 पद, नेत्र रोग विशेषज्ञ 71 पद, ईएनटी विशेषज्ञ 17 पद, निश्चेतना विशेषज्ञ 75 पद, शल्य क्रिया विशेषज्ञ 62 पद, रेडियोलॉजी विशेषज्ञ 07 पद, औषधि विश्लेषक 05 पद, खाद्य विश्लेषक 02 पद शामिल हैं। 25 पद, पैथालॉजी विशेषज्ञ 08 पद, क्षय विशेषज्ञ 04 पद, मेडिकल विशेषज्ञ आयोग द्वारा अस्पताल प्रबंधक के पदों की भर्ती की प्रक्रिया भी जारी है। जिसमें 68 पदों के लिए लिखित परीक्षा का परिणाम जारी किए जा चुके हैं और जल्द ही साक्षात्कार भी कर लिए जाएंगे।

### खरीदी केंद्र में घूस लेते प्रभारी कंप्यूटर ऑपरेटर गिरफ्तार



**मुख्य वाददाता, भोपाल।** सिवनी जिले के समनापुर धान खरीदी केंद्र में गुरुवार को भुगतान का चालान देने के नाम पर घूस ले रहे कंप्यूटर ऑपरेटर को लोकायुक्त जबलपुर की टीम ने गुरुवार को रंगे हाथ ट्रेप कपर लिया। ग्राम भौमाटोला के किसान दुर्गेश चंद्रवंशी ने अपनी धान सरकारी केंद्र पर बेची थी। धान की तुलाई के बाद उन्हें भुगतान का चालान देने के नाम पर सेवा सहकारी समिति उड़ेपानी के खरीदी प्रभारी हसीब अंसारी ने रिश्वत के 1800 रुपए की रिश्वत मांगी थी। किसान की शिकायत पर लोकायुक्त पुलिस ने रिश्वत की पहली किश्त के रूप में 1500 रुपए कंप्यूटर ऑपरेटर मुकेश ठाकुर को थमाए वैसे ही टीम ने उसे रंगे हाथों दबोच लिया। इस मामले में खरीदी केंद्र के प्रभारी हसीब अंसारी और क्प्यूटर ऑपरेटर मुकेश ठाकुर के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 7, 12 और 13 के तहत एफआईआर दर्ज कर ली है।

### लाड़ली बहनों के खातों में आज आएगी राशि

**विसं भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव गुरुवार, 16 जनवरी को नर्मदापुरम के माखन नगर (बाबई) में लाड़ली बहना योजना की राशि पात्र बहनों के खातों में अंतरित करेंगे। राज्य स्तरीय सम्मेलन में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना अंतर्गत प्रदेश की लगभग 1 करोड़ 25 लाख 31 हजार से अधिक पात्र बहनों के खातों में 1836 करोड़ रुपये से अधिक की राशि अंतरित की जायेगी। साथ ही 29 लाख बहनों को गैस सिलेंडर रीफिलिंग के लिए 90 करोड़ से अधिक राशि का अंतरण करेंगे। आगामी समय में योजना की हितग्राही महिलाओं को विभिन्न रोजगार, स्वरोजगार एवं कौशल उन्नयन कार्यक्रमों से जोड़ने के लिए विशेष प्रयास किए जाएंगे, जिससे वे आर्थिक रूप से और अधिक सशक्त बन सकें।

### मांगों को लेकर फरवरी में आंदोलन करेंगे स्वास्थ्यकर्मी

**नगर संवाददाता, भोपाल।** राजधानी समेत प्रदेश भर के स्वास्थ्य कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि अगर 15 दिन के भीतर स्वास्थ्य कर्मचारियों की लंबित मांगों का निराकरण नहीं हुआ तो दो फरवरी से चरणबद्ध आंदोलन का शखनांद कर विधानसभा का घेराव किया जाएगा। गुरूवार को समस्त स्वास्थ्य अधिकारी कर्मचारी महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह कौरव ने मुख्यमंत्री सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को चेतावनी पत्र देकर 15 दिवस के अंदर 12 सूत्रीय मांगों का शीघ्र निराकरण आदेश जारी करने की मांग की। सुरेंद्र सिंह कौरव ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत समस्त अधिकारी कर्मचारी मानव सेवा करते है। महत्वपूर्ण विभाग होने के बाद भी विभाग की मनमानी के कारण मजबूरन आंदोलन की राह पर जाना पड़ता है। मुख्यमंत्री से आग्रह है कि समय रहते स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों की मांगों को गंभीरता से विचार कर शीघ्र निराकरण करें।

### थल सेना दिवस पर सीएम ने शहीदों को किया नमन

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने थल सेना दिवस की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि विषम, चुनौतीपूर्ण एवं कठिन परिस्थितियों में देश की रक्षा के लिए कर्तव्य पथ पर समर्पित सेना के जवानों पर संपूर्ण राष्ट्र को गर्व है। मुख्यमंत्री ने देश की रक्षा के लिए प्राण न्यौछावर कर देने वाले शूरवीरों को नमन किया।

## 16 फरवरी से शुरू होगा 19 दिवसीय बजट सत्र, अधिसूचना की गई जारी, होंगी 12 बैठकें

# 4.85 लाख करोड़ का हो सकता है अगला बजट

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मप्र विधानसभा के बजट सत्र को लेकर गुरुवार को अधिसूचना जारी कर दी गई। 19 दिवसीय ये सत्र 16 फरवरी से समवेत किया जाएगा। राज्य सरकार का वर्ष 2026-27 का वित्तीय बजट 4.85 लाख करोड़ का हो सकता है। जिसमें कृषि कल्याण के अलावा स्वास्थ्य, इंफ्रास्ट्रक्चर, हेल्थ और स्वच्छ पानी पर फोकस हो सकता है। इसके लिए वित्त विभाग पिछले तीन माह से होमवर्क कर रहा है। जानकारों की मानें तो वित्त विभाग संभाल रहे उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा 18 फरवरी को वित्तीय वर्ष 2026-27 का वार्षिक बजट सदन में पेश कर सकते हैं। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सरकार बनते ही संकल्प लिया था कि आने वाले पांच साल में राज्य सरकार का वित्तीय बजट दोगुना किया जाएगा। राज्य सरकार द्वारा प्रयास किए जा रहे हैं। वर्ष 2025-26 का बजट 4,21,032 करोड़ का था, जो वित्तीय वर्ष 2024-25 के 3,65,067 करोड़ रुपये के अनुमान से 15प्रतिशत अधिक था। सरकार का लक्ष्य वर्ष 2047 तक मध्य प्रदेश का बजट 2 ट्रिलियन तक लाना है। अगला बजट पिछले की तुलना में 15 से 20 प्रतिशत वृद्धि के साथ आ सकता है।



### 10 फरवरी तक ली जाएंगी सूचनाएं

विधानसभा सचिवालय द्वारा अशासकीय विधेयकों की सूचनाएं 4 फरवरी तक, अशासकीय संकल्पों की सूचनाएं 5 फरवरी तक ग्राह्य की जाएंगी। इसके अलावा स्थगन प्रस्ताव, ध्यानाकर्षण, नियम 267-क के अधीन सूचनाएं विधानसभा में 10 फरवरी से कार्यालय में पूर्वान्ह 11 बजे से अपरान्ह 4 बजे तक प्राप्त की जाएगी।

### 19 दिन के सत्र में होंगी 12 बैठकें

विधानसभा सचिवालय ने राज्यपाल के अनुमोदन के उपरांत बजट सत्र को लेकर गुरुवार को अधिसूचना जारी कर दी। मध्यप्रदेश की सोलहवीं विधानसभा के नवम सत्र की शुरुआत 16 फरवरी होगी, जो होली के बाद 6 मार्च तक चलेगा। 19 दिवसीय सत्र में 12 बैठकें आहुत की जाएगी। 18 फरवरी को वित्तीय वर्ष 2026-27 का बजट सदन में पेश किया जाएगा।

### पिछले बजट की तरह इन विभागों में हो सकती है वृद्धि

**कृषि:** दरअसल मध्यप्रदेश यह वर्ष कृषि कल्याण वर्ष के तौर पर मना रहा है। ऐसे में स्वाभाविक तौर पर अगले बजट में इस विभाग की राशि में वृद्धि होना लगभग तय मानी जा रही है। पिछले बजट में इस विभाग को करीब 58,257 करोड़ रुपए का बजट दिया गया था। जानकार मान कर चल रहे है कि अगले वित्तीय वर्ष में पिछले वर्ष के बजट की तुलना में 5 से 7 प्रतिशत की वृद्धि हो सकती है।

**हेल्थ:** पिछले बजट में राज्य सरकार ने विभाग को स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए 23,533 रुपए करोड़ (चिकित्सा शिक्षा सहित) का प्रावधान किया गया है। इस बार इस विभाग के बजट में भी वृद्धि होने की संभावनाएं जताई जा रही है।

**इंफ्रास्ट्रक्चर:** पिछले साल वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा ने बजट पेश किया था, तो इंफ्रास्ट्रक्चर (सड़कें, पुल) के लिए रु 70,515 करोड़ का प्रावधान किया गया है।

**अन्य प्रमुख आवंटन:** पिछले वर्ष राज्य शासन ने जिन दूसरे प्रमुख विभागों को बजट उपलब्ध कराया था, उनमें नगरीय विकास:18,715 करोड़ रुपए, ग्रामीण विकास को 19,050 करोड़ रुपए दिए गए थे। विभागीय सूत्रों की माने तो अगले बजट में इन विभागों में भी वृद्धि होना लगभग तय है।

### 19 जनवरी से अधिकारियों के साथ मंथन

राज्य शासन के वित्त विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट को अंतिम रूप देने की तैयारी की जा रही है। वित्त विभाग अन्य विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव व विभागाध्यक्षों के साथ 19 से 29 जनवरी तक अलग-अलग दिनों में मंथन करेगा। इसके उपरांत विभाग सभी मंत्रियों के साथ अलग से बैठक कर उनके सुझाव लेगा। तदुपरांत मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के सामने संभावित बजट का प्रजेंटेशन किया जाएगा। सूत्रों के अनुसार अगले बजट प्रदेश में बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के अलावा इंफ्रास्ट्रक्चर पर फोकस रहने की उम्मीद है। कृषि कल्याण वर्ष होने की वजह से बजट ङुमें कृषि को लेकर भी ज्यादा से ज्यादा बजट दिया जा सकता है तो विकास योजनाओं, शिक्षा और पेयजल के लिए भी ज्यादा से ज्यादा बजट संबंधित विभागों को मिल सकता है।

### हंगामेदार हो सकता है बजट सत्र

बजट सत्र की अधिसूचना जारी होते ही सरकार ने जहां तैयारी तेज कर दी है, वहीं विपक्षी दल कांग्रेस ने भी कई मुद्दों पर भाजपा सरकार को घेरने की रणनीति पर काम शुरू कर दिया है। सत्र के दौरान इंदौर में दूषित पानी से हुई मौतों के मामले को कांग्रेस सदन में सरकार को घेरने का प्रयास करेगी, जिससे सत्र हंगामेदार हो सकता है। 17 जनवरी को इंदौर में राहुल गांधी के दौरे के बाद कांग्रेस अपने विधायकों के साथ भोपाल में बैठक कर सकती है। जिसमें पार्टी के केन्द्रीय नेतृत्व के अलावा मध्यप्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता भी मौजूद रहेंगे। इसके उपरांत नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार विधायक दल की बैठक बुलाएंगे, जिसमें सत्र को लेकर कांग्रेस अपनी रणनीति को अंतिम रुप देगी। कांग्रेस से जुड़े सूत्रों की माने तो पार्टी नेतृत्व ने अपने विधायकों से अपने-अपने क्षेत्रों में पेयजल व्यवस्था के संदर्भ में पूरी तैयारी करने और इससे संबंधित सदन में सवाल पूछने और ध्यानाकर्षण लगाने को कहा है।





## 11 सूत्रीय मांगों को लेकर कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ मप्र शासकीय वाहन चालक यांत्रिकी कर्मचारी संघ मध्य प्रदेश लिपिक वर्गीय कर्मचारी संघ द्वारा गुरुवार को जिला मुख्यालयों एवं भोपाल में राज्य मंत्रालय पर 11 सूत्री मांगों को लेकर कर्मचारियों भोजन अवकाश में प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा। सभा को तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ के प्रदेश संरक्षक लक्ष्मीनारायण कैलाशिया, कार्यकारी एवं भोपाल जिला अध्यक्ष मोहन अय्यर, महामंत्री विजय रघुवंशी, उमाशंकर तिवारी संघ के वरिष्ठ नेता शिव शंकर रजक, वाहन चालक संघ के प्रदेश अध्यक्ष साबिर खान, लिपिक वर्गीय संघ के अध्यक्ष मुकेश चतुर्वेदी, रामकुमार खनाल विभागीय समितियों के अध्यक्ष एवं पदाधिकारी आशुतोष शुक्ला ओपी सोनी पवन कुमार मिश्रा, जयविंद सोलंकी, नेता एवं विभागीय अध्यक्ष पदाधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। 11 सूत्री मांगों को लेकर मांग पत्र आपकी और बड़े विश्वास के साथ प्रेषित किया जा रहा है कर्मचारियों की न्यायोचित मांगों पर शीघ्र निर्णय लिया जाकर कर्मचारियों को हित में आदेश जारी किए जाएं। कर्मचारियों की मांग है कि कार्यरत एवं सेवानिवृत कर्मचारीयों को केंद्र के समान महंगाई भत्ता और राहत दी जाए, कैशलेस स्वास्थ बीमा का लाभ दिया जाए, उच्च न्यायालय जबलपुर द्वारा दिए गए फैसले के आधार पर वर्ष 2019 से नवनियुक्त कर्मचारियों को 70, 80, 90 फीसदी वेतन देने के आदेश पर तत्काल रोक लगाई जाकर पिछली तिथि से एरियर दिया जाए।

## सूबेदार -एसआई सहित 400 पदों के लिए परीक्षा आज से, बीयू ने अपनी परीक्षा निरस्त की

### 21 जनवरी के बाद की बीयू की सभी परीक्षाएं यथावत रहेंगी

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** मप्र कर्मचारी चयन मंडल (ईएसबी) गृह विभाग की सब इंस्पेक्टर और सूबेदार के अलावा अन्य समेत करीब 400 पदों पर भर्ती करने के लिए शुक्रवार से परीक्षा लेना शुरू कर रहा है। परीक्षाएं 21 जनवरी तक चलेंगी। परीक्षाओं में बीयू के विद्यार्थी उम्मीदवारी कर रहे हैं। इसलिए बीयू ने अपनी यूजी, पीजी और प्रोफेशनल कोर्स की आज से 21 जनवरी तक चलने वाली सभी परीक्षाएं निरस्त कर दी हैं। 21 जनवरी के बाद भी सभी परीक्षाएं यथावत रहेंगी। गृह विभाग के सूबेदार और एसआई के पदों पर भर्ती कराने ईएसबी शुक्रवार से आनलाइन परीक्षाएं लेने जा रहा है। ये परीक्षाएं 21 जनवरी तक चलेंगी। ईएसबी ने भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर, उज्जैन और खंडवा समेत 11 शहरों में परीक्षा कराएगा। परीक्षा के लिए उक्त शहरों में 50 केंद्र बनाए गए हैं। सात साल में होने वाली परीक्षा में शामिल होने प्रदेशभर से करीब डेढ़ लाख उम्मीदवार भाग ले रहे हैं। उक्त उम्मीदवारों में बीयू में प्रवेशरत विद्यार्थी भी शामिल हैं। उक्त विद्यार्थियों ने बीयू को लिखित तौर पर दिया है कि वे ईएसबी की



परीक्षाओं में भागीदारी कर रहे हैं, इसलिए बीयू अपनी परीक्षाओं को आगे बढ़ा दे। डेढ़ दर्जन आवेदनों में करीब 100 विद्यार्थियों के हस्ताक्षर किए हैं। विद्यार्थियों के हितों और भविष्य को देखते हुए बीयू ने परीक्षओं को आगे बढ़ाने के आदेश जारी कर दिए हैं। बीयू की शुक्रवार से ही पीजी के तीसरे सेमेस्टर की परीक्षाएं शुरु हो रही थीं, जो तीस जनवरी तक चलेंगी। इसके आलवा यूटीडी के स्नातक की प्रथम वर्ष की परीक्षाएं दस जनवरी से शुरू हो चुकी हैं। इसलिए बीयू ने आदेश में साफ तौर पर कहा कि 16 से 21 जनवरी तक की परीक्षाएं निरस्त रहेंगी। शेष परीक्षाएं अपने निर्धारित समय पर यथावत रहेंगी। निरस्त परीक्षाओं का संशोधित कार्यक्रम जल्द ही जारी कर दिया जाएगा।

### दो पालियों में होगी परीक्षा, सीसीटीवी और सर्विलांस से नजर

ईएसबी भर्ती परीक्षा दो पालियों में कराएगा। पहली पाली सुबह 11 से दोपहर एक बजे तक तथा दूसरी पाली दोपहर ढाई बजे से शाम साढे पांच बजे तक चलेगी। ईएसबी ने उम्मीदवारों को आगाह करते हुए कहाकि वे सभी उम्मीदवार परीक्षा शुरु होने के एक घंटे पहले तक परीक्षा केंद्रों पर पहुंचकर रिपोर्ट करें। इसके बाद उन्हें परीक्षा केंद्र में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। ईएसबी पूरी परीक्षा सीसीटीवी की निगरानी में करा रहा है। सभी केंद्रों को सर्विलेंस पर लिया गया है। परीक्षा हाल में प्रवेश के समय उम्मीदवारों का बायोमेट्रिक वेरीफिकेशन किया जाएगा। उन्हें अपनी पहचान के लिए पांच आईडी दिखाना होंगी।

## पीएम को गाडरवारा आने का सीएम ने दिया न्यौता

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव गुरुवार को दिल्ली प्रवास पर रहे। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से भेंट कर उनसे गाडरवारा के सुपर थर्मल पॉवर स्टेशन के विस्तार की परियोजना के भूमि-पूजन में आने का आग्रह किया। इस मौके पर सीएम ने प्रदेश के अन्य विकास कार्यो से पीएम मोदी को अवगत कराया। गौरतलब है कि नरसिंहपुर जिले के गाडरवारा में एनटीपीसी लिमिटेड का सुपर थर्मल पॉवर स्टेशन स्थित है। जिसमें भारत सरकार के ऊर्जा मंत्रालय द्वारा 1600 मेगावॉट (स्टेज सैकंड 2गुणे 800 एमडब्ल्यू) क्षमता के विस्तार की अनुमति प्रदान की है। जिसमें 20 हजार 446 करोड़ रूपये की लागत होगी। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने बताया कि अत्याधुनिक अल्ट्रा सुपर क्रिटिकल टेक्नोलॉजी पर आधारित परियोजना को वर्ष 2029-30 तक पूर्ण करने का लक्ष्य गया है। इसमें एयर कूल्ड कंडेंसर टेक्नोलॉजी का भी इस्तेमाल किया गया है, जो पारंपरिक वॉटर कूल्ड कंडेंसर (कूलिंग टॉवरों के साथ) की तुलना में पानी की खपत को 1/3 कम करता है। उन्होंने इसी परियोजना के विस्तार का भूमि पूजन करने का आग्रह प्रधानमंत्री से किया है।



**सुपर थर्मल पॉवर का होगा विस्तार,केन्द्र ने दी है विस्तार की मंजूरी**

**अन्य योजनाओं से भी कराया अवगत:** प्रधानमंत्री मोदी को मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भेंट के दौरान अभ्युदय मध्यप्रदेश ग्रोथ समिट के आयोजन, प्रदेश में वर्ष 2026 को कृषक कल्याण वर्ष के रूप में मनाये जाने, नेशनल डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड-साँची सहकारिता अनुबंध की प्रगति रिपोर्ट के साथ प्रदेश में एनटी नक्सल अभियान की प्रगति से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि मध्यप्रदेश सरकार द्वारा वर्ष-2026 में समृद्ध किसान-समृद्ध प्रदेश के लक्ष्य को साकार करने के लिए कृषक कल्याण वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है।

### ब्लूमून कॉलोनी में गंदे पानी को लेकर हंगामा

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित पानी पीने से करीब दो दर्जन लोगों की मौत हो चुकी है। भोपाल में भी पानी की पाइप लाइन दूषित पानी आ रहा है, जिसकी तलाश जारी है। सैंपल लेकर टेस्टिंग की जा रही है। गुरुवार को ब्लू मून कॉलोनी में दूषित पानी को लेकर हंगामा हो गया। यहां चार दिन से पाइप लाइन में कोई सुधार नहीं हुआ। जैसे ही पानी की सप्लाई शुरू हुई, लाइन से दूषित पानी आने लगा। ब्लू मून कॉलोनी में ही चार दिन पहले कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी भी पहुंचे थे। जिन्होंने नगर निगम कमिश्नर, कलेक्टर सहित अन्य अधिकारियों से तत्काल सुधार की मांग की थी। कांग्रेस नेता मनोज शुक्ला ने गुरुवार को कॉलोनी के लोगों के साथ पानी की सप्लाई शुरू होने का इंतजार किया। नगर निगम की वाटर सप्लाई शुरू होते ही बेहद गंदा पानी पाइप लाइन ने उगलना शुरू हो गया। कांग्रेस ने सवाल किया है कि क्या नगर निगम आयुक्त एवं कलेक्टर इस पानी का इस्तेमाल अपने परिवार के साथ करना चाहेंगे? स्थानीय लोग नगर निगम को प्रॉपर्टी टैक्स, वाटर टैक्स सहित अन्य सभी शुल्क जमा करते हैं।

## फोरेंसिक साइंस लैब में वैज्ञानिक बनना हुआ कठिन, सरकार ने बदले भर्ती के नियम

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** सरकार ने प्रदेश की फॉरेंसिक साइंस लैब को और भी हाई-टेक और प्रोफेशनल बनाने के लिए भर्ती नियमों में बदलाव किया है। प्रदेश के गृह विभाग ने मध्यप्रदेश न्यायालयिक विज्ञान प्रयोगशाला भर्ती नियम में संशोधन करते हुए वैज्ञानिक अधिकारियों और तकनीकी स्टाफ के लिए शैक्षणिक योग्यताओं में बदलाव किया है। विभाग द्वारा गुरुवार को जारी नोटिफिसेखन के नाम अनुसार अब वैज्ञानिक अधिकारी के राजपत्रित पद पर भर्ती के लिए भौतिकी, रसायन और जीव विज्ञान ब्रांच में शैक्षणिक अर्हताओं को अनिवार्य किया गया है। वैज्ञानिक अधिकारी भौतिकी के लिए भौतिकी या फॉरेंसिक साइंस में सेकंड डिविजन में पीजी डिग्री होना अनिवार्य है। खास बात यह है कि आवेदक को इस पद के लिए बीएससी में भौतिकी और फॉरेंसिक साइंस के साथ रसायन विज्ञान का होना अनिवार्य है। इसके अलावा वैज्ञानिक अधिकारी रसायन के पद के लिए एमएससी केमेस्ट्री या फोरेंसिक सांइस के अलावा बीएससी में टॉक्सिकोलॉजी या रसायन शास्त्र जैसे विषयों का होना अनिवार्य है। वैज्ञानिक अधिकारी बायलोजी के लिए जेनेटिक्स, मॉलिक्यूलर बायोलॉजी, बायोटेक और माइक्रोबायोलॉजी जैसे आधुनिक विषयों को भी शामिल किया गया है।




### लैब टैक्नीशियन और असिस्टेंट के पदों के लिए योग्यता में बदलाव

इसके अलावा एफएसएल की लैब में जमीनी काम को संभालने वाले तकनीकी और सहायक के पदों के लिए भी सरकार ने नए मानक तय किए हैं। प्रयोगशाला तकनीशियन के पद के लिए अब विज्ञान या फॉरेंसिक साइंस के साथ-साथ कंप्यूटर साइंस, कंप्यूटर एप्लीकेशन में स्नातक उम्मीदवार भी पात्र होंगे। इसके अलावा प्रयोगशाला सहायक के पद के लिए विज्ञान विषय के साथ 12वीं की परीक्षा उत्तीर्ण होना अब अनिवार्य शर्त होगी। गौरतलब है कि फोरेंसिंक साइंस में नई तकनीकों और जटिल केस को देखते हुए विभाग को अब ऐसे एक्सपर्ट की जरूरत है जिनके पास संबंधित विषयों की गहरी समझ हो। विभाग के सचिव अभिषेक सिंह द्वारा जारी यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू माना जाएगा।

**योजना**

## विजन डॉक्यूमेंट के लिए चुनिंदा पंचायतों को मिली 1 लाख की राशि

# कंसल्टेंट की मदद से बनेगा वृंदावन गांवों का मास्टर प्लान

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** मध्यप्रदेश के गांवों की सूरत बदलने के लिए पिछले साल सीएम डॉ मोहन यादव द्वारा शुरू की गई मुख्यमंत्री वृंदावन ग्राम योजना में चयनित सभी ग्राम पंचायतों का मास्टर प्लान बनाया जाएगा। पहले चरण में प्रदेश के 55 जिलो में से एक गांव को मुख्यमंत्री वृंदावन ग्राम योजना के लिए चुना गया है और बाद में इनकी संख्या बढ़ाने का प्लान है। इन चुनिंदा गावों को अब राच्य सरकार का पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग एक लाख की रकम देगा, ताकि इन गावों में अगले पांच साल के लिए विकास योजनाओं का खाका खींचते हुए मास्टर प्लान के लिए जरूरी विजन डॉक्यूमेंट तैयार कराया जा सके। इन चयनित गांवों को आदर्श ग्राम के रूप में विकसित करने के लिए मास्टर प्लान का विजन डॉक्टूमेंट तैयार करने के निर्देश सभी जिलों के कलेक्टर और जिला पंचायत सीईओ को जारी किए गए हैं।

### एनजीओ और कंसल्टेंट की भी ले सकेंगे मदद, जनप्रतिनिधियों से सलाह जरूरी




पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के उप सचिव हृदयेश श्रीवास्तव द्वारा जारी आदेश के अनुसार प्रत्येक चयनित वृन्दावन ग्राम के लिए 5 साल का विज़न डॉक्यूमेंट तैयार कराया जाएगा। इसमें गांव के इंफ्रास्ट्रक्चर, मूलभूत सुविधाएं और आजीविका के साधनों को इस तरह विकसित किया जाएगा कि गांव आत्मनिर्भर और सुंदर बन सकें। इस मास्टर प्लान के लिए सरकार ने विज़न डॉक्यूमेंट तैयार कराने के लिए चुनी गईं हर एक ग्राम पंचायत को 1 लाख रुपए की राशि दी है। खास बात यह है कि इस विजन डॉक्यूमेंट के लिए प्रशासन स्थानीय स्तर पर एनजीओ और प्रोफेशनल कन्सल्टेंट्स की मदद भी ले सकेगा। इसके साथ ही ये भी साफ कर दिया गया है कि योजना केवल कागजों तक सीमित न रहे, इसलिए इसमें स्थानीय जनप्रतिनिधियों की भागीदारी तय करते हुए स्थानीय विधायक, जनपद और जिला पंचायत सदस्यों से विचार किया जाए।

### पिछले साल 1 जुलाई को कैबिनेट ने दी थी मंजूरी

प्रदेश कैबिनेट ने 1 जुलाई को मुख्यमंत्री वृन्दावन ग्राम योजना का अनुमोदन किया था। इस के तहत हर जिले में एक ऐसे ग्राम का चयन किया गया है जिसकी जनसंख्या 2000 से अधिक और वहां गौ-वंश की संख्या 500 से ज्यादा है। ये ग्राम आत्मनिर्भर होकर प्रदेश के अन्य गांवों के लिए विकास की मिसाल बन सकें। इस योजना के अंतर्गत गांव में गौ-पालन एवं डेयरी विकास, पर्यावरण संरक्षण, जैविक कृषि, जल संरक्षण, सौर ऊर्जा, चारागाह विकास, अधोसंरचना विकास, स्वरोजगार, स्वच्छता के काम सरकार 6 चरणों में कराएगी। चयनित वृन्दावन ग्राम में शुरूआती चरण में गौशाला, ग्राम पंचायत भवन, सामुदायिक भवन, आंगनबाड़ी, स्वास्थ्य केन्द्र, स्कूल भवन, यात्री प्रतीक्षालय, सोलर स्ट्रीट लाइट, पुस्तकालय, आजीविका के लिए वर्कशेड, पशु चिकित्सालय, रोड कनेक्टिविटी, पीडीएस दुकान, सोलर ऊर्जा से हर घर जल, आर्ट एण्ड क्राफ्ट सेंटर, बायोगैस प्लांट, शांतिधाम, सेग्रीगेशन शेड, पार्क, सार्वजनिक शौचालय और सिंचाई के लिए ड्रिप एरीगेशन की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। बाद में यहां नंदन फलोद्यान, पोषण वाटिका, दुग्ध कलेक्शन सेंटर और स्किल, रूफ वॉटर हार्वेस्टिंग, नलकूप रिचार्ज, डेम,चेकडेम, तालाबों का संरक्षण, ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए होम-स्टे, आदि सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी।

### संगठन को मजबूत बनाने जुटें कार्यकर्ता

**जागरण, भोपाल।** बहुजन समाज पार्टी ने गुरुवार को प्रदेश भर में कार्यक्रम आयोजित कर पार्टी संगठन को मजबूत बनाने के लिए कार्यकर्ताओं को उत्साहित किया। इस मौके पर वक्ताओं ने कार्यकर्ताओं से अगले विधानसभा चुनाव की अभी से तैयारी करने का आह्वान किया। पार्टी की मुखिया के जन्मदिन पर हुए इन कार्यक्रमों में कार्यकर्ताओं ने दलित समाज के उत्थान पर चर्चा की और कार्यकर्ताओं से कहा कि उन्हें राष्ट्रीय अध्यक्ष के दिशा निर्देशों के आधार पर संगठन को मजबूत बनाना होगा। प्रदेश में रीवा, मुरैना, भोपाल और जबलपुर में हुए इन कार्यक्रमों में राम जी गौतम केंद्रीय कोऑर्डिनेटर एवं सांसद राज्यसभा, प्रदेशाध्यक्ष रमाकांत पिप्पल स्टेट जॉन प्रभारी मनीष आनंद और स्टेट जोन प्रभारी कमलेश बौद्ध अलग-अलग कार्यक्रमों में मौजूद रहे।

# किसानों से जुड़े मुद्दों को लेकर जिला किसान कांग्रेस ने किया पदयात्रा का आयोजन



**आंचलिक डेस्क।** मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जीतू पटवारी एवं प्रदेश अध्यक्ष (म.प्र. किसान कांग्रेस) धर्मेन्द्र सिंह चौहान के निर्देशानुसार, जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष उमाकांत पटेल के आयोजकत्व में गौरी से शाहपुर तक किसान पदयात्रा का सफल आयोजन किया गया। इस किसान पदयात्रा में प्रमुख रूप से जिला कांग्रेस अध्यक्ष हरिलाल आदिवासी तथा प्रदेश महासचिव एवं पूर्व विधायक सुखेन्द्र सिंह 'बन्ना' सम्मिलित हुए। कार्यक्रम के दौरान किसानों से जुड़े ज्वलंत मुद्दों को लेकर प्रदेश सरकार के खिलाफ जोरदार आवाज बुलंद की गई। वक्ताओं ने किसानों को उनकी फसलों का उचित मूल्य दिलाने, खाद-बीज की समय पर उपलब्धता सुनिश्चित करने, सिंचाई व्यवस्था को सुदृढ़ करने तथा किसान हितों की रक्षा के लिए निरंतर संघर्ष करने का संकल्प लिया। पदयात्रा में ब्लॉक अध्यक्ष मृत्युंजय चतुर्वेदी, ब्लॉक अध्यक्ष वीरेन्द्र मिश्रा सहित भरत लाल सोनी, हिंचं लाल पटेल, निरपेंद्र सिंह, दिनकर राल्ही, श्याम लाल शुक्ला, राहुल सिंह, दीपक सिंह, लाल विक्रम बहादुर सिंह, महेंद्र पटेल, प्रदीप द्विवेदी, संकर्षण सिंह, उमाकांत पांडेय, रमेश तिवारी, संगम लाल तिवारी, रामदरश कुशवाहा, रिंकू सिंह, सुखलाल सोनी, अमृतलाल शुक्ला, शिवलाल साकेत, आशीष तिवारी, मिश्रीलाल साकेत, बब्बू मिश्रा, पप्पू यादव, रघुनाथ साकेत, मकसूद खान, अन्नू खान, मुखिया प्यासी, ज्ञानप्रकाश द्विवेदी, संजय सिंह, गुड्डू सिंह, अनिल तिवारी, सुनील गौतम, मालिक रहना, सुखेन्द्र मिश्रा, मनीष मिश्र, बृजलाल पटवा, राजेंद्र कुशवाहा, हरवंश मिश्रा एवं राधिका पटेल, रजनीश सिंह और विद्यानिवास मिश्रा सहित कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता, मंडल अध्यक्षगण, किसान साथी, कांग्रेसजन एवं विभिन्न मोर्चा-संगठनों के पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# अधीक्षण अभियंता ने सिरमौर क्षेत्र का किया निरीक्षण



## समाधान योजनाः सभी डिविजनों में सतत सघन संपर्क अभियान जारी

**रीवा।** रीवा के अधीक्षण अभियंता बीके शुक्ला द्वारा पश्चिम संभाग के अंतर्गत सिरमौर वितरण केंद्र के ग्रामीण क्षेत्रों में दो लाख से ऊपर बकायादार वाले भुगतान से विद्युत उपभोक्ताओं से संपर्क कर बिजली बिल सरचार्ज माफी समाधान योजना के विषय में ग्रामीण क्षेत्र का दौरा किया गया। साथ ही सभी डिविजनों की टीमों को फील्ड में समाधान योजना की प्रगति हेतु बड़े बकायादारों से सतत संपर्क एवं निर्देशित किया गया कि जिन उपभोक्ताओं के समाधान का बिल नहीं जमा कर रहे हैं, उनके विरुद्ध विद्युत डिसकनेक्शन एवं खाता नंबर सीज करने की भी लगातार कार्यवाही की जा रही है। अभी तक 155 खाता सीज किया जा चुके हैं। बिल न जमा करने वाले उपभोक्ताओं के विरुद्ध नियमानुसार वसूली कार्यवाही अभियान जारी है। अधीक्षण अभियंता ने सभी उपभोक्ताओं से अपील की है कि समाधान योजना में शामिल होकर योजना का लाभ लेवे।

## जिला टास्क फोर्स की बैठक आज

**मऊगंज ब्यूरो।** कलेक्टर संजय कुमार जैन की अध्यक्षता में जिला टास्क फोर्स की बैठक कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में 16 जनवरी को दोपहर 12 बजे से आयोजित की गई है। बैठक में जिले के हनुमना विकासखण्ड में राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम अन्तर्गत सामूहिक दवा सेवन कार्यक्रम के क्रियान्वयन की तैयारियों पर चर्चा की जायेगी। उल्लेखनीय है कि सामूहिक दवा सेवन कार्यक्रम 10 फरवरी से 24 फरवरी तक संचालित किया जायेगा।

## बाइक की टक्कर से घायल वृद्ध की मौत

**जागरण, रीवा।** तेज रफ्तार बाइक सवार ने खेत से पैदल घर लौट रहे वृद्ध को जोरदार टक्कर मारी हादसे में घायल वृद्ध को गंभीर अवस्था में संजय गांधी अस्पताल लाया गया था जहां उपचार के दौरान मौत हो गई। घटना बैकुंठपुर थाना क्षेत्र के सौर गांव के समीप बुधवार शाम को सामने आई थी। घटना के संबंध में मृतक के परिजनों ने जानकारी देते हुए बताया कि ग्राम सौर निवासी इंद्रजीत विश्वकर्मा रोजाना की तरह खेत गए हुए थे। शाम करीब 4 बजे वह वापस घर लौट रहे थे तभी घर के सामने ही सड़क पार करते समय एक तेज रफ्तार बाइक ने उन्हें टक्कर मार दी। बाइक की टक्कर लगते ही बुजुर्ग सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें अनान फानन में उपचार के लिए संजय गांधी अस्पताल लाया गया, जहां देर रात उनकी उपचार के दौरान मौत हो गई। बताया गया की बाइक में तीन युवक सवार थे, जो बुजुर्ग को टक्कर मारने के बाद मौके से फरार हो गए। घटना के बाद पुलिस ने पंचनामा कार्यवाई के बाद शव को पीएम उपरांत परिजनों को सौंप दिया है, वहीं घटना कारित करने वाले बाइक सवारों की पतासाजी की जा रही है।

## अस्पताल चौराहों में दो कारों के बीच हुई टक्कर, एयर बैग खुलने से जनहानि टली



**जागरण, रीवा।** शहर के अस्पताल चौराहे में दो कारों के बीच हुई टक्कर के बाद कुछ देर के लिए अफरा तफरी का माहौल निर्मित हो गया। बताया गया कि क्रेटा कार होण्डा सिटी से टकरा गई जिससे होण्डा सिटी कार खंभे से टकरा गई। टक्कर इतनी तेज थी कि कार का एयर बैग खुल गया जिससे जनहानि टल गई। बताया गया कि तेज रफ्तार कार की टक्कर से दूसरी कार अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे विद्युत पोल से जा टकराई है। बताया गया कि घटना के बाद क्रेटा कार सवार मौके से भाग निकले। घटना बुधवार की रात करीब 11.30 बजे के आसपास की बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि भोपाल नंबर की हॉंडा सिटी कार सीधी की ओर से आ रही थी, तभी अस्पताल चौराहे की समीप एक ट्रक को ओवरटेक करते हुए निकली क्रेटा कार ने होंडा सिटी कार को टक्कर मारते हुए निकल गई, जिस दौरान होंडा सिटी कार अनियंत्रित होकर विद्युत पोल से जा टकरा गई। प्रत्यक्षदर्शियों की माने तो कार की टक्कर इतनी तेज थी कि दुर्घटनाग्रस्त हुई होंडा सिटी कार के एयरबैग तक खुल गए और कार सवार बाल बाल बच गए। घटना की जानकारी के बाद पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

# अवैध खनन करते जेसीबी सहित ट्रक किया जब्त

## नायब तहसीलदार सेमरिया की ताबड़तोड़ कार्रवाई

**सेमरिया, नि.प्र.।** सेमरिया तहसील क्षेत्र में अवैध खनन के खिलाफ प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए खनिज माफियाओं पर बड़ी कार्रवाई की है। नायब तहसीलदार राजेश तिवारी के नेतृत्व में की गई इस ताबड़तोड़ कार्रवाई से अवैध उत्खनन करने वालों में हड़कंप मच गया। स्थानीय निवासियों ने संवाददाता को बताया कि सेमरिया तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत बरा में गौशाला के समीप लंबे समय से अवैध रूप से खनिज उत्खनन किया जा रहा था, सूचना मिलने पर नायब तहसीलदार राजेश तिवारी अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और जांच के दौरान अवैध उत्खनन की पुष्टि हुई कार्रवाई करते हुए मौके से एक जेसीबी मशीन और एक ट्रक को जब्त किया गया। बताया जा रहा है कि खनिज माफिया बिना किसी वैध अनुमति के उत्खनन कर रहे थे, जिससे शासन को राजस्व की भारी क्षति के साथ-साथ पर्यावरण को भी नुकसान पहुंच रहा था प्रशासन की इस कार्रवाई को ग्रामीणों ने सराहा है और कहा कि इससे क्षेत्र में अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगेगा। नायब तहसीलदार राजेश तिवारी ने स्पष्ट किया कि अवैध खनन किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा । भविष्य में भी ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई जारी रहेगी और दोषियों के विरुद्ध नियमानुसार प्रकरण दर्ज कर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन की इस सख्ती से सेमरिया तहसील क्षेत्र में अवैध खनन करने वालों में भय का माहौल है, वहीं आमजन को कानून व्यवस्था पर भरोसा मजबूत हुआ है।

# सांसद निधि से बनेंगी पचपहरा पंचमुखी भैरवनाथ मंदिर तक सड़क

## मकर संक्रांति पर भण्डारे में पहुंचे सांसद जनार्दन मिश्रा ने की घोषणा



**जागरण रीवा।** प्रयागराज मार्ग पर मनगवां विधानसभा अंतर्गत मढ़ी कला पचपहरा स्थित पंचमुखी भैरवनाथ मंदिर तक सांसद निधि से सड़क का निर्माण किया जाएगा एवं बिजली पहुंचाई जाएगी। यह घोषणा सांसद जनार्दन मिश्रा ने मकर संक्रान्ति पर्व पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान घोषणा की। इस अवसर पर गंगेव जनपद अध्यक्ष विकास तिवारी एवं जनपद सदस्य एवं सांसद प्रतिनिधि गणेश सिंह एवं जनपद सदस्य नृपेंद्र सिंह पिंटू भी मौजूद रहे। समाजसेवी धर्मेंद्र मिश्रा ने बताया कि यहां पर सैकड़ों वर्ष से मध्य प्रदेश के इकलौते पंचमुखी भैरवनाथ अद्भुत मूर्ति स्थापित है। यहां पर उनका भव्य मंदिर का निर्माण किया गया है। मकर संक्रांति पर यहां पर भव्य मेला लगता है कई गांव के लोग यहां पहुंचते हैं। जन सहयोग से निर्मित किए गए पंचमुखी भैरवनाथ मंदिर में रवि मिश्रा, बबलू मिश्रा, सुभाष मिश्रा, विनय मिश्रा, सोनू मिश्रा आदि का सक्रिय सहयोग रहा। पंचमुखी भैरवनाथ की मूर्ति के बारे में बताया गया है कि सैकड़ों साल पहले कोई इस मूर्ति को कहीं ले जा रहा था लेकिन पचपहरा के इस तालाब में आने के बाद मूर्ति फिर यहां से नहीं उठाई जा सकी। वर्ष 2024 में मंदिर के जीर्णोद्धार के समय मूर्ति को ऊपर उठाने के लिए जेसीबी के माध्यम से प्रयास किया गया लेकिन मूर्ति यथावत रही टस से मस नहीं हुई। इतना ही नहीं इस प्रयास में जेसीबी अचानक बंद हो गई।

## 7 वीं के छात्र ने उठाया आत्मघाती कदम माँ के दुपट्टे से घर में लटकता मिला शव

**जागरण, रीवा।** कक्षा 7 वीं के छात्र ने अपने घर में अज्ञात कारणों से आत्मघाती कदम उठा लिया। घर में छात्र का शव मॉ के दुपट्टे से फांसी के फंदे में लटकता मिला। घटना शहर के वार्ड क्रमांक 5 के ढेकहा मोहल्ले की है। बताया गया कि सुलभ पुरवार के बेटे कान्हा पुरवार ने आत्मघाती कदम उठा लिया। कान्हा 7 वीं कक्षा का छात्र था और पास के स्कूल में पढ़ाई करता था। परिजनों के अनुसार कान्हा रोज की तरह स्कूल से घर लौटा था। घर पहुंचने के बाद उसने कपड़े बदले और छत पर चला गया। कुछ समय बाद वह नीचे कमरे में गया, जहां उसने मां के दुपट्टे से फंदा बनाकर फांसी लगा ली। बताया गया कि वह प्रतिदिन कपड़े बदलने के बाद खाना खाने नीचे आता था, लेकिन काफी देर तक जब वह खाना खाने नहीं पहुंचा तो उसकी दादी उसे बुलाने कमरे में गईं। कमरे में पहुंचने पर दादी ने देखा कि कान्हा फांसी के फंदे से लटका हुआ है। इसके बाद परिवार के अन्य सदस्यों को जानकारी दी गई। परिजनों ने तत्काल उसे नीचे उतारकर अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कानूनी कार्रवाई की। आत्महत्या के कारण स्पष्ट नहीं हो पाए हैं। पुलिस परिजनों से पूछताछ कर रही है और यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि छात्र किसी मानसिक दबाव, पारिवारिक कारण या अन्य किसी वजह से परेशान तो नहीं था। फिलहाल पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। पुलिस मर्ग कायम कर घटना की जांच में लगी हुई है।

## बस ने बाइक सवार 3 युवकों को कुचला 2 की मौके पर मौत, 1 ने अस्पताल में तोड़ा दम

### सीधी-रीवा मुख्य मार्ग पर हुआ हादसा




**जागरण, रीवा।** सीधी से चलकर रीवा आ रही यात्री बस और बाइक की सीधी टक्कर हो गई। अचानक हुए इस हादसे के दौरान दो युवको की मौके पर ही मौत हो गई जबकि तसीरे की अस्पताल में जान चली गई। हादसा सीधी-रीवा मुख्य मार्ग स्थित जमोड़ी थाना क्षेत्र में नकटा नाला के समीप हुआ। बताया गया कि सीधी से यात्री लेकर रीवा जा रही कृष्णा ट्रेवल्स की बस और बाइक के बीच आमने सामने जोरदार भिड़ंत हुई है। प्रत्यक्षदर्शीयो की माने तो टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए। हादसे के तुरंत बाद मौजूद लोगों ने सूचना पुलिस को दी जहां पुलिस बिना समय गवाएं मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल भिजवाया। इस भीषण हादसे में दो युवकों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई जबकि गंभीर रूप से घायल युवक ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। हादसे में जान गवाने वाले युवकों की पहचान मोहित कोल 18 वर्ष निवासी भितरी, आशीष कोल 20 वर्ष निवासी पनवार सेंगरान व 17 वर्षीय नाबालिग दीपक कोल निवासी पनवार सेंगरान शामिल है।

# जन समस्याओं के मुद्दों को लेकर यूथ कांग्रेस-एनएसयूआई ने सौंपा ज्ञापन

## समाधान नहीं होने पर दी आंदोलन की चेतावनी



**सेमरिया, नि.प्र.।** यूथ कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष रोहित सिंह एवं एनएसयूआई जिला संगठन मंत्री अनिकेत पयासी के नेतृत्व में किसानों और ग्रामीण जनजीवन से जुड़ी विभिन्न समस्याओं को लेकर सेमरिया तहसीलदार अर्जुन बेलवंशी को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में क्षेत्र के किसानों की समस्याएं, ग्रामीण सुविधाओं की कमी और जनहित से जुड़े अन्य मुद्दों को प्रमुखता से उठाया गया। इस पर तहसीलदार ने लघु समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश देने का आश्वासन दिया, वहीं दीर्घकालीन समस्याओं के समाधान के लिए एक व्यापक कार्ययोजना बनाकर कार्रवाई की बात कही। यूथ कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष रोहित सिंह ने कहा कि यदि निर्धारित समयावधि में समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो यूथ कांग्रेस को उग्र आंदोलन करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। इस अवसर पर कुंवर सिंह (राष्ट्रीय समन्वयक, पिछड़ा वर्ग कांग्रेस), देवेंद्र पयासी, आई.बी. सिंह, संतोष गुप्ता (मीडिया प्रभारी) सहित बड़ी संख्या में युवा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## धर्मशाला प्रांगण हनुमना में स्ट्रीट लाइट खराब

**हनुमना, नि.प्र.।** नगर परिषद हनुमना वार्ड क्रमांक 9 जो हनुमना बाजार का मेंन बाजार है जिसे धर्मशाला प्रांगण भी कहते हैं, सीधी बस स्टैंड भी यहां से संचालित हो रहा है। नगर परिषद के द्वारा कुछ माह पूर्व जन समस्या को देखते हुए प्रकाश हेतु स्ट्रीट लाइट लगाई गई थी यह लाइट लगने से समस्त धर्मशाला प्रांगण में प्रकाश भी हो रहा था परंतु यहां के स्ट्रीट लाइट कुछ माह से चिमनी की तरह प्रकाश दे रही है। नगर के लोगों मुख्य नगर पालिका अधिकारी हनुमना एवं नगर परिषद के अध्यक्ष का ध्यान आकृष्ट कराते हुए धर्मशाला प्रांगण की स्ट्रीट लाइट का सुधार कराये जाने की मांग की है।

# मां खंधो देवी में आयोजित मकर संक्राति मेले में उमड़ा आस्था का सैलाब



**गोविन्दगढ़ ब्यूरो।** मकर संक्रांति के पावन अवसर पर जिला पंचायत रीवा की वन स्थायी समिति की देखरेख में ग्राम वन समिति बांसा द्वारा माँ खन्धो देवी धाम में आयोजित मेला सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। आयोजकों ने संवाददाता को बताया कि मेले में सुरक्षा और सुविधाओं की चाक-चौबंद व्यवस्था की गई थी, जिसकी श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों ने जमकर प्रशंसा की। इस सफल आयोजन पर जिला पंचायत रीवा की वन स्थायी समिति की सभापति निर्मला संजीव द्विवेदी ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर आभार व्यक्त किया है। उन्होंने मेले के सफल संचालन के लिए जिला प्रशासन, पुलिस बल, स्वास्थ्य विभाग, ग्राम वन समिति के सदस्यों और क्षेत्र की जनता का धन्यवाद ज्ञापित किया । मेले में की गई चाक-चौबंद व्यवस्थाओं और सुरक्षा प्रबंधों को देखकर दूर-दराज से आए श्रद्धालुओं ने समिति के कार्यों की भूरी-भूरी प्रशंसा की। लोगों के सकारात्मक फीडबैक ने आयोजन समिति का उत्साह बढ़ाया है। सभापति निर्मला संजीव द्विवेदी ने कहा कि माँ खन्धो देवी धाम की महिमा अपार है। उन्होंने संकल्प व्यक्त किया कि आने वाले वर्षों में इस मेले को और भी भव्य और दिव्य स्वरूप दिया जाएगा। उन्होंने संकेत दिया कि धाम परिसर में बुनियादी सुविधाओं के विस्तार और सौंदर्यीकरण पर विशेष ध्यान दिया जाएगा ताकि इसे एक प्रमुख धार्मिक पर्यटन केंद्र के रूप में स्थापित किया जा सके। उन्होंने पुनः ग्राम वन समिति बांसा के सदस्यों और स्थानीय प्रशासन को उनके अथक परिश्रम के लिए धन्यवाद दिया, जिनकी वजह से इस वर्ष का आयोजन निर्विघ्न और व्यवस्थित रहा। श्रीमती द्विवेदी के इस विजन से क्षेत्रीय नागरिकों में हर्ष व्याप्त है और उन्हें उम्मीद है कि आगामी समय में माँ खन्धो देवी धाम का मेला जिले की एक नई पहचान बनेगा।

# खाद, बिजली, ऐरा प्रथा, पानी से जूझ रहे देवतालाब के किसान : ई दीपक सिंह

## देवतालाब के गौरी खुटहा में चलाया गया आम आदमी पार्टी का मध्यप्रदेश जोड़ो अभियान




**आंचलिक डेस्क।** मऊगंज के देवतालाब विधानसभा के खुटहा गौरी में आम आदमी पार्टी का मध्यप्रदेश जोड़ो अभियान कार्यक्रम और विशाल जनसभा का आयोजन रीवा विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी इंजीनियर दीपक सिंह के नेतृत्व में गुरुवार को संपन्न हुआ, जिसमें सैकड़ों की संख्या में लोगों ने पार्टी सदस्यता ग्रहण की। पार्टी के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी ई दीपक सिंह ने अपने उद्बोधन में बताया कि बाबा साहब के बनाए संविधान को बचाने की जरूरत है, एसआईआर के माध्यम से कई लोगों के नाम काटे और जोड़े जा रहे है, इस सब लोगो की ध्यान देने की जरूरत है। ई दीपक ने बताया कि यहां के किसान परेशान है, खादी मिल नहीं रही, वही ऐरा प्रथा से किसानों की खेती चौपट हो रही है,धान बिक्री केंद्रों में फैली अव्यवस्था से धान बिक्री को लेकर परेशान हो रहे है, इस कड़ाके की ठंड समिति द्वारा कोई व्यवस्था नहीं है और लंबी कतार से किसान परेशान हो रहे है, वहीखेतों में आवारा पशुओं की वजह से भी कई किसान परेशान है, बिजली में लगातार कट होने की वजह से भी आमजन को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। युवा नशे की चपेट में है और मोहन सरकार सो रही है, मध्यप्रदेश जोड़ो अभियान कार्यक्रम में सैकड़ों लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की, कार्यक्रम के आयोजक रोहित पटेल रहे। मंच का संचालन श्रीनिवास पटेल ने किया, कार्यक्रम में प्रमुख रूप से राजेंद्र बहादुर, रामनारायण पटेल, पारसनाथ, रामनरेश, रामशिरोमणि, गोपाल जी, सालिकराम, संतोष कुमार कोरी, रामसुमन पटेल, रामवती पटेल,भोलाभारती गोस्वामी, अनूप यादव,रामनरेश सोनी, एडवोकेट विश्वकर्मा, तेज़बली पटेल सहित अन्य सैकड़ों लोग सम्मिलित रहे।

# स्मृति शिक्षा समिति गंगतीरा कला ने वृद्धजनों को किया सम्मानित



**सोहागी, नि.प्र.।** त्योंथर तहसील के स्मृति शिक्षा समिति गंगतीराकला के द्वारा ग्राम पंचायत गंगतीराकला में वृद्धजन सम्मान समारोह का भव्य और गरिमामय आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज के वरिष्ठ नागरिकों के प्रति सम्मान, कृतज्ञता और उनके योगदान को सार्वजनिक रूप से स्वीकार करना रहा। समारोह में ग्राम पंचायत गंगतीराकला के बुजुर्ग महिला एवं पुरुषों के साथ-साथ क्षेत्र के समाजसेवी और पत्रकार बंधुओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम स्थल पर सुबह से ही लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी और हजारों की संख्या में लोगों की उपस्थिति ने आयोजन को ऐतिहासिक स्वरूप प्रदान किया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में जनपद पंचायत के सीईओ प्रवीण विशेष रूप से मौजूद रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि बुजुर्ग समाज की अमूल्य धरोहर होते हैं। उनके अनुभव, त्याग और मार्गदर्शन से ही समाज की नींव मजबूत होती है। ऐसे आयोजनों से सामाजिक समरसता बढ़ती है और युवा पीढ़ी को संस्कारों की सीख मिलती है।

**वितरित किए गर्म कपड़े :** कार्यक्रम की इस सराहनीय पहल पर स्मृति शिक्षा समिति के संरक्षक एवं ग्राम पंचायत गंगतीराकला के सरपंच लालमणि बुद्धसेन पयासी ने सम्मानित अतिथियों और बुजुर्गों को उपहार स्वरूप ठंड से बचाव के लिए शाल, गर्म कपड़े तथा दैनिक दिनचर्या में उपयोग आने वाली आवश्यक सामग्री की किट प्रदान कर सम्मानित किया। इस मानवीय और संवेदनशील पहल की उपस्थित जनसमूह ने खुले दिल से प्रशंसा की। सरपंच ने कहा कि बुजुर्गों का सम्मान करना हमारी सामाजिक और नैतिक जिम्मेदारी है और समिति आगे भी ऐसे जनहितकारी कार्यक्रम आयोजित करती रहेगी।

### ये रहे मौजूद

समारोह में सांसद प्रतिनिधि सुशीलचंद्र शुक्ला, वरिष्ठ समाजसेवी श्यामबिहारी तिवारी, पार्षद विनोद शुक्ला, बीईओ नागेश्वर शर्मा, गंगा द्विवेदी, बीएन शर्मा प्रणेश ओझा, आदित्य मिश्रा, ग्राम पंचायत सचिव कृपाशंकर शुक्ला, राजकुमार पयासी, अनीश, अंकित, सत्यम पयासी, रमाकांत तिवारी, रतीभान सोनकर, नंदकिशोर, शिवलाल , शिवकरण, संजय, यज्ञनारायण सहित अन्य गणमान्य नागरिक भी मौजूद रहे।

# निजी भूमि पर बिना अधिग्रहण सड़क निर्माण पर हाईकोर्ट सख्त

## मुआवजा दिए बिना निर्माण अवैध, राज्य की अपील आंशिक रूप से मंजूर

**नईगढ़ी, नि.प्र.।** निजी भूमि पर बिना अधिग्रहण प्रक्रिया अपनाए सड़क निर्माण के मामले में मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने कड़ा रुख अपनाया है। मऊगंज जिले की ग्राम पंचायत कुलबहेरिया निवासी भास्कर दत्त द्विवेदी की याचिका पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने स्पष्ट किया कि सरकार या उसका कोई भी विभाग कानून का पालन किए बिना किसी की निजी भूमि पर सार्वजनिक निर्माण नहीं कर सकता। न्यायमूर्ति विवेक रूसिया एवं न्यायमूर्ति प्रदीप मित्तल की खंडपीठ ने रिट अपील क्रमांक 1312/2024 में यह आदेश पारित किया। याचिकाकर्ता ने आरोप लगाया था कि उनकी निजी कृषि भूमि पर लोक निर्माण विभाग द्वारा बिना सहमति, बिना मुआवजा और भूमि अधिग्रहण अधिनियम, 2013 के तहत निर्धारित प्रक्रिया अपनाए बिना सड़क निर्माण किया जा रहा है, जो संविधान के अनुच्छेद 300-ए के तहत प्रदत्त संपत्ति के अधिकार का उल्लंघन है। अदालत ने कहा कि राज्य सरकार, स्थानीय निकाय या कोई भी शासकीय संस्था सार्वजनिक प्रयोजनों के लिए निजी भूमि का उपयोग तभी कर सकती है, जब विधिवत अधिग्रहण कर मुआवजा अथवा क्रय मूल्य का भुगतान किया जाए। न्यायालय ने यह भी पाया कि सड़क निर्माण को उचित ठहराने के लिए राज्य शासन की ओर से न तो कोई सर्वे रिपोर्ट, न टेंडर प्रक्रिया और न ही वर्क ऑर्डर प्रस्तुत किया गया। हालांकि, खंडपीठ ने यह भी माना कि एकलपीठ द्वारा सभी पक्षकारों को नोटिस दिए बिना और केवल मौखिक निर्देशों के आधार पर अंतिम आदेश पारित करना विधिसम्मत नहीं था। इसी आधार पर एकलपीठ के आदेश को आंशिक रूप से निरस्त करते हुए राज्य शासन की रिट अपील को आंशिक रूप से स्वीकार किया गया। हाईकोर्ट ने निर्देश दिया कि जब तक भास्कर दत्त द्विवेदी की भूमि विधिवत अधिग्रहित नहीं की जाती या मुआवजा/क्रय मूल्य का भुगतान नहीं होता, तब तक उक्त भूमि पर सड़क निर्माण नहीं किया जा सकता। साथ ही, याचिकाकर्ता को न्यायालय की शरण लेने के लिए विवश करने पर संबंधितअधिकारियों एवं ठेकेदार से संयुक्त रूप से रु25,000 की लागत वसूल करने के भी निर्देश दिए गए।

# अमन मोखाड़े का शतक, कर्नाटक को पहली बार हराकर विदर्भ विजय हजारे ट्रॉफी के फाइनल में

## विदर्भ ने कर्नाटक को 280 पर ढेर किया और जरूरी रन चार विकेट खोकर लक्ष्य हासिल किया



जेएनएन, बेंगलुरु

अमन मोखाडे (122 गेंद पर 131 रन) के इस सत्र में पांचवें शतक की बदौलत विदर्भ ने गुरुवार को गत चैंपियन कर्नाटक को छह विकेट से हराकर विजय हजारे ट्रॉफी के फाइनल में जगह बनाई। मोखाडे के शतक और आर समर्थ (नाबाद 76 रन) के अर्धशतक से विदर्भ ने चार विकेट पर 284 रन बनाकर जीत दर्ज की। कर्नाटक की पूरी टीम 280 रन पर ऑलआउट हो गई थी, जिसमें उसके लिए करुण नायर (76) और केएल श्रीजीत (54) ने अर्धशतक जड़े। विदर्भ के तेज गेंदबाज दर्शन नालकंडे (48 रन देकर पांच विकेट) ने कर्नाटक को समेटने में मदद की। अब रविवार को खिताब के लिए विदर्भ का सामना पंजाब और सौराष्ट्र के बीच दूसरे सेमीफाइनल के विजेता से होगा। विदर्भ ने देश की 50 ओवर की घरेलू प्रतियोगिता में कर्नाटक को कभी नहीं हराया था। सलामी जोड़ीदार अथर्व तायडे के जल्दी आउट होने के बाद मोखाडे ने मुश्किल हालात और मांसपेशियों में खिंचाव के बावजूद 101 गेंद में शतक जड़ दिया।

उन्होंने ध्रुव शोरे (47) के साथ दूसरे विकेट के लिए 99 रन की साझेदारी निभाई और फिर समर्थ के साथ तीसरे विकेट के लिए 147 रन जोड़े। 20वें ओवर के बाद तेज गेंदबाज वैशाख विजयकुमार को सिर में चोट लगने के कारण मैदान से बाहर जाना पड़ा, जिससे बीच के ओवरों में कर्नाटक की गेंदबाजी प्रभावित हुई। वैशाख के हेलमेट पर कर्नाटक की पारी के आखिरी ओवर में तेज गेंदबाज यश ठाकुर की गेंद लगी थी, जिसके बाद मनवंत कुमार 'कनकशन सब्स्टीट्यूट' के तौर पर आए। मोखाडे ने तेज गेंदबाज विद्याधर पाटिल की गेंद पर चौका लगाकर अपना शतक पूरा किया और पूरे जोश के साथ जश्न मनाया। 24 साल के दाएं हाथ के बल्लेबाज ने पाटिल की गेंद शॉट खेला और सर्कल के अंदर पडिक्कल के हाथों कैच आउट हो गए।

**प्लेयर ऑफ द मैच अमन**

| | |
|---|---|
| 138 | रन |
| 122 | गेंद |
| 22 | चौके |
| 02 | छक्के |

### कर्नाटक की धीमी शुरुआत रही

कर्नाटक की पारी धीमी गति से शुरू हुई। पहले 10 ओवर में सिर्फ 33 रन बने। टीम ने अपने दोनों सलामी बल्लेबाज मयंक अग्रवाल और देवदत्त पडिक्कल को भी खो दिया। फिर करुण और ध्रुव प्रभाकर ने तीसरे विकेट के लिए 54 रन जोड़े। प्रभाकर अच्छी लय में दिख रहे थे, लेकिन नालकंडे की एक शॉर्ट-पिच गेंद पर पुल शॉट खेला और स्क्वायर लेग पर लपके गए। करुण और केएल श्रीजीत ने चौथे विकेट के लिए 113 रन की भागीदारी निभाई। करुण अपनी टाइमिंग के लिए संघर्ष कर रहे थे। 34 साल के खिलाड़ी ने 73 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया। श्रीजीत ने 54 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। विदर्भ को सही समय पर ब्रेक मिला, जब नालकंडे ने करुण को आउट किया और छह रन बाद श्रीजीत भी आउट हो गए जिससे कर्नाटक का स्कोर पांच विकेट पर 193 रन हो गया। कर्नाटक के लिए श्रेयस गोपाल (36) और अभिनव मनोहर (26) ने योगदान दिया, जिन्होंने छठे विकेट के लिए 55 रन जोड़े। लेकिन घरेलू टीम ने तेजी से कई विकेट गंवा दिए जिससे उनकी लय बिगड़ गई।

### पंजाब बनाम सौराष्ट्र: रोमांचक मुकाबले की उम्मीद


आखिरी ग्रुप मैच में मुंबई की मजबूत टीम पर एक रन की रोमांचक जीत हासिल करने के बाद पंजाब शुक्रवार को सौराष्ट्र के खिलाफ विजय हजारे ट्रॉफी के दूसरे सेमीफाइनल में बढ़े हुए आत्मविश्वास के साथ उतरेगा। उस रोमांचक जीत ने पंजाब को जिस तरह का आत्मविश्वास दिया, वह क्वार्टर फाइनल में टीम की मध्य प्रदेश के खिलाफ एकतरफा जीत में दिखा। अब एक युवा और प्रतिबद्ध सौराष्ट्र की टीम उसके रास्ते में खड़ी है। करिश्माई भारतीय सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा के खेलने की संभावना कम है।

**हेनिल के पांच विकेट, टीम इंडिया ने टूर्नामेंट में अपना पहला मैच छह विकेट से जीता**

# अंडर-19 विश्व कप: अमेरिका को हराकर भारत ने किया विजयी आगाज

जेएनएन, बुलावायो (जिम्बाब्वे)

भारत ने गुरुवार को बारिश से प्रभावित आईसीसी अंडर-19 विश्व कप के अपने पहले मैच में अमेरिका को डकवर्थ लुइस पद्धति से छह विकेट से हरा दिया। दाएं हाथ के तेज गेंदबाज हेनिल पटेल ने सात ओवर में एक मेडन के साथ 16 रन देकर पांच विकेट झटके। भारत ने बादलों भरे मौसम में पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया और फिर हेनिल की शानदार गेंदबाजी से मध्यक्रम को तहस-नहस करते हुए अमेरिका को 35.2 ओवर में महज 107 रन पर ढेर कर दिया। बारिश की बाधा के बाद लक्ष्य 37 ओवर में 96 रन कर दिया गया। जब बारिश आई तब भारतीय टीम ने चार ओवर में एक विकेट पर 21 रन बना लिए थे।



प्लेयर ऑफ द मैच
हेनिल पटेल : 5 विकेट

इसके बाद अभिज्ञान कुंडू (41 गेंद में नाबाद 42 रन) ने 118 गेंद रहते टीम को डकवर्थ लुइस पद्धति से जीत दिलाई। बारिश के कारण खेल देर से शुरू हुआ। 14 साल के बल्लेबाजी वैभव सूर्यवंशी (02) सस्ते में आउट हो गए। उन्हें तीसरे ओवर में रित्विक अप्पीदी (पांच ओवर में 24 रन देकर दो विकेट) ने बोल्ड कर दिया। अप्पीदी की लेंथ गेंद पर सूर्यवंशी विकेट से आगे आए और गेंद बल्ले के अंदरूनी किनार से लगकर स्टंप्स पर जा लगी। कप्तान आयुष म्हात्रे दो चौके लगाकर आत्मविश्वास से भरे दिख रहे थे, लेकिन तभी बारिश ने एक और रुकावट डाल दी। इस समय भारत को 46 ओवर में सिर्फ 87 रन चाहिए थे। लेकिन लंबे समय तक खेल रुकने के बाद जब फिर शुरू हुआ तो डकवर्थ लुईस पद्धति के अनुसार समीकरण बदल गया। खेल शुरू होने पर भारत ने म्हात्रे (19) और वेदांत त्रिवेदी (02) के विकेट जल्दी जल्दी गंवा दिए। फिर उप-कप्तान विहान मल्होत्रा 18 रन पर आउट हो गए।

वैभव अंडर 19 विश्व कप खेलने वाले दुनिया के सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बन गए। वैभव ने ये कमाल 14 साल 294 दिन की उम्र में किया। उन्होंने कनाडा के खिलाड़ी नितीश कुमार को पीछे छोड़ दिया, जिन्होंने ये कमाल 15 साल 245 दिन की उम्र में किया था।

### स्कोर बोर्ड

**अमेरिका: 107/10 (35.2 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| गिल का. मल्होत्रा बो. हेनिल | 1 | 7 | 0 | 0 |
| गर्ग का. पटेल बो. देवेंद्रन | 16 | 28 | 1 | 0 |
| महेश का. अमब्रिश बो. हेनिल | 16 | 29 | 2 | 0 |
| उत्कर्ष श्रीवास्तव बो. हेनिल | 0 | 5 | 0 | 0 |
| झांब का. कुंडु बो. अमब्रिश | 18 | 41 | 1 | 0 |
| अरेपल्ली का. मल्होत्रा बो. खिलन | 3 | 13 | 0 | 0 |
| सुदिनी का. खिलन बो. वैभव | 36 | 52 | 4 | 0 |
| अदित कप्पा रनआउट | 5 | 19 | 0 | 0 |
| सबरीश का. कनिष्क बो. हेनिल | 7 | 17 | 0 | 0 |
| रिषभ शिम्पी बो. हेनिल पटेल | 0 | 1 | 0 | 0 |
| ऋत्विक अप्पीदी नाबाद | 0 | 0 | 0 | 0 |

**अतिरिक्त:** 5, **कुल:** 35.2 ओवर में 107 रन पर सभी आउट, **विकेट पतन:** 1-1, 2-29, 3-34, 4-35, 5-39, 6-69, 7-80, 8-105, 9-105, 10-107, **गेंदबाजी:** दीपेश देवेंद्रन 6-1-19-1, हेनिल पटेल 7-1-16-5, अमब्रिश 6-0-14-1, खिलन पटेल 8-1-27-1, कनिष्क चौहान 8-1-25-0, वैभव सूर्यवंशी 0.2-0-2-1.

**भारत: 99/4 (17.2 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| म्हात्रे का. गिल बो. शिम्पी | 19 | 19 | 4 | 0 |
| वैभव सूर्यवंशी बो. अप्पीदी | 2 | 4 | 0 | 0 |
| त्रिवेदी का. गिल बो. अप्पीदी | 2 | 10 | 0 | 0 |
| मल्होत्रा का. गर्ग बो. उत्कर्ष | 18 | 17 | 2 | 0 |
| अभिज्ञान कुंडू नाबाद | 42 | 41 | 5 | 1 |
| कनिष्क चौहान नाबाद | 10 | 14 | 0 | 0 |

**अतिरिक्त:** 6, **कुल:** 17.2 ओवर में चार विकेट पर 99 रन, **विकेट पतन:** 1-12, 2-21, 3-25, 4-70, **गेंदबाजी:** अप्पीदी 5-1-24-2, शिम्पी 4-0-29-1, प्रसाद 2-0-14-0, उत्कर्ष 4-0-17-1, कप्पा 2.2-0-13-0.

## देश-विदेश की खबरे

**28वें कॉमनवेल्थ स्पीकर्स सम्मेलन का प्रधानमंत्री ने किया शुभारंभ**

# भारत तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था, 25 करोड़ भारतीय गरीबी से निकले: मोदी

**नई दिल्ली, जेएनएन।** पीएम नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को संसद परिसर में 28वें कॉमनवेल्थ स्पीकर्स और प्रेसाइडिंग ऑफिसर्स कॉन्फ्रेंस (सीएसपीओसी) का उद्घाटन किया। पीएम मोदी ने कहा कि आज भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है। पिछले कुछ सालों में 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकले हैं। भारत में यूपीआई दुनिया का सबसे बड़ा डिजिटल पेमेंट सिस्टम है। भारत दुनिया का सबसे बड़ा वैक्सीन प्रोड्यूसर है। दुनिया का तीसरा बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम है। दुनिया का चौथा सबसे बड़ा रेल नेटवर्क है। दुनिया का तीसरा बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम है। सम्मेलन की अध्यक्षता लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला संभाल रहे हैं। इसमें कॉमनवेल्थ के 42 देशों से 61 स्पीकर्स और प्रेसाइडिंग ऑफिसर्स शामिल हो रहे हैं। सम्मेलन 14 से 16 जनवरी यानी तीन दिनों तक चलेगा।

### महिलाओं का प्रतिनिधित्व



भारतीय लोकतंत्र का एक और मजबूत स्तंभ महिलाओं का प्रतिनिधित्व है। हमारे देश की प्रथम नागरिक राष्ट्रपति महिला हैं। दिल्ली की मुख्यमंत्री भी महिला हैं। ग्रामीण और स्थानीय निकायों में भारत में लगभग 15 लाख महिला निर्वाचित प्रतिनिधि हैं। ये लगभग 50 प्रतिशत नेतृत्व का प्रतिनिधित्व करती हैं, जो वैश्विक स्तर पर अभूतपूर्व है।

### अंतिम व्यक्ति तक लाभ लोकतंत्र की पहचान

भारत में लोकतंत्र की पहचान है कि वह आखिरी व्यक्ति तक फायदे पहुंचे। हम लोक कल्याण की भावना से हर व्यक्ति के लिए बिना किसी भेदभाव से काम कर रहे हैं। जब भारत आजाद हुआ तब उस दौर में आशंका व्यक्त की गई थी कि इतनी विविधता में भारत में लोकतंत्र टिक नहीं पाएगा लेकिन भारत ने विविधता को अपने लोकतंत्र की ताकत में बदल दिया है।

# न्यूजीलैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज से बाहर हुए चोटिल वॉशिंगटन सुंदर

## पांच मैचों की सीरीज का पहला टी-20 मुकाबला विदर्भ में 21 जनवरी को

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारतीय ऑलराउंडर वॉशिंगटन सुंदर न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाली पांच मैचों की टी-20 सीरीज में नहीं खेल पाएंगे। वडोदरा में न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले वनडे के दौरान वे साइड स्ट्रेन का शिकार हो गए थे और अभी तक इस चोट से पूरी तरह उबर नहीं पाए हैं। 21 से 31 जनवरी तक चलने वाली यह सीरीज भारतीय टीम के लिए अहम मानी जा रही है, क्योंकि इसके तुरंत बाद सात फरवरी से टी-20 विश्व कप शुरू होना है। बीसीसीआई ने वॉशिंगटन की चोट को बाईं निचली पसली में अचानक हुई तकलीफ बताया है, हालांकि अभी यह साफ नहीं है कि वे विश्व कप तक पूरी तरह फिट हो पाएंगे या नहीं। भारत को टी-20 विश्व कप के उद्घाटन मैच में मुंबई में यूएसए से भिड़ना है। वनडे सीरीज के लिए चयनकर्ताओं ने वॉशिंगटन की जगह दिल्ली के ऑलराउंडर आयुष बदोनी को टीम में शामिल किया था, लेकिन टी-20 स्क्वॉड में उनकी एंट्री होगी या नहीं, इस पर



अभी कोई पुष्टि नहीं है। न्यूजीलैंड के विरुद्ध टी-20 सीरीज में वॉशिंगटन की अनुपस्थिति को लेकर भारतीय खेमे में ज्यादा चिंता नहीं है। अगले हफ्ते कई ऑलराउंडर टीम से जुड़ने वाले हैं, जिनमें हार्दिक पंड्या, अभिषेक शर्मा और शिवम दुबे शामिल हैं। इसके अलावा अक्षर पटेल की भी वापसी हो रही है, जो न्यूजीलैंड सीरीज और टी-20 विश्व कप दोनों में उपकप्तान की भूमिका निभाएंगे। हालांकि टीम को एक और झटका लगा है। वॉशिंगटन के अलावा तिलक वर्मा भी ग्रोइन इंजरी की सर्जरी के बाद शुरुआती तीन टी-20 मैचों के लिए उपलब्ध नहीं होंगे।

**भारतीय टीम:** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), तिलक वर्मा (पहले तीन मैचों के लिए उपलब्ध नहीं), हार्दिक पंड्या, शिवम दुबे, अक्षर पटेल (उपकप्तान), रिंकू सिंह, जसप्रीत बुमराह, हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव, वरुण चक्रवर्ती, वॉशिंगटन सुंदर, इशान किशन (विकेटकीपर)।

# इंडिया ओपन: लक्ष्य क्वार्टर फाइनल में सात्विक-चिराग, श्रीकांत, प्रणय बाहर

**नई दिल्ली, जेएनएन।** पूर्व चैंपियन लक्ष्य सेन ने गुरुवार को 950,000 डॉलर राशि के इंडिया ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई, जबकि किदांबी श्रीकांत और एचएस प्रणय चुनौतीपूर्ण प्रदर्शन के बाद बाहर हो गए। प्रबल दावेदारों में शुमार सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की शीर्ष पुरुष युगल जोड़ी भी दूसरे दौर में जापान के हिरोकी मिडोरिकावा और क्योहेई यामाशिता से 27-25, 21-23, 19-21 से हार के बाद बाहर हो गई। इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में 2021 विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता सेन ने दूसरे दौर में जापान के कंटा निशिमोटो को 21-19, 21-11 से हराया और एकल वर्ग में एकमात्र भारतीय चुनौती के रूप में उभरे। अल्मोड़ा के 24 वर्षीय खिलाड़ी का सामना अब चीनी ताइपे के लिन चुन-यी से होगा, जिन्होंने आयरलैंड के न्हाट गुयेन को 21-16, 21-17 से हराया। इससे पहले श्रीकांत ने कड़ी टक्कर दी, लेकिन फ्रांस के क्रिस्टो पोपोव से 21-14, 17-21, 21-17 से हार गए। प्रणय भी अपने प्रतिद्वंद्वी को कड़ी टक्कर देने के बाद सिंगापुर के आठवें वरीय लोह कीन यू से 18-21,



21-19, 21-14 से हार गए। मालविका बंसोड़ भी महिला एकल मैच में चीन की पांचवीं वरीय हान यू से 18-21, 15-21 से हार गईं।

# ब्राह्मणों को चोखा-बाटी नहीं, सम्मान चाहिए, बोली बसपा प्रमुख मायावती

**लखनऊ, जेएनएन।** बसपा प्रमुख मायावती की प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान अफरा-तफरी के हालत बन गए। दरअसल, लखनऊ के पार्टी दफ्तर में मीडिया से बात करते वक्त हॉल की छत पर लगी लाइट में शॉर्ट सर्किट हो गया। चिनगारी निकलने लगी। देखते ही देखते हॉल में धुआं भर गया। कॉन्फ्रेंस हॉल में मौजूद पार्टी कार्यकर्ताओं में हड़कंप मच गया। तुरंत



ही सुरक्षाकर्मी हरकत में आए और अग्निशमन यंत्रों का इस्तेमाल कर हालात पर काबू पाया। तुरंत बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस खत्म कर दी गई। मायावती बिना केक काटे और मीडिया के सवाल लिए बिना ही रवाना हो गईं। इससे पहले बसपा सुप्रीमो ने भाजपा के ब्राह्मण विधायकों की बैठक पर बड़ा बयान दिया। कहा- ब्राह्मण समाज को किसी का बाटी चोखा नहीं चाहिए।

# इंग्लैंड के स्पिनरों आदिल राशिद और अहमद को नहीं मिला भारत का वीजा

**लंदन, जेएनएन।** इंग्लैंड की टी-20 विश्व कप की तैयारियों में रुकावट आई है, क्योंकि भारत सरकार ने अब तक स्पिनरों आदिल राशिद और रेहान अहमद को वीजा जारी नहीं किया है। एक खबर में यह दावा किया गया है।

द गार्जियन की खबर के अनुसार इस देरी का मतलब है कि पाकिस्तानी मूल के ये दोनों खिलाड़ी छह सीमित ओवरों (तीन वनडे और तीन टी-20 अंतरराष्ट्रीय) के मैच के लिए इस सप्ताहांत बाकी टीम के साथ श्रीलंका की यात्रा नहीं कर पाएंगे। यह भी साफ नहीं है कि वे अपने साथियों के साथ कब जुड़ेंगे। राशिद अभी एसए20 में खेल रहे हैं, जबकि अहमद बिग बैश लीग के लिए ऑस्ट्रेलिया में हैं और उम्मीद है कि एक बार वीजा मिलने के बाद वे टीम से जुड़ेंगे।

इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) को आश्वासन दिया गया है कि उनके आवेदनों पर कोई आपत्ति नहीं है और उसने प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए ब्रिटेन की सरकार से मदद मांगी है। राशिद और अहमद के अभी उपलब्ध नहीं होने के कारण लियाम डॉसन टीम के एकमात्र विशेषज्ञ स्पिनर हैं। जिसका मतलब है कि विल जैक्स और जैकब बेथेल को पूर्व नियोजित योजना से अधिक गेंदबाजी करनी पड़ सकती है।

### अफगान प्लेयर्स हर साल सिर्फ तीन टी-20 लीग खेल सकेंगे

**काबुल, जेएनएन।** अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड (एसीबी) ने एक नई नीति को मंजूरी दी है, जिसके तहत उसके खिलाड़ी बोर्ड की नई पांच टीमों वाली फ्रेंचाइजी आधारित टी-20 लीग में खेलने के साथ-साथ केवल तीन अंतरराष्ट्रीय लीगों में ही हिस्सा ले सकेंगे। यह नई टी-20 लीग अक्टूबर 2026 के आसपास यूएई में शुरू होगी। यह फैसला काबुल में हुई बोर्ड की वार्षिक आम बैठक में लिए गए प्रमुख नीतिगत निर्णयों में शामिल था। एसीबी के बयान में कहा गया, खिलाड़ियों की फिटनेस और मानसिक भलाई की सुरक्षा के लिए बोर्ड ने विदेशी लीगों को लेकर एक नई नीति को मंजूरी दी है। अब खिलाड़ियों को अफगानिस्तान प्रीमियर लीग (एपीएल) के अलावा साल में केवल तीन अन्य अंतरराष्ट्रीय लीगों में खेलने की अनुमति होगी।

# हरलीन ने दिलाई वॉरियर्स को पहली जीत, मुंबई की दूसरी हार

**नवी मुंबई, जेएनएन।** यूपी वॉरियर्स ने हरलीन देओल (नाबाद 64 रन) के नाबाद अर्धशतक की मदद से गुरुवार को डब्ल्यूपीएलमें गत चैंपियन मुंबई इंडियंस को 11 गेंद रहते सात विकेट से हराकर इस सत्र में अपनी पहली जीत दर्ज की। नेटली सिवर ब्रंट (65 रन, दो विकेट) ने अपने चिर परिचित अंदाज में खेलते हुए तेज अर्धशतक जड़ा, जिसकी मदद से मुंबई इंडियंस ने 20 ओवर में पांच विकेट पर 161 रन बनाए। हरलीन बुधवार को अच्छी बल्लेबाजी के बावजूद रिटायर्ड आउट हो गई थीं, उन्होंने 39 गेंद की पारी में 12 चौके जड़े और क्लो ट्रायोन (नाबाद 27 रन) के साथ मिलकर टीम को 18.1 ओवर में तीन विकेट पर 162 रन तक पहुंचाया, जिससे यूपी की टीम लगातार तीन हार के बाद चौथे मैच में पहली जीत दर्ज करने में कामयाब रही। वहीं मुंबई इंडियंस की चार मैच में यह दूसरी हार थी। यूपी वॉरियर्स के लिए शीर्ष क्रम में परेशानी जारी रही, जिसमें कप्तान मेग लैनिंग (25 रन) और किरण नवगिरे (10 रन) तेज शुरूआत नहीं करा सकीं। इससे सात ओवर में यूपी वॉरियर्स का स्कोर दो विकेट पर 50 रन था।

### अफगानिस्तान : तालिबान सरकार ढहने का खतरा

**काबुल, जेएनएन।** अफगानिस्तान में तालिबान के भीतर हालात ठीक नहीं हैं। हालात इतने बिगड़ चुके हैं कि सरकार ढहने का खतरा मंडरा रहा है। संगठन के अंदर सत्ता को लेकर खींचतान अब खुलकर सामने आने लगी है। रिपोर्ट के मुताबिक हाल ही में एक वायरल ऑडियो क्लिप से इसका खुलासा हुआ। हालांकि इसकी फिक्स डेट सामने नहीं आई। एक धड़े का नेतृत्व तालिबान के सुप्रीम लीडर हिबतुल्लाह अखुंदजादा कर रहे हैं, जबकि दूसरा धड़ा गृह मंत्री सिराजुद्दीन हक्कानी का है। दोनों गुटों की सोच और सत्ता के इस्तेमाल को लेकर मतभेद अब संगठन की एकता पर सवाल खड़े कर रहे हैं। गौरतलब है कि तालिबान ने अगस्त 2021 में अमेरिकी सेना की वापसी के बाद राजधानी काबुल पर कब्जा कर लिया था। तब से सत्ता पर पूरी पकड़ के दावों के बीच, अब सामने आ रहे संकेत बताते हैं कि तालिबान के भीतर की दरारें गहरी होती जा रही हैं।

**ट्रंप की विस्तार नीति को झटका: रिपब्लिकन समर्थक भी बंटे, डेमोक्रेट्स भारी विरोध में**

# सीएनएन पोल: ग्रीनलैंड पर कब्जे के अमेरिकी प्रयास के खिलाफ 75% जनता

**वॉशिंगटन, जेएनएन।** अमेरिका द्वारा ग्रीनलैंड पर नियंत्रण हासिल करने की कोशिश को लेकर अमेरिकी जनता में भारी विरोध सामने आया है। सीएनएन के नए सर्वे के मुताबिक 75 फीसदी अमेरिकियों ने अमेरिका के ग्रीनलैंड पर कब्जा करने या नियंत्रण लेने के प्रयास का विरोध किया है। वहीं केवल 25 फीसदी लोग इसके पक्ष में हैं। यह सर्वे संकेत देता है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा अमेरिका के क्षेत्रीय विस्तार की कोशिशों को जनता का व्यापक समर्थन नहीं मिल रहा। सर्वे के अनुसार, ट्रंप समर्थक रिपब्लिकन खेमे में भी इस मुद्दे पर स्पष्ट एकजुटता नहीं है। रिपब्लिकन और रिपब्लिकन समर्थक निर्दलीय मतदाताओं में 50 फीसदी इसके पक्ष में जबकि 50 फीसदी विरोध में हैं। दूसरी ओर डेमोक्रेट और डेमोक्रेट समर्थक निर्दलीय मतदाता भारी बहुमत से इसके खिलाफ हैं। डेमोक्रेट पक्ष के 94 फीसदी लोग इस कदम का विरोध करते हैं, जिनमें से 80 फीसदी ने 'कड़ा विरोध' दर्ज कराया। वहीं ऐसे निर्दलीय मतदाता, जो किसी पार्टी की ओर झुकाव नहीं रखते, उनमें भी 10 में से करीब 8 लोग विरोध में हैं।



**वेनेजुएला में सैन्य कार्रवाई पर भी अमेरिका बंटा**

सर्वे में वेनेजुएला को लेकर अमेरिकी सैन्य कार्रवाई पर भी लोगों की राय ली गई। इस पर अमेरिका लगभग दो हिस्सों में बंटा दिखा। 52 फीसदी लोगों ने वेनेजुएला में सैन्य कार्रवाई का विरोध किया, जबकि 48 फीसदी इसके समर्थन में हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, लोगों में वेनेजुएला की राजनीतिक स्थिरता को लेकर चिंता है और यह भी आशंका जताई जा रही है कि अमेरिकी सेना वहां लंबे समय तक उलझ सकती है।

### विस्तारवादी नीति को लेकर जनता में चिंता

सीएनएन पोल के नतीजों से यह भी सामने आया है कि अमेरिकी जनता में ट्रंप की व्यापक 'विस्तारवादी' विदेश नीति को लेकर बेचैनी बढ़ रही है। सर्वे के मुताबिक करीब 60 फीसदी अमेरिकी चिंतित हैं कि ट्रंप दूसरे देशों पर अमेरिकी प्रभाव बढ़ाने की कोशिशों में हद से आगे जा रहे हैं। केवल लगभग एक-तिहाई लोगों का मानना है कि ट्रंप का यह रवैया 'ठीक' है। इतना ही नहीं, 55 फीसदी अमेरिकियों का कहना है कि ट्रंप ने अपने लक्ष्य हासिल करने के लिए अमेरिकी सेना का इस्तेमाल करने में भी जरूरत से ज्यादा कदम बढ़ाए हैं। सर्वे में यह भी दावा किया गया कि अमेरिका की वैश्विक छवि पर इन नीतियों का असर पड़ रहा है। 57 फीसदी लोगों ने कहा कि ट्रंप के फैसलों से दुनिया में अमेरिका की प्रतिष्ठा को नुकसान हुआ है। जो पिछले साल गर्मियों के आंकड़े 53 फीसदी

**रॉयटर्स/इप्सोस पोल**

### ग्रीनलैंड हासिल करने की ट्रंप की कोशिशों को महज 17% अमेरिकियों का समर्थन

**वॉशिंगटन, जेएनएन।** रॉयटर्स/इप्सोस के नए सर्वे के मुताबिक अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ग्रीनलैंड को अमेरिका में शामिल करने की कोशिशों को अमेरिका में बहुत कम समर्थन मिल रहा है। पोल के अनुसार केवल 17 फीसदी अमेरिकियों ने ट्रम्प की इस पहल को सही बताया है। वहीं 47 फीसदी लोगों ने इसका विरोध किया और 35 फीसदी ने कोई स्पष्ट राय नहीं दी। सर्वे में यह भी सामने आया कि डेनमार्क से ग्रीनलैंड छीनने के लिए सैन्य बल प्रयोग के विचार का व्यापक विरोध है। महज 4 फीसदी लोगों ने इसे 'अच्छा विचार' माना, जबकि 71 फीसदी ने कहा कि यह 'खराब विचार' होगा। पोल के मुताबिक करीब 66 फीसदी अमेरिकियों को चिंता है कि ग्रीनलैंड को लेकर अमेरिकी कोशिशें नाओ गठबंधन और यूरोपीय सहयोगियों के साथ अमेरिका के संबंधों को नुकसान पहुंचा सकती हैं। इसमें 91 फीसदी डेमोक्रेट्स और 40 रिपब्लिकन भी शामिल हैं।

## कांग्रेस का एक दिवसीय उपवास कल

**रीवा।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशन मे जिला कांग्रेस कमेटी रीवा शहर एवं ग्रामीण के संयुक्त तत्वावधान में अगामी 17 जनवरी को पुर्वान्ह 11:00 बजे सिरमौर चौराहा स्थित राजीव गांधी की प्रतिमा के समक्ष ग्रामीण क्षेत्र मे महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना के कानूनी अधिकार को समाप्त करने, पानी गुणवत्ता के आकड़ो एवं भागीरथपुरा इंदौर की घटना के विरोध मे जिला स्तरीय एक दिवसीय उपवास का आयोजन किया गया हैं।

## विवेकानंद पार्क में आज जुटेंगे किसान

**रीवा।** संयुक्त किसान मोर्चे के राष्ट्रीय आह्वान मुताबिक आज 16 जनवरी को किसान विवेकानंद पार्क में जुटेंगे। उक्त जानकारी देते हुए संयुक्त किसान मोर्चा के नेता शिव सिंह ने बताया कि 16 जनवरी को अखिल भारतीय प्रतिरोध दिवस–विजय तक निरंतर संयुक्त अखिल भारतीय संघर्ष खड़ा करने की किसान शपथ लेंगे।




# स्कूल जा रहे छात्र को ट्रक ने कुचला, मौके पर गई जान

### समान थाना क्षेत्र के जिउला मोड़ के पास हुई घटना



**जागरण, रीवा।** घर से बहन के साथ स्कूल के लिए सुबह तैयार होकर निकले मासूम को क्या पता था कि आज उसकी जिंदगी का आखरी दिन है। गुरुवार की सुबह 10 साल के मासूम छात्र को बेलगाम ट्रक ने कुचल दिया। घटना समान थाना क्षेत्र के जिउला मोड़ के पास सुबह करीब 9.30 बजे की है। हादसे के बाद अनियंत्रित ट्रक डिवाइडर से टकराते हुए ट्रांसफार्मर में जा घुसा। अचानक हुए घटनाक्रम को देख आसापास के लोग मौके पर एकत्रित हो गए और आनन फानन में सूचना पुलिस को दी गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मासूम के शव को संजय गांधी अस्पताल पहुंचाया जहां पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। अपने लाल की अकाल मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद दुर्घटनाग्रस्त ट्रक को बाहर निकलवाते हुए जब्त कर लिया है। मर्ग कायम कर पुलिस कार्रवाई में लगी हुई है। घटना के संबंध में समान थाना पुलिस से हासिल जानकारी के मुताबिक कक्षा चौथी का छात्र रुद्र त्रिपाठी 10 वर्ष अपनी बहन के साथ स्कूल जा रहा था, इसी बीच एक तेज रफ्तार ट्रक ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। अचानक हुए इस हादसे के दौरान ट्रक की चपेट में आए बच्चे मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। बताया गया रुद्र के साथ उसकी बड़ी बहन भी स्कूल जा रही थी लेकिन वह ट्रक की चपेट में आने से बाल बाल बच गई है।

**सड़क पार करते समय काल बनकर आया ट्रक :** घटना के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक शहर के रतहरा में ही रहने वाले त्रिपाठी परिवार का 10 वर्षीय पुत्र रुद्र त्रिपाठी जो कक्षा चौथी का छात्र था रोजाना की तरह अपनी बड़ी बहन के साथ घर से स्कूल जाने के लिए निकला था। बताया गया की घर से स्कूल पैदल जाते वक्त जब भाई और बहन सड़क पार कर रहे थे, तभी एक तेज रफ्तार ट्रक काल बनकर आया और रुद्र को बच्चों को कुचलते हुए बिजली के ट्रासफार्मर में घुस गया। घटना के बाद मौके पर हड़कंप की स्थिति निर्मित हो गई। पुलिस ने ट्रक को अपने कब्जे में लिया अचानक हुए हादसे के बाद परिवार सदमे में है और आसपास मातम छाया हुआ है।

## साइबर ठगों ने युवक के एकाउंट से पार कर दिए 99000

**रीवा।** मऊगंज जिले के नईगढ़ी थाना क्षेत्र में एक युवक को साइबर ठगों ने अपना शिकायत बनया। मोबाइल में मैसेज भेज कर आरोपियों ने 99 हजार रुपए ठगी की। पीड़ित द्वारा घटना की शिकायत नईगढ़ी थाने सहित पुलिस अधीक्षक कार्यालय में दर्ज कराई है।`` पीड़ित अंकित सिंह निवासी ग्राम कोरिगवां थाना नईगढ़ी ने बताया कि बीते शनिवार रात्रि तकरीबन 8 बजे उसके मोबाइल में अनजान नंबरों से अचानक 30 से 40 मैसेज आए और उसके बाद उसे फोन कॉल भी आया लेकिन उसने रिसीव नहीं किया। पीड़ित ने बताया कि कुछ ही देर में उसके मोबाइल में 99 हजार रुपए अकाउंट से ट्रांसफर होने का मैसेज आ गया जिसके बाद उसने तत्काल ऑनलाइन कॉल कर खाते को होल्ड कराया और घटना की शिकायत नईगढ़ी थाने सहित पुलिस अधीक्षक कार्यालय में की है। युवक ने बताया कि घटना के तीन दिन बीत जाने के बावजूद भी अब तक फ्रॉड करने वालों से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी उसे नहीं दी गई

## अण्डे का ठेला लगाने वाले व्यापारी से मारपीट

**रीवा।** बैकुंठपुर थाना क्षेत्र के बरौ मोड़ के समीप अंडे का ठेला लगाने वाले युवक के साथ मारपीट की घटना सामने आई है। पैसा मांगने पर आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की इसके बाद ठेला के अण्डा सड़क पर फेंक दिए। पीड़ित द्वारा घटना की शिकायत बैकुंठपुर थाने में दर्ज कराई गई है। घटना के संबंध में ठेला संचालक साहिल खान ने बताया कि वह रोजाना की तरह बैकुंठपुर कस्बा स्थित बरौ मोड़ पर अंडे का ठेला संचालित कर रहा था। देर रात्रि नेबुहा गांव निवासी युवक आए जिनसे उसने पैसा मांगा तो आरोपी उससे विवाद करने लगे। इसी बात को लेकर विवाद की स्थिति निर्मित हो गई जिसके बाद आरोपियों ने तकरीबन डेढ़ सौ से ज्यादा ट्रे में रखे हुए अंडों को सड़क पर फेंक दिया।





































जागरण पब्लिकेशन प्रा. लिमि. के लिए मुद्रक/प्रकाशक मदन मोहन गुप्ता द्वारा दैनिक जागरण प्रेस गांधी नगर उर्रहट रीवा (म.प्र.)से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादकः **मदन मोहन गुप्ता।** आर.एन.आई. नं– 1505/57, डाक पंजीयन क्र.– रीवा संभाग 04 /म.प्र. संस्थापक **स्व. गुरुदेव गुप्त**
**कार्यालयः– मोबाइल नं रीवा–** 9098357869, 9425018958 **सतना** – 9993315949 **सीधी**–7089620900 **सिंगरौली**–9424652999 E-mail: rewajagrannew2015@gmail.com